राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-178
लखनऊ, गुरुवार 15 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
आमंत्रण मूल्य ₹3
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सुरक्षा समृद्धि और खुशहाली डबल इंजन सरकार की गारंटी : योगी 03

देहरादून से चल रही देश के 13 शहरों के लिए हवाई सेवा : धामी 12

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव आयुक्त अनूप चन्द्र पांडे का कार्यकाल पूरा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के सदस्य आयुक्त अनूप चंद्र पांडे का बुधवार को कार्यकाल पूरा हो गया। इस अवसर पर आयोग की ओर से उन्हें विदाई दी गई। वे जून 2021 में आयोग में आयुक्त नियुक्त किए गए थे। तीन सदस्यीय आयोग में अब मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और आयुक्त अरुण गोयल रह जायेंगे। हाल ही में सरकार ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधित विधेयक पारित किया है। इसमें तीन सदस्यीय समिति आयुक्त का चयन करेगी। इसमें प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मंत्री और लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के नेता सदस्य होंगे आयोग ने इस अवसर पर निर्वाचन सदन के परिसर में नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष का भी उद्घाटन किया। पांडे भारत सरकार और यूपी सरकार में लगभग 37 वर्षों तक विभिन्न पदों पर रहे।

### तस्कर गिरफ्तार, 22 लाख रुपए की मार्फीन बरामद

**बाराबंकी।** सफदरगंज पुलिस ने रामपुर कटरा निवासी मार्फीन तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अन्तर्राष्ट्रीय कीमत की करीब 22 लाख रूपये की मार्फीन बरामद की है। तस्कर रामपुर का ही निवासी है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी कई तस्करी, गौवध एव गैगस्टर के मुकदमे दर्ज हैं। सफदरगंज पुलिस ने मैनुअल इन्टेलीजेन्स के आधार पर रामपुर कटरा निवासी जुबेर उर्फ अलबेली पुत्र अब्दुल सलाम को रामपुर कटरा के पास से ही गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 215 ग्राम अवैध मारफीन बरामद की । मार्फीन की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 22 लाख रूपये है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त थाना सफदरगंज का हिस्ट्रीशीटर है।

### सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित चार नेताओं को राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित किया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन नामों को संस्तुति दी है। उन्होंने बताया कि पार्टी नेता सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा भेजा जाएगा जबकि अखिलेश प्रसाद को बिहार, अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल प्रदेश तथा चंद्रकांत हंडोरे को महाराष्ट्र से उम्मीदवार बनाया गया है।

### पीडीपी को झटका, अरशद महमूद भाजपा में शामिल

**जम्मू।** पीडीपी को उस समय बड़ा झटका लगा, जब नौशेरा विधानसभा क्षेत्र से उसके वरिष्ठ नेता अरशद महमूद अपने समर्थकों के साथ पार्टी मुख्यालय, त्रिकुटा नगर, जम्मू में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना के साथ सांसद जुगल किशोर शर्मा और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी में नए लोगों का स्वागत किया। रैना ने अपने समर्थकों के साथ अरशद महमूद का स्वागत किया और कहा कि उन्होंने 2008 में पीडीपी के जनादेश पर विधायक सीट के लिए चुनाव लड़ा था। उन्होंने कहा कि महमूद ने सरपंच के रूप में अपने राजनीतिक जीवन में समर्पित रूप से लोगों की सेवा की है और समाज में उनकी अच्छी साख के लिए जाने जाते हैं। रैना ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जन कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसने गरीबों और जरूरतमंद लोगों के उत्थान के लिए जन कल्याण योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया है।

### जजों का ट्रांसफर व 13 एडिशनल जजों को नियुक्ति की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 13 फरवरी को हुई बैठक में तीन हाई कोर्ट के जजों का ट्रांसफर और दो हाई कोर्ट के 13 एडिशनल जजों को स्थायी जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के जस्टिस सुजय पॉल को तेलंगाना हाई कोर्ट, कलकत्ता हाई कोर्ट की जज जस्टिस मौसमी भट्टाचार्या को तेलंगाना और केरल हाई कोर्ट की जज जस्टिस अनु शिवरामन को कर्नाटक हाई कोर्ट ट्रांसफर करने की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के तीन एडिशनल जजों जस्टिस बोपन्ना वराहा लक्ष्मी नरसिम्हा चक्रवर्ती, जस्टिस टीएम राव और जस्टिस दुप्पला वेंकट रमना को स्थायी जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है।

---

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबूधाबी में बीएपीएस मंदिर का किया उद्घाटन, कहा

# यूएई का मंदिर दुनिया के लिए मिसाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यूएई के अबूधाबी स्थित बीएपीएस मंदिर का उद्घाटन किया। मंदिर उद्घाटन के बाद उन्होंने बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) मंदिर में पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए महंत स्वामी महाराज ने प्रधानमंत्री मोदी को माला पहनाई। इस दौरान प्रधानमंत्री ने दुनिया भर के 1,200 से अधिक बीएपीएस मंदिरों में एक साथ की गई वैश्विक आरती में भाग लिया। यहां उन्होंने मंदिर में वर्चुअल गंगा, यमुना नदी में जल चढ़ाया। मंदिर के प्रांगण में बने हॉल में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा- यूएई की धरती ने मानवीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय लिख दिया है। ये मंदिर दुनिया के लिए मिसाल, इसमें सबसे बड़ा योगदान मेरे भाई शेख जायेद का है।

उद्घाटन कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री ने मंदिर निर्माण में शामिल रहे कारीगरों और मजदूरों से मुलाकात की। यह मंदिर 27 एकड़ में फैला है और इसकी ऊंचाई 108 फीट है। इसके निर्माण में 18 लाख ईंटों का इस्तेमाल किया गया है। दुनिया भर के अन्य सभी बीएपीएस मंदिरों की तरह यह मंदिर हर किसी के लिए खुला है। पारंपरिक नागर शैली में बना यह मंदिर सार्वभौमिक मूल्यों, विभिन्न संस्कृतियों के सद्भाव की कहानियों, अवतारों और हिंदू आध्यात्मिक नेताओं का प्रतिनिधित्व करता है।





#### पीएम ने पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2019 में पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के काफिले पर आतंकवादी हमले में शहीद हुए जवानों को बुधवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनके बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा। मोदी ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''पुलवामा में शहीद हुए बहादुर जवानों को मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। देश के लिए उनकी सेवा और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमले में सीआरपीएफके 40 जवान शहीद हो गए थे। आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे एक वाहन से सीआरपीएफकी बस को टक्कर मार दी थी, जिसके बाद हुए विस्फोट में बल के 40 जवान शहीद हो गए थे।

#### दुबई के जेबेल अली में भारत मार्ट का वर्चुअल शिलान्यास

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दुबई के शासक, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने बुधवार को दुबई में जेबेल अली मुक्त व्यापार क्षेत्र में डीपी वर्ल्ड द्वारा बनाए जाने वाले भारत मार्ट की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने विश्वास जताया कि भारत मार्ट जेबेल अली पोर्ट की रणनीतिक स्थिति और लॉजिस्टिक्स में ताकत का लाभ उठाकर भारत-यूएई द्विपक्षीय व्यापार को और आगे बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत मार्ट में खाड़ी, पश्चिम एशिया, अफ्रीका और यूरेशिया में अंतरराष्ट्रीय खरीदारों तक पहुंचने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करके भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम क्षेत्रों के निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता है।

#### बड़ी भूमिका निभाने से आईईए को होगा फायदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की मंत्रिस्तरीय बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुए समावेशिता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत के इसमें बड़ी भूमिका निभाने से आईईए को फायदा होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि समावेशिता किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता को बढ़ाती है। 1.4 अरब भारतीय प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार के साथ तैयार हैं। हम प्रत्येक मिशन में पैमाना और गति, मात्रा और गुणवत्ता लाते हैं। प्रधानमंत्री ने आईईए की मंत्रिस्तरीय बैठक के सफल होने की कामना की और कहा कि हमें एक स्वच्छ, हरित और समावेशी विश्व का निर्माण करना है। जलवायु परिवर्तन के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में विश्व की 17 प्रतिशत आबादी है। हम बिजली उपलब्ध कराने की दुनिया की कुछ सबसे बड़ी पहल चला रहे हैं।

---

## बेहमई कांड में 43 साल बाद पीड़ितों को मिला इंसाफ, एक को उम्रकैद

▸ एंटी डकैती कोर्ट ने एक को साक्ष्यों के अभाव में किया बरी

समृद्धि न्यूज



**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात में 43 साल पूर्व हुए चर्चित बेहमई कांड में बुधवार को फैसला आया। इस मामले में कानपुर देहात की एंटी डकैती कोर्ट ने एक दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है जबकि एक आरोपित को साक्ष्यों के आरोप में बरी कर दिया। इस मामले में मुख्य आरोपित दस्यु सुंदरी एवं पूर्व सांसद फूलन देवी थीं।इस मामले में वादी के साथ मुख्य आरोपित फूलन देवी सहित कई आरोपितों की मौत हो चुकी है। इस घटना में कुल 34 लोगों को आरोपित बनाया गया था।

कोर्ट ने जेल में बंद दो आरोपितों में से एक, श्याम बाबू को बेहमई कांड में दोषी करार देते हुए उसे उम्रकैद की सजा सुनाई है। इस मामले के दूसरे आरोपित विश्वनाथ साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया है। कानपुर देहात के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत यमुना किनारे बसे ठाकुर बाहुल्य गांव बेहमई में 43 साल पहले 14 फरवरी 1981 को दस्यु सुंदरी फूलन देवी ने अपने गिरोह के साथ धावा बोला। डकैत फूलन ने गांव के 20 लोगों को एक लाइन में खड़ा करके गोलियों से छलनी कर दिया था। सभी मृतक क्षत्रिय थे। दहशत और खूनी खेल की इस वारदात में गांव में रहने वाले राजाराम ने मुकदमा दर्ज कराया। उन्होंने उन दिनों चंबल के बीहड़ों के सबसे बड़े डकैत गिरोह बन चुके फूलन देवी और मुस्तकीम समेत 14 को नामजद कराते हुए 36 डकैतों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मामले में पेश की गई चार्जशीट में फूलन देवी समेत 34 लोगों के नाम थे। यह मामला लचर पैरवी और कानूनी दांव-पेंच में अब तक फंसा रहा और आज 43 वर्षों के बाद फैसला आया है। घटना की मुख्य आरोपित फूलन देवी को सांसद बनने के बाद 25 जुलाई 2001 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### आज रेलवे ट्रैक जाम करेंगे किसान, दूसरे दिन भी बॉर्डर पर आंसू गैस और लाठीचार्ज

**चंडीगढ़।** किसानों ने दिल्ली कूच के घोषणा के साथ अब तक इस आंदोलन से दूर भारतीय किसान यूनियन उग्राहां (बीकेयू) ने पंजाब में गुरुवार को रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान कर दिया। हरियाणा व पंजाब के कई बॉर्डरों पर दूसरे दिन भी तनाव बना रहा। बुधवार को किसानों ने कई बार बैरिकेडिंग तोड़कर घुसने का प्रयास किया। वहीं पुलिस लाठीचार्ज कर आंसूगैस के गोले भी छोड़कर किसानों को रोके रखी है। पंजाब सीमा में हरियाणा पुलिस के ड्रोन से आंसू गैस के गोले छोड़ने पर पटियाला प्रशासन ने आपत्ति जताई।

---

## शिकायत के बाद दखिना शेखपुर में ट्री गार्ड फर्जीवाड़े की जांच शुरू

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मोहनलालगंज विकासखंड के दखिना शेखपुर गांव में 2018-2019 में मनरेगा योजना के तहत मुख्य मार्ग पर 18ट्री गार्ड लगाकर तत्कालीन प्रधान ने फर्जीवाड़ा करते हुये 100 ट्री गार्डो का लाखों का फर्जी भुगतान कर पैसा गबन कर लिया था।

मामले का पता चलने पर वैदिक आश्रम के अध्यक्ष उमां शकर त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, डीसी मनरेगा, लोकायुक्त को पत्र भेजकर जांच कर ट्री गार्ड के नाम पर फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन का गबन करने वाले पूर्व प्रधान पर कार्यवाही की मांग की। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बीडीओ आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने जांच टीम का गठन करते हुये एपीओ मनरेगा उदयराज शर्मा व जेई (आरएस) रवीन्द्र यादव को बुद्धवार को मौके पर स्थलीय जांच के लिये भेजा। टीम ने जांच की तो तत्कालीन प्रधान द्वारा किये गये फर्जीवाड़े व सरकारी पैसे के गबन की पोल खुल गयी।

### पांच वाणिज्यिक भूखंडों के आवंटन से ग्रेनो प्राधिकरण को मिलेंगे 253 करोड़

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वाणिज्यिक निवेशकों के लिए पहली पसंद बना हुआ है। एक साथ पांच वाणिज्यिक भूखंडों के रिजर्व प्राइस से अधिक दरों पर आवंटन से इस बात की पुष्टि होती है। वाणिज्यिक भूखंडों की योजना के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को पांच भूखंडों के एवज में रिजर्व प्राइस से 207 करोड़ रुपये मिलने थे, लेकिन बिड होने से लगभग 253 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इन भूखंडों पर होटल, मॉल, शोरूम, बैंकों की शाखाएं आदि बन सकेंगे।

## 43 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

▸ प्रशासनिक अधिकारी निरंतर व्यवस्थाओं का लेते रहे जायजा

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** वसंत पंचमी के पावन अवसर व माघ मेला के चतुर्थ स्नान पर्व पर सायं 6 बजे तक लगभग 42 लाख 90 हजार स्नानार्थियों व श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना एवं संगम तट तथा गंगाजी के तट पर बनाये गये विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगायी एवं पुण्य लाभ अर्जित किया।

मेला प्रशासन के मुताबिक बुधवार को सुबह 8 बजे तक 14 लाख 70 हजार, 10 बजे तक 19 लाख 50 हजार, 12 बजे तक 25 लाख 50 हजार, 2 बजे तक 31 लाख, 4 बजे तक 37 लाख 60 हजार तथा शाम 6 बजे तक 42 लाख 90 हजार लोगों ने आस्था की डुबकी लगायी और बसन्त पंचमी के पर्व का समापन हुआ।

श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके दृष्टिगत सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने भ्रमणशील रहकर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी।

---

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तीन लोग गिरफ्तार

**श्रीनगर।** प्रवर्तन निदेशालय ने कश्मीर में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों को विशेष न्यायाधीश एसीबी (सीबीआई-मामले) कश्मीर की अदालत में पेश किया गया और कोर्ट ने तीनों को ईडी की हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पीएमएलए के प्रावधानों के तहत मोहम्मद अकबर भट, फातिमा शाह और सब्ज़र अहमद शेख को गिरफ्तार किया है। यह सभी आतंकी वित्तपोषण में शामिल थे। यह मंजूर अहमद शाह और अल्ताफ अहमद भट नाम के पाकिस्तानी आकाओं के साथ मिले हुए थे, जो जम्मू-कश्मीर के छात्रों के लिए पाकिस्तान के कॉलेजों में एमबीबीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश की व्यवस्था करते थे। तीनों को विशेष न्यायाधीश एसीबी (सीबीआई-मामले) कश्मीर की अदालत में पेश किया गया और कोर्ट ने तीनों को ईडी की हिरासत में भेज दिया है।

## इवा एग्जोटिका कम्पनी के 33 केंद्रों पर आयकर ने मारा छापा

समृद्धि न्यूज

▸ दो करोड़ पचास लाख नकदी और बनावटी दस्तावेज बरामद

**लखनऊ।** इवा एग्जोटिका कम्पनी के लखनऊ सहित 33 केन्द्रों पर आयकर विभाग की लखनऊ इकाई ने छापा मारकर दो करोड़ पचास लाख नकदी और बनावटी दस्तावेज बरामद किया है। आयकर विभाग की टीमें कम्पनी के कुछ केन्द्रों की छापेमारी पूरी कर चुकी है, साथ ही कुछ केन्द्रों पर छापा के दौरान जांच जारी है।

नवनीत गीडिया की कम्पनी इवा एग्जोटिका ने बीते दिनों फर्जी रसीदों को लगाकर आयकर की चोरी करने का प्रयास किया। जिसकी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आयकर विभाग को सूचित किया गया और इसके बाद लखनऊ इकाई ने अन्य इकाई के अधिकारियों की सहायता लेकर विभिन्न जनपदों सोनभद्र, चंदौसी, हरदोई, बहराइच, बिहार के आरा, पश्चिम बंगाल में हावड़ा, सिलीगुड़ी, आसाम के गुवाहटी में एक साथ छापेमारी की। आयकर की छापेमारी में कम्पनी के गड़बड़ी किये जाने की सूचना सही पायी गयी।

आयकर टीमों के हाथ कुछ कागजात लगे हैं, जिससे आयकर की चोरी होना पाया जा रहा है। फर्जी बिल भुगतान की रसीदें लगायी गयी थी, जिसकी कॉपी भी आयकर की टीमों को मिली है। बीते दिनों इवा एग्जोटिका कम्पनी ने पशु आहार और मुर्गी दाना बनाने के क्षेत्र में तेजी से कदम बढ़ाये थे, जिससे बाजार में कम्पनी ने अपना नाम कमा लिया था।

### बुदेलखंड गौरव महोत्सव में विस्फोट, चार की मौत

**बांदा।** बांदा से सटे चित्रकूट जिले में आयोजित दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव कार्यक्रम में बुधवार को भीषण विस्फोट हो गया। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। चित्रकूट के जिलाधिकारी (डीएम) अभिषेक आनंद ने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन चित्रकूट इंटर कॉलेज के मैदान में किया जा रहा है। बुधवार शाम आतिशबाजी का कार्यक्रम निश्चित था, इसके लिए मंच के पीछे पटाखे रखे थे। आतिशबाजी करने से पहले अपराह्न करीब सवा तीन बजे अचानक पटाखों में विस्फोट हो गया, जिससे वहां काम कर रहे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। डीएम ने बताया कि अभी मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो पाई।

## बीजेपी प्रत्याशियों ने राज्यसभा के लिए किया नामांकन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के सातों प्रत्याशियों ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा की मौजूदगी में प्रत्याशियों ने पर्चा भरा।

बुधवार को विधान भवन में प्रत्याशी भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह, संगीता बलवंत, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, तेजवीर सिंह, नवीन जैन ने पर्चा दाखिल किया।




#### जेपी नड्डा गुजरात से उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को राज्यसभा चुनाव में गुजरात से पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। बुधवार को भाजपा ने गुजरात और महाराष्ट्र की सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। महाराष्ट्र से अशोक चव्हाण को उम्मीदवार बनाया गया है। चव्हाण मंगलवार को ही भाजपा में शामिल हुए थे भाजपा द्वारा जारी सूची में गुजरात से पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गोविंदभाई ढोलकिया, मयंकभाई नायक, जशवंतसिंह सलामसिंह परमार हैं। महाराष्ट्र से अशोक चव्हाण, मेधा कुलकर्णी, अजीत गोपछड़े हैं।

#### वैष्णव को ओडिशा, मुरुगन को मप्र से टिकट

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं श्री एल मुरुगन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्यसभा का टिकट दिया है और इस प्रकार से इनके लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना नगण्य हो गयी है। भाजपा ने मध्यप्रदेश और ओडिशा से राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनावों के लिए आज पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की जिसमें इन दोनों केन्द्रीय मंत्रियों के नाम शामिल हैं। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने इन नामों को स्वीकृति प्रदान की है।

---

**निर्णय** — रक्षा मंत्रालय ने 1752.13 करोड़ रुपए के अनुबंध पर किए हस्ताक्षर

## नौसेना व आईसीजी के लिए खरीदी जाएंगी 463 स्थिर रिमोट कंट्रोल गन

▸ बंदूकों के निर्माण में 85 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री होगी प्रयोग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन (एसआरसीजी) खरीदने का फैसला लिया है।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के मद्देनजर एसआरसीजी के लिए बुधवार को एडवांस्ड वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अनुबंध की कुल लागत 1752.13 करोड़ रुपये है और इन बंदूकों के निर्माण में 85 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल होगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार स्वदेशी 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन दिन और रात दोनों समय जहाजों के लिए खतरा पैदा करने वाले छोटे लक्ष्यों पर सटीकता से हमला करने के लिए भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल की क्षमता बढ़ाएंगी। इन गनों से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के विजन को और मजबूती मिलेगी।



#### 125 से अधिक भारतीय विक्रेताओं और घरेलू रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के लिए रक्षा विनिर्माण में बड़े अवसर खोलेगा अनुबंध

यह अनुबंध 5 वर्षों के भीतर 125 से अधिक भारतीय विक्रेताओं और घरेलू रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के लिए रक्षा विनिर्माण में एक बड़ा अवसर भी खोलेगा। यह पूर्ण रूप से स्टेबलाइज्ड रिमोट कंट्रोल गन है। इन बंदूकों का निर्माण भारत में किया जा रहा है। स्टेबलाइज्ड रिमोट कंट्रोल गन का पहला बैच 12.77 मिमी. का था। इनका निर्माण जुलाई, 2021 में तिरुचि की आयुध फैक्टरी में किया गया था। आयुध फैक्टरी ने इन बंदूकों को इजरायली फर्म के साथ गठजोड़ करके बनाया था। निर्माण के बाद यह स्थिर रिमोट कंट्रोल गन को तटरक्षक बल और भारतीय नौसेना को सौंप दी गई थीं। ये बंदूकें विशेष रूप से समुद्री प्रयोगों के लिए निर्मित की गई थीं। इन बंदूकों को बड़े और कुछ छोटे जहाजों पर रखा जा सकता था। एसआरसीजी बंदूकें छोटे जहाजों, छोटी नावों और नावों के खतरों को रात के दौरान भी उतनी ही सटीकता से विफल कर सकती हैं, जितनी दिन के दौरान।

## 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आज से, 39 लाख छात्र देंगे परीक्षा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं गुरुवार (15 फरवरी) से शुरू होंगी। बोर्ड ने किसान आंदोलन के मद्देनजर स्कूलों, अभिभावकों और छात्रों को परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंचने के लिए दिल्ली मेट्रो के इस्तेमाल की सलाह दी है।

सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने बुधवार को जारी सलाह में कहा कि इस साल भारत और विदेश के 26 देशों से 39 लाख से अधिक छात्र परीक्षा देंगे। दिल्ली में 877 परीक्षा केंद्रों से 5,80,192 छात्र बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होंगे। चूंकि परीक्षा सुबह 10.30 बजे शुरू होती है, इसलिए सभी छात्रों को सुबह 10 बजे या उससे पहले अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। इसमें कहा गया है कि दिल्ली में मौजूदा स्थिति के कारण यह उम्मीद की जाती है कि यातायात संबंधी समस्याएं होंगी, जिसके कारण परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने में देरी हो सकती है। सभी छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपने घरों से जल्दी निकलें ताकि वे सीबीएसई द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार समय पर पहुंच सकें। परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए मेट्रो सेवाओं का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।

# खाद्यान्न वितरण कर मनाया शिवपाल सिंह का जन्मदिन

## शिवपाल यादव जीवन पर्यन्त संघर्ष करते हुए कृषकों, गरीबों, असहायों के लिए सदैव प्रयासरत रहे : डॉ. विकास यादव

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव जी के जन्मदिन पर प्रदेश सचिव डॉ. विकास यादव द्वारा वृद्धा आश्रम बबुरिहा में खाद्यान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जन्मदिवस के इस अवसर पर खाद्यान का पैकेट पाकर आश्रितों के चेहरे खिल उठे। इस कल्याणकारी कार्यक्रम द्वारा उन्होने समाजवाद की यथार्थता सिद्ध की। डॉ. विकास यादव ने कहा कि शिवपाल यादव जी जीवन पर्यन्त संघर्ष करते हुए कृषकों, गरीबों, असहायों और मजलूमों के उत्थान के लिए सदैव प्रयास रत रहे। आज उनकी विचारधारा की आवश्यकता प्रदेश को ही नही अपितु पूरे देश को है। आज के दौर में देश की तरक्की के लिए शिवपाल सिंह यादव जी जैसे व्यक्तित्व की महती आवश्यकता है क्योकि समाजवाद के रास्ते पर चलकर ही देश और समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। आज देश का किसान उत्पीडन और अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठा रहा है। आज देश को जाति एवं धर्म के नाम पर की जाने वाली राजनीति के स्थान पर धर्म निरपेक्ष एवं स्वच्छ मानसिकता से युक्त नेतृत्व की आवश्यकता है। हम सबका यह दायित्व है कि हम राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह के सपनों को साकार करने के लिए एवं समाज के दीन, दुखी, गरीब, और वंचित समाज के उत्थान हेतु महासचिव को अपना सहयोग प्रदान करें।

क्योकि समाज की भावनाओं को समझने वाला एक मात्र समाजवादी पार्टी है। हम उनके दीर्घायु होने की मंगलकामना करते है।

इस अवसर पर जैदपुर विधायक गौरव रावत सभासद शिव कुमार वर्मा, रिजवान संजय विधायक प्रतिनिधि, डॉ. प्रेम सिंह यादव, डॉ. जगन्नाथ वर्मा, कृष्ण बहादुर यादव, शोभित यादव, कृष्ण कुमार, संतोष कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## भण्डारे के साथ अखंड पाठ का हुआ समापन

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** नगर के भटखेरा वार्ड में स्थित महाकालेश्वर शिव मंदिर पर दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत मंदिर परिसर में मंगलवार से शुरू हुए श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ बुधवार को समापन हवन पूजन और कन्या भोज के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता अरविंद सिंह गोप नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी करणी सेना के अध्यक्ष अनूप सिंह मंदिर समिति के प्रबंधक योगेश द्विवेदी मंडल उपाध्यक्ष विकास पांडे शिक्षक नेता विवेक गुप्ता विभोर गुप्ता राजेंद्र पांडेय, महेश मिश्रा, सभासद विपिन सोनी भाजपा महामंत्री संतोष श्रीवास्तव भारी संख्या में जन समुदाय उपस्थित रहा।

# महिंद्रा ऑटो मूवर्स के शोरूम में लॉन्च हुई एसयूवी

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर नगर के भटखेरा वार्ड में स्थित महिंद्रा शोरूम ए ऑटो मूवर्स पर मंगलवार को नए फीचर्स एवं सुविधाओं के साथ बाजार में उतारी गयी एक्सयूवी-700 को लांच किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आए पुलिस उपाधीक्षक जे एन अस्थाना एवं विशिष्ट अतिथि प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी द्वारा इस कार का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर ए ऑटो मूवर्स महिंद्रा शोरूम के डॉलर पप्पू सिद्दीकी ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

नए फीचर्स और नई सुविधाओ के साथ लांच हुई इस लग्जरी कार के नए फीचरों के बारे में बताते हुए प्रोडक्ट सेल्स मैनेजर आदित्या शर्मा ने बताया कि एक्सयूवी 700 वर्ष 2024 में नए नेपौली ब्लैक कलर में प्रस्तुत की गई है इस कार में लग्जरी कैप्टन सीट के अलावा वेल्टनेटेड सीट एवं ऑल व्हील ड्राइव एवं अन्य नए फीचर्स प्रस्तुत किए गए हैं जिसकी वजह से यह लग्जरी कर लंबे सफर में काफी आरामदायक साबित होगी। श्री शर्मा ने बताया कि यह कर डीजल और पेट्रोल इंजनों के साथ उपलब्ध है 14 लाख रुपए की लागत से लेकर 25 लाख 28 हजार तक के मॉडल ऐज शोरूम उपलब्ध है।

इस अवसर पर सरवर सिद्दीकी सभासद मोहम्मक सभासद साबिर राइन उर्फ पहाड़ी रिंकू वर्मा ध्रुव अग्रवाल शिव अग्रवाल महिंद्रा कंपनी के कमर्शियल जनरल मैनेजर मोहित शर्मा प्रोडक्ट सेल्स मैनेजर आदित्या शर्मा संदीप बाजपेई सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# आईडीए अभियान के अंतर्गत जनपद के आला अधिकारियों ने किया दवा का सेवन

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जनपद में सर्वजन दवा सेवन(आईडीए) अभियान के अंतर्गत जिले के आला अधिकारियों को दवा का सेवन करवाया गया। मंगलवार को कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी की टीम द्वारा जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दवा का सेवन कराया गया। इसी क्रम में कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी में मुख्य विकास अधिकारी अ.सुथान जिला आपूर्ति अधिकारी और परियोजना निदेशक मनीष कुमार को दवा का सेवन कराया गया। अभियान का शुभारंभ जनपद के 16 ब्लाकों में शुरू किया गया है। इस मौके पर अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने साल 2027 तक देश से फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। फाइलेरिया संक्रामक बीमारी है, इसलिए जब सभी लोग फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करेंगे तभी इस बीमारी का उन्मूलन हो पाएगा। इसलिए जब भी स्वास्थ्य कार्यकर्ता फाइलेरिया दवा खिलाने आएं तो जरूर खाएं। यह दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि आईडीए अभियान के तहत तीन दवाएं आइवरमेक्टिन, डाईइथाईल कार्बामजीन(डीईसी) और एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। आईडीए अभियान के तहत लगातार तीन साल तक साल में एक बार फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करने से इस बीमारी से बचा जा सकता है। यह दवा दो साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और गंभीर बीमारी से पीड़ित को छोड़कर सभी को खानी है। स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें और फाइलेरियारोधी दवा का सेवन जरूर करें।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. डी के श्रीवास्तव ने बताया कि यह दवाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं और उच्च गुणवत्ता की हैं। इन दवाओं के सेवन का प्रतिकूल प्रभाव उन व्यक्तियों में दिखाई देता है जिनमें फाइलेरिया के परजीवी होते हैं। उन्होंने बताया कि आईडीए अभियान के तहत लगभग 38 लाख 87 हजार 188 जनसंख्या को फाइलेरियारोधी दवा खिलाने का लक्ष्य है। जिसके लिए 3067. टीम बनाई गई हैं। एक दिन में एक टीम कम से कम 25 घरों का भ्रमण कर लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराएगी। इन टीमों के पर्यवेक्षण के लिए 511 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं।




# सीडीओ ने युवाओं को मेहनत और लगन के साथ काम करने का दिया संदेश

**बाराबंकी।** बैंक ऑफ़ इंडिया के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के अंतर्गत जूट प्रोडक्ट कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अ. सुथान रहे।आरसेटी के जूट प्रोडक्ट उद्यमी बैच में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पारंगत शिक्षकों द्वारा ट्रेनिंग दी गई। बुधवार को जूट प्रोडक्ट की ट्रेनिंग पूर्ण होने पर समापन समारोह का आयोजन किया गया। असेनी स्थित बैंक ऑफ़ इंडिया आरसेटी सेंटर पर समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी श्री अ. सुदन ने ट्रेनिंग पाने वाले सभी युवाओं को प्रमाण-पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने सभी को रोजगार में मेहनत और लगन के साथ काम करने का संदेश दिया। इस दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक विवेक कुमार, फैकल्टी उमेश शाही और शोएब अंसारी, ऑफिस असिस्टेंट वैष्णवी श्रीवास्तव और प्रदीप शर्मा, अटेंडर प्रिन्स, प्रशिशक पिंकी मदेशिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## स्थानांतरण होने के बावजूद भी जाने को तैयार नहीं सिंगाही ईओ

**सिंगाही खीरी।** नगर पंचायत के ईओ अवधेश मिश्रा को शासन ने एक सप्ताह पूर्व नगर पंचायत माहुल जिला आज़मगढ़ स्थानांतरित कर दिया है। एक सप्ताह बाद भी न तो अवधेश मिश्रा रिलीव ही किए गए न हीं किसी नवागत ईओ को चार्ज ही दिया गया। जबकि तत्काल कार्यभार न ग्रहण करने पर अनुशासनहीनता मानकर कठोर कार्यवाही का आदेश होने के बाद भी सरकारी आवास छोड़ने को तैयार नही है वहीं तीन साल से डटे अधिकारियों को हटाने की मंशा पर पानी फिर रहा है। जबकि अधिशासी अधिकारी अवधेश मिश्रा पर कई बार भ्रष्टाचार के आरोप लगते चले आ रहे उसके बाद जुगाड़ के दम पर नगर पंचायत की कुर्सी पर काबिज होते चले आ रहे है।

# स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**▸ एमडीकेपी कॉलेज आफ लॉ में हुआ स्मार्टफोन वितरित**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुफ्त स्मार्टफोन और टेबलेट वितरण योजना के अंतर्गत आज विधानसभा हैदरगढ़ के मकनपुर स्थित एमडीकेपी कॉलेज ऑफ़ लॉ में आधा सैकड़ा छात्रों के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत हैदरगढ़ अध्यक्ष आलोक तिवारी ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई जा रही इस योजना के माध्यम से राज्य के युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे इस योजना से करीब एक करोड़ युवाओं को फायदा होगा यूपी फ्री टैबलेट स्मार्टफोन योजना का लाभ ग्रेजुएशन पोस्ट ग्रेजुएट टेक्निकल और डिप्लोमा की पढ़ाई करने वाले छात्र प्राप्त कर सकेंगे। छात्र इन टैबलेट और स्मार्टफोन के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे सुशील कुमार पांडे ने कहा कि यूपी सरकार ने युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए भत्ता देने का भी ऐलान किया है। विद्यालय के प्राचार्य पुनीत पांडे ने नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

# स्कूलों में मनाया गया बसन्त पंचमी का त्योहार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

विभिन्न स्कूलों में बसन्त पंचमी का त्योहार धूमधाम के साथ मां सरस्वती जी की पूजा कर मनाया गया। रामेश्वरम इण्टर कालेज मरकामऊ में बसंत पंचमी उत्सव बड़ी उमंग व हर्सोल्लास से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बृजेश शुक्ला व रश्मि शुक्ला द्वारा सरस्वती व भारत माता के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण से हुआ बच्चों ने गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बृजेश शुक्ला ने बच्चों से मेहनत से पढ़कर कुछ अच्छा करने को कहा तथा बच्चों में पुरुस्कार वितरण किया।सीतादेवी महाविद्यालय पारिजात धाम बररौलिया मे बसन्त पंचमी का त्योहार महाविद्यालय के प्रवन्धक अभिषेक शुक्ला की अध्यक्षता व प्राचार्य डॉ अर्चना त्रिपाठी के संयोजन मे मॉ सरस्वती का पूजन कर मनाया गया।चौधरी चरण सिंह पीजी कालेज बरदरी में प्राचार्य गया प्रसाद दुबे कार्यालय अधीक्षक अनुपम जयसवाल ने पूजा किया।सुंदर लाल इंटर कालेज औरेला में प्रबन्धक राकेश दीक्षित ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। सुकालावती पब्लिक मांटेसरी स्कूल कटका-बाराबंकी में पिछले वर्षो की भाँति इस वर्ष भी मनाई गई।इस मौके पर प्रबन्धक रामराज यादव सहित सैकड़ों छात्र छात्राये मौजूद थे। जेबीएस कालेज दुल्हादेपुर में कार्यक्रम का आयोजन अशर्फीलाल यादव मांटेसरी की प्रबन्धक अश्वनी यादव ने किया।

## एग्री जंक्शन वन स्टॉप सेंटर का हुआ शुभारंभ

**बाराबंकी।** रामनगर कस्बा में एग्री जंक्शन वन स्टॉप सेंटर का शुभारंभ हुआ। सेंटर के प्रोपराइटर अंकित तिवारी चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय पूर्व छात्र है।उक्त प्रतिष्ठान का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रबंधक सुधारनी वर्मा जी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के एवम् रामनगर कस्बे के काफी संख्या में अतिथि उपस्थित थे।सुधा वर्मा ने कहाकि इस प्रतिष्ठान के खुलने से आसपास के लोगों को कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि से संबंधित सामग्री उचित दर पर प्राप्त होगी। उच्च क्वालिटी के गुणवत्ता युक्त बीज,खाद्य,रसायन,जैव उर्वरक आदि उपलब्ध होंगे और आसपास के लोगों को प्रतिष्ठान से काफी लाभ प्राप्त होगा। उन्होने प्रतिष्ठान के संचालक अंकित तिवारी को शुभकामनाएं दी।

# सड़क दुर्घटनाओ में, एक महिला की मौत, दो युवक घायल

**निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौके पर मौत हो गयी वहीं दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये जिसमें से एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम बस्ती पुरवा गांव निवासी कमलेश व मुकेश गांव बल्लीपुर में शादी समारोह से अपने घर वापस आ रहे थे। पलिया रोड पर चूरा टांडा पुलिया के पास पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे दोनों बुरी तरह से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सीएसी भर्ती कराया जहां से उन्हें लखीमपुर रेफर किया गया। हालत में सुधार न होने पर उन्हें लखनऊ रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान मुकेश (25) पुत्र बांके की मौत हो गयी वहीं कमलेश की हालत गम्भीर बनी हुई है। दूसरी घटना में सुहागा (48) पत्नी कल्लू निवासी चिड़ीमारन पुरवा एक अन्य महिला माया देवी निवासी रकेहटी के साथ बनबीर पुर शादी समारोह में गयीं थीं। बुधवार शाम सिंगाही रोड पर गांव सहते पुरवा मोड़ के पास आटो से उतर कर वह अपनी भतीजी के घर जाने लगीं। इसी दौरान तेज गति से आ रहे ट्रक ने सुहागा को रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मौका देख ट्रक ड्राइवर वहां से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिये जिला मुख्यालय भेजकर ट्रक को कब्जे में लिया है।

# विधि विधान से हुई मां सरस्वती की पूजा



## बसन्त पंचमी पर हुई सरस्वती पूजा, विशाल भंडारा

**रामनगर, बाराबंकी।** भगवान देई पाटन शाह बालिका इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत ने पहुंचकर पूजन अर्चन कर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। विद्यालय के अध्यक्ष एवं नगर पंचायत रामनगर के चेयरमैन रामशरण पाठक की अध्यक्षता में आयोजित भव्य समारोह में माता सरस्वती की प्रतिमा के साथ विद्यालय के लिये अपनी भूमि को दान देने वाले स्व पाटन शाह एवं उनकी पत्नी भगवान देई की भी प्रतिमा स्थापित की गई है।विद्यालय परिसर में बनवाये गये इस भव्य मंदिर में हवन पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया इसके बाद भंडारे में भारी संख्या में छात्राये अभिभावक क्षेत्र के नागरिकों एवं जन प्रतिनिधियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रियंका सिंह रावत के साथ अध्यक्ष राम शरण पाठक ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी होली प्रसाद शुक्ला देवी प्रसाद मिश्रा सीताराम गुप्ता प्रबंधक संजय यादव प्रधानाचार्य ब्रज लता जैन देवेंद्र मौर्य घनश्याम शर्मा पवन ओझा शिखा पांडेय अनिरुद्ध दीक्षित त्रिभुवन मौर्य पुजारी तिवारी कमलेश अवस्थी मनोज मिश्रा सभासद अवनीश मिश्रा टिंकू तिवारी देवेन्द्र मौर्य बल्लू बाबा दयाशंकर तिवारी भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका द्वारा ज्ञान की देवी माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापना का कार्य पूरे विधि विधान से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका आशा गुप्ता ने कहा कि माता सरस्वती विद्या ज्ञान और कला की देवी है वह हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है सरस्वती पूजा हिंदू धर्म में प्रमुख त्योहारों में से एक है। नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि बसंत पंचमी का त्यौहार प्राचीन समय से ही प्रचलित है शिक्षा के क्षेत्र में सफलता के लिए विद्यार्थियों को माता सरस्वती की पूजा अवश्य करनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड शिक्षा अधिकारी हैदरगढ़ सुनील कुमार गौड़ अध्यक्ष राम दत्त अवस्थी शिक्षक विवेक गुप्ता श्रवण कुमार शुक्ला रुद्रकांत बाजपेई राम शंकर साधना मिश्रा योगेंद्र मिश्रा शैलेंद्र कुमार सिंह तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राम अचल मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष विकास पांडे महामंत्री संतोष सभासद शिवा वर्मा विपिन सोनी सूरज दीक्षित युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी राजकुमार सोनी सामाजिक कार्यकर्ता अनूप सिंह सुधीर जायसवाल जय कुमार सोनी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## सुख-शांति व समृद्धि के लिए काली माता की मूर्ति स्थापना संग हुआ व भण्डारा

**बिजुआ खीरी।** ब्लाक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत रूरा सुल्तानपुर के मजरा कोरियाना में गांव की सुख शांति व समृद्धि के लिए नव निर्माण मंदिर में काली माता जी की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पिछले कई दिनों से चल रहा है, जिसका आयोजन बड़े ही धूम धाम से किया गया। इसी उपलक्ष्य में शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमे ग्राम की सैकड़ों माताएं बहनें शमिल रही। ग्रामीणों ने बताया मंदिर निर्माण मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से किया गया है जो दस फरवरी 2024 दिन शनिवार से चल रही थी जिसका समापन बुधवार को मूर्ति स्थापना व भण्डारे का आयोजन कर किया गया।

# बिना दान दहेज के 12 वर कन्याओं का हुआ विवाह




**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज**

बाथम वैश्य महासभा के तत्वाधान में दहेज रहित आदर्श सर्ववैश्य सामूहिक विवाह समारोह श्री श्याम जी राइस मिल में धूमधाम से संपन्न हुआ जिसमें 12 वर और कन्याएं प्रणय सूत्र बंधन में बंध गए।

वैश्य समाज के इस सामूहिक विवाह की बारात बैंड बाजों के साथ दोपहर में कंजा देव स्थान से निकली जिसमें 12 दूल्हे अलग-अलग सजी हुई कारों पर सवार और बाराती पैदल बैंड बाजे और गानों की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे , श्याम जी राइस मिल के द्वार पर बाथम वैश्य महासभा, महिला सभा और नवयुवक सभा के पदाधिकारियों और समाज के पुरुष महिलाओं ने बारात का स्वागत किया और वेद मंत्रोच्चार के साथ द्वाराचार हुआ। तत्पश्चात सभी दूल्हों को मंच पर ले जाया गया फिर दुल्हने जयमाल लेकर मंच पर पहुंची और अपने-अपने चुने हुए दुल्हों को जयमाला पहना दी। इस अवसर पर मौजूद अतिथि शाहजहांपुर के एमएलसी सुधीर गुप्ता, खैराबाद जिला सीतापुर के नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, खुटार नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता, पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, उद्योगपति सत्य प्रकाश अग्रवाल आदि ने वर वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया।

**खीरी सहित छह जिलों के हैं वर कन्या**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** बसंत पंचमी और वैलेंटाइन डे के शुभ अवसर पर जिन वर और कन्याओं का विवाह हुआ वह लखीमपुर ,सीतापुर, हरदोई, शाहजहांपुर ,पीलीभीत, और लखनऊ जिलों के निवासी है। इनमें नौरंगाबाद लखीमपुर के अनन्य गुप्ता का विवाह काशीराम कॉलोनी निवासी शिवानी के साथ ,सुखदासपुर जिला पीलीभीत निवासी विशाल का विवाह सलोनी निवासी भावल खेड़ा शाहजहांपुर के साथ ,मुड़िया सिधौली शाहजहांपुर निवासी तरुण गुप्ता का विवाह रामपुर मितौली खीरी निवासी अंजली के साथ संपन्न हुआ।

## ठाठ नानकसर गुरुद्वारा साहिब में माघ के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम


**बिजुआ खीरी।** गुरु के प्यारे एव पवित्र माह माघ के उपलक्ष्य में पड़रिया तुला के ठाठ नानकसर गुरुद्वारा साहिब में पूरे महीने महा सम्पट पाठ चलते रहे है। माघ महीने के समापन पर गुरुद्वारा साहिब में बड़े ही हर्षोउल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अन्य प्रांतों से आये संत बाबा एव कविसरी जत्थों ने अपनी अपनी हाजरी भरते हुए गुरु महिमा का बखान किया। जिसे सुन कार्यक्रम में पहुंची सैकड़ों की संगत निहाल हुई। कहा जाता है कि सिख धर्म के लिए माघ माह बड़ा ही पवित्र महीना माना जाता है। इस पूरे महीने सिखों द्वारा अनेकों धार्मिक अनुष्ठान किये जाते हैं। इसी क्रम में पड़रिया तुला स्थित ठाठ नानकसर गुरुद्वारा साहिब सेवक बाबा गुरुमीत सिंह ने बताया कि इस पूरे महीने इलाक़े की सुख शांति व खुशहाली के लिए छोटे छोटे महा सम्पट पाठों का आयोजन किया गया।

## वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ ग्राम पंचायत गोला देहात सचिवालय का हुआ उद्घाटन



**गोला गोकर्णनाथ (खीरी)।** जिले में गोला देहात ऐसी पहली पंचायत है जिसे आई एस ओ ने प्रमाण पत्र दिया है। इस पंचायत में सचिवालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरी ने फीता काटकर किया। उन्होंने बताया किसी भी ग्रामीण को अपनी समस्या के लिए भटकना नहीं होगा, हर ग्रामीण की समस्या का निस्तारण किया जाएगा। प्रधान कक्ष व पंचायत सेक्रेटरी कक्ष, मीटिंग हॉल के अंदर भव्य एवं सुंदर मीटिंग टेबल, कुर्सियां एवं लाजवाब साज सज्जा से लैस संपूर्ण सचिवालय लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पंचायत भवन के परिसर में पौधे सकारात्मक ऊर्जा वाले, एवं खूबसूरत फूलों वाले पौधे लगे हैं। इस मौके पर सीडीओ लखीमपुर खीरी अनिल कुमार सिंह, गोला नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रिंकू शुक्ला, बी डी ओ कुंभी हनुमान प्रसाद मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, हम ग्राम पंचायत गोला देहात के निवासी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# मां सरस्वती की मूर्ति संग मनाया बसंत पंचमी



**बिजुआ-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत वसलीपुर ग्रंट स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में बसंत पंचमी का त्योहार मनाया धूमधाम से मनाया गया। मंदिर परिसर मे मां सरस्वती की मूर्ति की स्थापना की गई जहां सुबह से ही भक्तों ने श्रद्धा व उल्लास से मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। ग्राम पंचायत वसलीपुर स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में बसंत पंचमी के मौके पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पंडित राकेश चक्रवर्ती ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर परिसर में ज्ञान की देवी माता सरस्वती की मूर्ति स्थापना कराई। मां सरस्वती विद्या के साथ ही सद्बुद्धि प्रदान करती हैं। इस दिन से प्रकृति नया रूप लेती है। पेड़- पौधों पर नए पत्ते आने लगते हैं। भक्तों ने मंदिर में मां सरस्वती की पूजा कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। मूर्ति स्थापना के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर संजीव मंडल, पवन मंडल,तपन मंडल,सपन मंडल, सुधीर बैरागी, किशन दास, जयदेव चंद्र, सुसेन गोलदार, नारायण विश्वास,ओम गोलदार आदि मौजूद रहे।

**गायत्री माता के पूजन के साथ धूमधाम के साथ मनाया गया बसन्त पर्व**

मितौली खीरी। युग चेतना विस्तार केंद्र मितौली में बड़े धूमधाम के साथ बसन्त पर्व मनाया गया जिसमे ब्लॉक के समस्त कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की। मुख्य यजमान के रूप में लाल बहादुर सिंह सेंगर ने कलश पूजन ,लालजी प्रसाद वर्मा ने परम पूज्य गुरुदेव तथा परम वंदनीय माताजी एवं मा0कामता प्रसाद मौर्य ने गायत्री माता का पूजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी निष्ठावान साधकों ने सबके मंगलमय जीवन की कामना करते हुए आहुतियां प्रदान की गईं। परम् विद्वान डॉ. सुभाष एवं डॉ. रामबरन तथा जगदम्बा प्रसाद ने आये हुए स्रोताओं को बसन्त पर्व एवं आचार्य पंडित श्री राम शर्मा तपोनिष्ठ वेद मूर्ति एवं आद्यात्मिक जन्मदिवस तथा अखण्ड ज्योति निर्माण दिवस का महत्त्व समझाया।

**पुरस्कार**

## उत्तर प्रदेश दिवस 2024 के कार्यक्रम में विभाग ने लगाया स्टॉल

# बच्चे को ब्लड डोनेट कर सीडीपीओ ने बचाई जान, हुई सम्मानित

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज**




अपनी निष्पक्ष कार्यशैली के व विभाग की योजनाओं को धरातल पर उतारने वाली सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी को आयुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ द्वारा सम्मानित किया गया। बताते चलें की जनपद का विकासखंड फूलबेहड़ स्वास्थ्य एवं पोषण सम्बन्धी पैरामीटर में काफी पिछड़ा था। सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी ने व्यक्तिगत प्रयास कर 0 से 06 वर्ष तक के समस्त बच्चों का लम्बाई व वजन का मापन कराकर बच्चों की पोषण श्रेणी की पहचान करायी। जिसके चलते विकासखंड फूलेबेहड़ में कुल 242 बच्चें सैम श्रेणी में चिन्हित किये गये, इन सभी बच्चों को ई-कवच पोर्टल पर भी पंजीकृत कराया गया। इन सभी बच्चों को जिला प्रशासन के सहयोग से पोषण पोटली उपलब्ध कराई गई। उक्त परीक्षण में 23 बच्चें ऐसे पाये गये जो किसी न किसी चिकित्सीय जटिलता से ग्रसित थे, इन सभी बच्चों को पोषण एवं पुनर्वास केन्द्र में संदर्भित कराया गया जहां बेहतर स्वास्थ्य देखभाल एवं पोषण प्रबन्धन से सभी बच्चे स्वस्थ हो गये। एक सैम बच्चा प्रियांशु जिसके उपचार के लिये ब्लड की आवश्यकता थी, सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी द्वारा उस बच्चे के लिये स्वयं ब्लड डोनेट कर उसके जीवन को बचाने में सराहनीय योगदान किया गया। अन्य सैम बच्चों को सामुदायिक स्तर पर जागरूकता, स्वच्छता, पोषण आदि के विषय में अभिभावकों को उचित परामर्श प्रदान कर देखभाल कराया गया, अब वह सभी बच्चे भी स्वस्थ है।

सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत अपनी परियोजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत एवं खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से कन्वर्जेन्स कराते हुये 31 आंगनबाडी केन्द्रों का कायाकल्प कराया गया। इससे उन सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्री स्कूल के लिये आने वाले 03 से 06 वर्ष के बच्चों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध हो सकी। विगत दिसम्बर, जनवरी माह में विकसित भारत संकल्प यात्रा के समय सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में विभागीय योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिये विशेष प्रयास किया गया। उत्तर प्रदेश दिवस 2024 के कार्यक्रम में विभागीय स्टॉल लगायी गयी, आंगनबाडी केन्द्र के बच्चों को प्रशिक्षित कर विभागीय योजनाओं की झाँकी एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसकी अधिकारियों एवं जनमानस द्वारा काफी सराहना की गयी।

# योगी कैबिनेट का विस्तार जल्द, रालोद को मिल सकती है प्रदेश मंत्रिमंडल में हिस्सेदारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार के कैबिनेट विस्तार की संभावना जल्दी है। कैबिनेट विस्तार इसी माह हो सकता है। आरएलडी के एनडीए के पाले में आने के बाद अब मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं एक बार फिर तेज हो गई हैं। रालोद को प्रदेश मंत्रिमंडल में हिस्सेदारी मिल सकती है।

सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर और विधान परिषद सदस्य दारा सिंह चौहान भी इंतजार में हैं, उन्हें भी मौका मिल सकता है। कई और दावेदार भी लाइन में हैं।सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के एनडीए का हिस्सा बनने के बाद से ही योगी मंत्रिमंडल के विस्तार की चर्चाएं तेज हो गई थीं। दारा सिंह चौहान भी सपा छोड़ भाजपाई हो गए। पार्टी को घोसी सीट पर उपचुनाव कराना पड़ा और इसमें हार मिली थी।पार्टी नेतृत्व ने हार के बावजूद दारा सिंह को विधानपरिषद भेजा। इन दोनों नेताओं का मंत्रिमंडल में शामिल होने का इंतजार खत्म नहीं हुआ है। राज्यसभा में जयंत चौधरी से लेकर उत्तर प्रदेश विधानसभा में रालोद के विधायक भी सत्ता पक्ष के साथ खड़े हैं। रालोद को भी योगी मंत्रिमंडल में शामिल कराने के साथ ही एक कैबिनेट का पद मिल सकता है। चर्चा एक राज्यमंत्री की भी है। मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के बीच कई मौजूदा मंत्रियों की धड़कनें तेज हो गई हैं।

# उत्तर प्रदेश में 43 लाख घरों को मिलेगा पेयजल कनेक्शन : मुख्य सचिव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अमृत 2.0 कार्यक्रम को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर बल दिया है। उन्होंने बताया कि अमृत 2.0 कार्यक्रम द्वारा प्रदेश में 43 लाख से अधिक घरों को पेयजल कनेक्शन और पांच लाख घरों को सीवर हाउस कनेक्शन दिया जायेगा।




▶ अमृत 2.0 वाटर कॉन्क्लेव के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्य सचिव

मुख्य सचिव ने टेक्नोलॉजी के अधिक से अधिक प्रयोग, पेयजल, सीवरेज प्रबन्धन, री-यूज्ड और यूज्ड वाटर पर जोर दिया।मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र बुधवार को अमृत 2.0 वाटर कॉन्क्लेव को दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

दो दिवसीय वॉटर कॉनक्लेव का आयोजन नगर विकास विभाग एवं उप्र जल निगम (नगरीय) के संयुक्त तत्वाधान में किया गया था। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने अमृत 2.0 कार्यक्रम की व्यापकता की ओर कार्यशाला के प्रतिभागियों का ध्यान आकर्षित करते हुए हर घर तक शुद्ध जल पहुंचाने और अमृत 2.0 कार्यक्रम को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर बल दिया।

उन्होंने शहरों को स्वच्छ बनाने, वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने, अमृत योजना के अन्तर्गत सरोवरों का जीर्णोद्धार, वर्षा जल संचयन, प्राकृतिक जल स्त्रोतों का बेहतर रख-रखाव आदि अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर अपने दूरगामी विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है, इसमें आपका महत्वपूर्ण योगदान होगा।

## रामनगरी में नगरवासियों को मिलेगी 24×7 जलापूर्ति की सुविधा

इस दौरान मुख्य सचिव ने नगर विकास विभाग से अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में परियोजनाएं तैयार कर स्वीकृति उपरान्त उनका तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने की अपेक्षा की। उड़ीसा के पुरी शहर में क्रियान्वित 24म7 जलापूर्ति के सफल मॉडल पर आधारित रामनगरी अयोध्या में 24म7 जलापूर्ति की परियोजना का क्रियान्वयन प्रगति पर है, आगामी दो वर्षों में अयोध्या नगरवासियों को यह सुविधा उपलब्ध होगी। गौरतलब है कि राजधानी में आयोजित दो दिवसीय वॉटर कॉनक्लेव का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ पेयजल आपूर्ति एवं जलोत्सारण के क्षेत्र में विभिन्न तकनीकि प्रौद्योगिकी एवं नवाचारों पर चर्चा करना था। इस कॉनक्लेव के दौरान जल शोधन व जल उत्सर्जन की परियोजनाओं के क्रियान्वयन के विभिन्न आयामों एवं पहलुओं के विषय में गहन विचार-विमर्श किया गया। यूएसएआईडी एवं केपीएमजी द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## खबरें एक नजर में

### स्वामी आहत हैं तो एमएलसी पद छोड़ें : ओमप्रकाश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे पर सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के इशारे पर स्वामी प्रसाद ड्रामा कर रहे हैं। राजभर का कहना है कि स्वामी प्रसाद वास्तव में अखिलेश के व्यवहार से आहत हैं तो एमएलसी के पद से इस्तीफा क्यों नहीं दिया। सुभासपा अध्यक्ष ने बलिया में मीडिया से बातचीत में कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा के संगठन का पद तो छोड़ दिया लेकिन सपा में बने रहेंगे। ये कौन सा सिद्धांत हैं। इससे स्पष्ट है कि स्वामी प्रसाद ने अखिलेश यादव के इशारे पर ड्रामा किया। अखिलेश यादव और स्वामी प्रसाद मिलकर मुसलमानों का वोट लेने के लिए ड्रामा कर रहे हैं।राजभर ने कहा कि स्वामी प्रसाद की संगठन में तो कभी वापसी हो सकती है। अगर स्वामी सपा के एमएलसी के पद से इस्तीफा देते तो स्वीकार हो जाता इसलिए उन्होंने संगठन से इस्तीफा दिया। राजभर ने अखिलेश को घेरते हुए कहा आज तक तो स्वामी प्रसाद मौर्य के किसी बयान पर सपा अध्यक्ष ने कोई एक्शन नहीं लिया। आज शिव पूजन करने के समय ड्रामे के तहत इस्तीफा दिलवा दिया।

### रामफेर ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राइवर फेडरेशन के राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजकीय वाहन चालक संघ लोक निर्माण विभाग के पूर्व महामंत्री रामफेर पाण्डेय को आल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राइवर फेडरेशन का राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष पी कानन तामिलनाडू की अनुमति से की गई। यह जानकारी फेडरेशन के महासचिव श्री सतपाल ने दी। ज्ञात हो कि रामफेर पाण्डेय लगभग बीस वर्ष राजकीय वाहन चालक संघ लोक निर्माण विभाग के महामंत्री रहे। श्री पाण्डेय ने राजकीय वाहन चालक महासंघ उत्तर प्रदेश के दो वर्ष महामंत्री ओर दो वर्ष अध्यक्ष भी रहे। आल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राइवर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में तीन वर्ष कार्यकाल रहा। श्री पाण्डेय को राष्ट्रीय सलाहकार बनाए जाने पर सिचाई विभाग चालक संघ के अध्यक्ष शकील अहमद, प्रमोद कुमार नेगी, इन्द्रदेव सिंह, कैलाश साहू, रमेश सिंह सहित कई अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

### समाज कार्य विभाग को मिले नए विभागाध्यक्ष

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में प्रो. राकेश द्विवेदी ने विभागाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। प्रो. राकेश द्विवेदी वर्तमान में लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक के दायित्वों का भी निर्वहन कर रहे हैं। प्रो. राकेश द्विवेदी को समाज कार्य के क्षेत्र में लगभग 20 वर्षों का अनुभव है एवं वह विभिन्न सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर लंबे समय से सक्रियता से कार्य करते आ रहे हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम समन्वयक भी रह चुके है। आपको राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में उत्कृष्टतम कार्य हेतु राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया गया है। निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा भी कई बार मतदाता जागरूकता अभियानों में उत्कृष्ट कार्य हेतु राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया गया है। प्रो. राकेश द्विवेदी ने विश्वविद्यालय में समय-समय पर विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों में अपनी सहभागिता के द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने वाली विभिन्न गतिविधियों में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते आए हैं। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान विभाग में विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व विभागाध्यक्ष, विभाग के शिक्षक, छात्र एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### विभाकर शास्त्री बीजेपी में शामिल, चौधरी ने दिलाई सदस्यता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर शास्त्री ने आज कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया है। लोकसभा चुनाव से पहले यह कांग्रेस को एक और झटका है। राजधानी लखनऊ में स्थित भाजपा मुख्यालय में आज दिवाकर शास्त्री ने बीजेपी की सदस्यता ली इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी डिप्टी सीएम बृजेश पाठक समेत पार्टी के कई बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प है। पिछले दिनों कांग्रेस वर्किंग कमेटी में जगह नहीं मिलने के बाद से विभाकार शास्त्री नाराज बताए जा रहे थे। विभाकर शास्त्री कांग्रेस में कई अहम पदों पर रहे हैं। वे प्रियंका वाड्रा के सलाहकार भी रहे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा हम भरोसा करते हैं कि आप और आपके साथ आए सैकड़ों कार्यकर्ता सभी 80 सीटों पर विजयश्री दिलाने में पूरी मुहिम के साथ जुटेंगे। यही पार्टी आपसे उम्मीद करती है। इस मौके पर विभाकर ने कहा सर्वश्रेष्ठ भारत, एक भारत, विकसित भारत ये सब सुनकर हमें और हर भारतीय को गर्व होता है। हम लोग चाहते हैं कि च्ड मोदी के नेतृत्व में दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी बने। जल्द ही विकसित भारत बने। इसी पर फोकस कर काम करेंगे।

### सीएमएस छात्रा को 54,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की छात्रा नव्या अग्रवाल को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा 54,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। नव्या को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्रा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

# सुरक्षा समृद्धि और खुशहाली डबल इंजन सरकार की गारंटी : योगी

▶ मुख्यमंत्री योगी ने वनटांगिया गांव रजही में लगाई चौपाल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि सुरक्षा के बेहतर वातावरण के साथ समाज के हरेक तबके की समृद्धि और खुशहाली ही भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार की गारंटी है। यही मोदी की गारंटी है और इस गारंटी को पूरा करने के सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार लोगों को सुरक्षा और सम्मान देने के साथ उन्हें स्वावलंबी भी बना रही है।



सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की हकीकत जानने और योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए देश स्तर पर शुरू हुए गांव चलो अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी गांव में चौपाल लगाई। बुधवार को गोरखपुर के रजही आजादनगर (वनटांगिया गांव) पहुंचकर उन्होंने घर-घर दस्तक दी। ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें मिले लाभ के बारे में जानकारी ली। बच्चों पर प्यार लुटाया, उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और चॉकलेट गिफ्ट कर खूब पढ़ने, आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

लाभार्थियों से संवाद के बाद मुख्यमंत्री ने रजही में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार आने के बाद देश और प्रदेश में व्यापक परिवर्तन हुआ है। 2014 के पहले गांव को कोई पूछता नहीं था। गरीबों के बारे में कोई सोचने वाला नहीं था। महिलाओं के बारे में कोई बोलता नहीं था। नौजवानों का हाल-चाल लेने वाला कोई नहीं था। किसान तबाह था, गरीब भूखों मरता था, किसान आत्महत्या करता था। जबकि आज गांव, गरीब, किसान, महिला, नौजवान समेत समाज के हरेक तबके के लिए सरकारी योजनाएं बेहद प्रभावी ढंग से आगे बढ़ रही हैं।

## हर परिवार को देंगे फैमिली आईडी कार्ड

मुख्यमंत्री योगी ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि योजनाओं का लाभ देने के साथ ही सरकार सरकार एक नया कार्ड यानी फैमिली आईडी कार्ड जारी करने वाली है। हम फैमिली आईडी कार्ड हर परिवार को देंगे। इसमें जिन लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है, उनका उल्लेख होगा और जिनको नहीं मिला है उनको आने वाले समय में जरूर मिलेगा। यही रामराज्य है जहां बिना भेदभाव के शासन की योजना का लाभ हर गरीब, किसान, नौजवान, महिला को उपलब्ध हो रहा है।

## अच्छी सरकार चुनेंगे तो आएंगे अच्छे परिणाम

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि जब अच्छी सरकार चुनी जाती है तो उसके परिणाम भी अच्छे ही आते हैं। इसके लिए पूर्व और वर्तमान सरकार के बीच तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि यही उत्तर प्रदेश है जहां पूर्व में दंगे होते थे। गरीबों पर अत्याचार होते थे। योजनाओं का बंदरबांट होता था। आस्था को चोट पहुंचाई जाती थी। अच्छी सरकार चुनी गई तो आज तो कावड़ यात्रा भी निकल रही है। भगवान राम का भव्य मंदिर भी बन गया है। गरीबों को योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है और सुरक्षा का बेहतर वातावरण भी प्रदेश-देश को मिल रहा है।

## 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं को उतारेंगे धरातल पर

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इसी माह की 19 तारीख को प्रधानमंत्री लखनऊ आ रहे हैं। यहां होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हम 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को धरातल पर उतारेंगे। आप कल्पना करिए कितने नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिलेंगे। गोरखपुर में नौकरियां आएंगी। गोरखपुर के नौजवानों को रोजगार और नौकरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

# कच्चे कार्य को मनरेगा के माध्यम से कराए जाने का प्रस्ताव पास

समृद्धि न्यूज

▶ ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी बोर्ड की बैठक सम्पन्न

**लखनऊ।** अध्यक्ष एवं प्रशासक ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास परियोजना की 97वीं बैठक डा हीरा लाल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड, गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। इस बैठक में विभिन्न जनपदों के जिलाधिकारी तथा उनके नामित प्रतिनिधि व शासन के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक का प्रारम्भ प्राधिकारी के सचिव राजीव यादव, अपर आयुक्त द्वारा करते हुये उपस्थित सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया गया। प्राधिकारी की बैठक में 31 प्रस्तावों पर चर्चा की गयी तथा उन्हें पारित किया गया, जिनमें मुख्य रूप से सरयू नहर परियोजना एवं अर्जुन नहर परियोजना में कराये जा रहे भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का अनुमोदन किया गया। प्राधिकारी की वित्तीय वर्ष 2010 से 2015-16 तक की आडिडेट बैलेंस सीट का भी अनुमोदन किया गया। प्राधिकारी के पास वर्तमान में 81 वाहन जिसमें ज्यादातर 15 वर्ष पुराने हैं, प्राधिकारी द्वारा 15 वर्ष पुराने वाहनों को नियमानुसार निष्प्रयोज्य करने हेतु नीलामी व स्क्रैप कराने के आदेश दिये गये। सरयू नहर परियोजना एवं अर्जुन नहर परियोजना में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति न होने के कारणों को प्राधिकारी के समक्ष रखा गया, प्राधिकारी की बैठक में किसानों की भूमि पर नालियां बनाये जाने के संबंध में नीति निर्धारण हेतु समिति का गठन कर शासन से अनुमति प्राप्त किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में कच्चे कार्य को मनरेगा के माध्यम से कराये जाने का प्रस्ताव पास किया गया।

प्राधिकारी द्वारा कार्यो में तकनीकी सहयोग हेतु निजी संस्थान, अर्द्धसरकारी, सरकारी संस्थान व एनजीओ से अनुबन्ध कर कार्य को कराये जाने हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इसके अतिरिक्त माइक्रोईरीगेशन को बढ़ावा प्रदान करने, स्प्रींकल सिंचाई जिसके माध्यम से कम पानी में फसलों की अधिक पैदावार की जा सकती है, से प्रदेश के किसानों को जागरूक करने पर बल दिया गया। जल, जंगल और जमीन की सेवा की जाए, ताकि जलवायु परिवर्तन को रोका जा सके।

# 69000 शिक्षक भर्ती : आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने घेरा मुख्यमंत्री आवास

समृद्धि न्यूज

▶ बेसिक शिक्षा विभाग व प्रशासन कर रहा वादाखिलाफी

**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास का घेराव किया इस दौरान अभ्यर्थियों ने जोरदार नारेबाजी भी की। मुख्यमंत्री के आवास पर भारी पुलिस बल तैनात है। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है की बेसिक शिक्षा विभाग और प्रशासन के लोग वादाखिलाफी कर रहे हैं।

पुलिस प्रशासन ने अभ्यर्थियों की मुलाकात मुख्यमंत्री से कराने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक उनकी मुलाकात नहीं हो पायी इसी बात से नाराज अभ्यर्थी एक बार फिर मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं अमरेंद्र पटेल ने बताया की लखनऊ हाई कोर्ट के डबल बेंच में 69000 शिक्षक भर्ती संबंधित मामले की सुनवाई चल रही है। इस संबंध में शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और विभाग के अधिकारी ने हम अभ्यर्थियों से मीटिंग में जो वादे किए थे उसके मुताबिक सरकार के वकील कोर्ट में पक्ष नहीं रख रहे हैं बल्कि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का विरोध कर रहे हैं। यह अभ्यर्थी चाहते हैं कि उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कराई जाए। अमरेंद्र पटेल ने बताया की मुख्यमंत्री के ही आदेश से हुई जाँच के बाद 6800 आरक्षित वर्ग की चयन सूची आई थी। अभ्यर्थियों को उम्मीद हैं की उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से होने पर पूरे मामले का सही निस्तारण हो जायेगा। विक्रम यादव ने कहा की 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण लागू करने में घोर अनियमितता बरती गई जिस कारण आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नौकरी से वंचित कर दिया गया। इस संबंध में कई बार आंदोलन के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने मामले का संज्ञान लिया और विसंगति दूर करते हुए पीड़ित दलित पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश अधिकारियों को दिया था, जिसके आधार पर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विसंगति को सुधारने के उपरांत 6800 दलित पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का वादा करते हुए एक सूची जारी की लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिल सका।

## आरओ-एआरओ पुनर्परीक्षा की मांग ने पकड़ा तूल

**लखनऊ।** सोशल मीडिया एक्स प्लेटफार्म पर आर.ओ. ए.आर.ओ. पुनर्परीक्षा की मांग ने तूल पकड़ लिया है। युवाओं को लोक सेवा आयोग द्वारा गठित आंतरिक जांच समिति व एसटीएफ जांच पर कतई भरोसा नहीं है। पूर्व में इस तरह की जांचों का हश्र देखा जा चुका है। दरअसल ऐसी जांच का मकसद युवाओं को न्याय दिलाना कतई नहीं है। इसी परिप्रेक्ष्य में युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर हाईकोर्ट के निर्देशन में उच्च स्तरीय समिति गठित कर समयबद्ध जांच और तत्काल पुनर्परीक्षा आयोजित कराने की मांग की है। युवा मंच का मानना है कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता के सरकारी प्रोपेगैंडा के बजाय अगर नकल व शिक्षा माफियाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया गया होता, युवाओं के साथ इतना बड़ा अन्याय नहीं होता। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले लोक सेवा आयोग में भ्रष्टाचार के सवाल पर युवाओं का जबरदस्त आंदोलन हुआ था, पीएम मोदी ने भी प्रदेश के युवाओं को भ्रष्टाचार मुक्त चयन प्रक्रिया का वायदा किया था लेकिन आज हालात पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल से भी बदतर हैं, इसमें पूरी तरह से सच्चाई है भले ही योगी सरकार चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता के दावे का चाहें जो प्रचार करे।

# प्रधानमंत्री की गारंटी से लोगों का विश्वास बढ़ा

▶ प्रथम चरण में छूटे पात्र को द्वितीय चरण में लाभ से जोड़ा जाए

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत सरकार के कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने के लिए बुधवार को सूचना, शिक्षा और संचार वैन आज प्रथम सत्र में सैनिक कालोनी प्रीतमनगर और दूसरे सत्र में कटरा मनमोहन चौराहे के पास पहुंची। जहां पात्र लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ से जोड़ने के लिए स्टाल लगाया गया। प्रीतमनगर में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तथा विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह और कटरा में मुख्य अतिथि फूलपुर की सांसद केशरी देवी पटेल ने लोगों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलायी।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के योजनाओं पर आधारित संदेश भी देखा। इस अवसर पर लाभार्थियों ने लाभ प्राप्त होने की कहानी अपनी ही जुबा से बयॉ किया। दोनों कार्यक्रम में



उपस्थित लोगों को कैलेण्डर, बुकलेट, फ्लायर वितरित किया गया। प्रथम सत्र के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धार्थ नाथ सिंह ने सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां भी जा रही है, वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है।

उन्होंने लगाये गये स्टालों पर जाकर पंजीकरण आदि की जानकारी ली। द्वितीय सत्र की मुख्य अतिथि केशरी देवी पटेल ने कटरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में द्वितीय चरण की विकसित भारत यात्रा इस उद्देश्य से चलायी गयी कि जो पात्र प्रथम चरण में योजनाओं के लाभ से छूट गये हैं, उन्हे द्वितीय चरण में जोड़ा जाय। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि स्टालों पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ लें। विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी, भारत सरकार राम मूरत ने बताया कि 15 फरवरी को प्रथम सत्र में एफ.सी.आई. नैनी तथा द्वितीय सत्र में खटिकाना बस्ती मुट्ठीगंज में वैन पहुंचेगी। इस दौरान पार्षद रीना, सोनिका अग्रवाल, चन्द्रशेखर ओझा, जोनल अधिकारी अखिलेश त्रिपाठी, अवनीश तिवारी, वैभव जायसवाल, धीरेन्द्र ओझा, सचिन जायसवाल, अमन केसरवानी, अभिषेक सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# एबीवीपी लखनऊ विवि इकाई ने विजेताओं को पहनाया मेडल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** एबीवीपी लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई के राष्ट्रीय कलामंच द्वारा विगत 7 फरवरी से 13 फरवरी तक वसंतोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिस कार्यक्रम का समापन आज लखनऊ विश्वविद्यालय के डी. पी. ए सभागार में पुरस्कार वितरण के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अभाविप लखनऊ महानगर की अध्यक्षा डॉ.भुवनेश्वरी भारद्वाज एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में अभाविप अवध प्रांत के राष्ट्रीय कलामंच की संयोजक कुसुम कनौजिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर मेडल पहनाते हुए महानगर अध्यक्ष ने कहा हम सभी का अपना एक सपना होता है मगर समस्या है दिन-प्रतिदिन बढ़ती जनसंख्या और लगातार कम होती पदों की संख्या। इसका साफ मतलब है कि हर कोई संगीतकार या चिकित्सक नहीं बन सकता है। इसलिए, यदि आप कुछ बनना चाहते हैं या आपके पास कोई क्षमता है, तो आपको दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी होगी और खुद को साबित भी करना होगा। संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन एबीवीपी लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई की राष्ट्रीय कलामंच संयोजक क्षमा श्रीवास्तव ने तथा कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं का स्वागत इकाई मंत्री जतिन शुक्ला तथा संचालन हिमांशु सिंह एवं अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन इकाई अध्यक्ष जयव्रत राय ने किया।

## महापौर और नगर आयुक्त ने सुनी पिंक टॉयलेट में कार्यरत महिलाओं की समस्याएं

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा नगर निगम में तैनात कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण एवं उनकी मांगों को सुनने इत्यादि के उद्देश्य से समय समय पर बैठकों के माध्यम से कर्मचारियों की सहायता की जाती है। महापौर की अध्यक्षता में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह की उपस्थिति में कर्मचारियों के साथ एक बैठक नगर निगम मुख्यालय पर आहूत की गयी। इस दौरान उनकी समस्याएं सुनने के बाद तत्काल निस्तारण के आदेश किए गए। बैठक में मुख्य रूप से नगर में निर्मित पिंक टॉयलेट में तैनात समस्त महिला कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों को सुना गया।जिसमें समस्त महिला कर्मचारियों ने विगत महीनों से लंबित पड़े वेतन को दिए जाने की मांग उठाई।

**लोकार्पण** ऊर्जा मंत्री ने मऊ को दी 48.5 करोड़ की सौगात, पांच उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि, एक का शिलान्यास

# प्रदेश में निर्बाध विद्युत अपूर्ति के लिए सरकार प्रयासरत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/मऊ।** प्रदेश में उच्चकोटि की निर्बाध विद्युत अपूर्ति के लिए प्रयासरत प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जिले को 48.50 करोड़ की सौगात दी। मंत्री श्री शर्मा ने मऊ में प्रवास के दौरान एक उपकेंद्र का शिलान्यास और 5 उपकेंद्रों की क्षमतावृद्धि के उपरान्त लोकार्पण किया।

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने दो दिवसीय मऊ जिले के प्रवास के दौरान जनता को 48.50 करोड़ रूपये की ऊर्जावान सौगात दी है। मंत्री श्री शर्मा ने जिले में उच्चकोटि की निर्बाध



विद्युत अपूर्ति व्यवस्था स्थापित करने के लिए 5 उपकेंद्रों का लोकार्पण करते हुए कहा कि आज का दिन बसंत पंचमी के साथ ही पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को याद करने का भी दिन है। हम सभी शहीदों हो हृदय के नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा चलायी जा रही आरडीएसएस योजना के तहत लगभग 17 हजार करोड़ के कार्यक्रम चल रहे है, बिजनेस प्लान में भी हमने दो बार मऊ को अतिरिक्त पैसा दिया है। नगरों में विद्युत व्यवस्था ठीक करने के लिए नगर विकास से भी एक हजार करोड़ रूपये दिए थे।

वहीं आज भी कंधेरी में बन रहे उपकेंद्र का निर्माण नगर विकास विभाग के पैसे से कराया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि मऊ में 33द11के0वी0 के 49 उपकेन्द्र है जिनकी स्थापित क्षमता 540 एम0वी0ए0 है। जिनसे 170 नं0 11के0वी0 पोषक निकलते है इससे जनपद मे लगभग 3,90,000 उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जा रही है। मऊ के अन्तर्गत 400 के0वी0ए0 का उपकेन्द्र कसारा में है तथा 09 नं0 132 के0वी0 उपकेन्द्र स्थापित है। जहाँ से 54 नं0 33 के0वी0 के पोषक निर्गत होते है। नगर निगम विकास योजना के अन्तर्गत आवंटित 25 करोड़ की धनराशि से 01 नं0 133/11 के0वी0 2म5 मेगावाट उपकेन्द्र नरईबाँध का निर्माण किया जायेगा जिसका आज शिलान्यास किया गया है। वहीं बिजनेस प्लान के अन्तर्गत आवंटित 36 करोड़ की धनराशि एवं आर0डी0एस0एस0 योजना के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्य चल रहे है। जिसमें 33द11 के0वी0 के 16 विद्युत उपकेन्द्र की क्षमतावृद्धि की गयी जिससे रस्तीपुर, ताजोपुर, भीटी, कोटवा, रतनपुरा, हलधरपुर, सेमरीजमालपुर, बेलौली, पलिया, अरदौना, घोसी, मधुबन, सूरजपुर, मादीसिपाह, बड़ागॉव घोसी को लाभ मिला है। 33 के0वी0 के 05 नये फीडर लगाए गए हैं। जिससे नदवासराय, मादीसिपाह, हिरनपुर, बख्तावरगंज एवं जहाँगीराबाद के लोगों को सुविधा मिली है। वहीं 32 11 के0वी0 के नये फीडर स्थापित किये गए हैं। 162 नये डिस्ट्रिब्यूशन ट्रान्सफार्मर स्थापित किये गए। 636 पुराने स्थापित डिस्ट्रीब्यूशन ट्रान्सफार्मर की क्षमतावृद्धि की गयी है। वहीं 01 फाल्ट लोकेटर मशीन, 13 मोबाईल ट्राली ट्रान्सफार्मर की व्यवस्था की गयी है।

# शहरवासियों के लिए अभिशाप बनी अमृत योजना

- सीवर लाइन के कार्य से लोगों का सड़क पर चलना दूभर
- विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे शहरवासी

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



सर्वोदय नगर में अमृत योजना के तहत सीवर लाइन का कार्य जारी , परंतु विभाग की लापरवाही के चलते एक तो काफी दिनों से यह कार्य लंबित है और खुदाई के बाद रोड न बनने की वजह से कस्बावासी घर से बाहर गाड़ी से तो क्या पैदल भी नहीं निकल पा रहे हैं।

सीवर लाइन बनने के बाद रोड को जस का तस छोड़ दिया गया है अतः थोड़ी सी बारिश से सर्वोदय नगर मोहल्ले में चारों तरफ सड़कों पर कीचड़ ही दिखाई पड़ता है जिस पर साइकिल दो पहिया वाहन चार पहिया वाहन से लेकर ट्रैक्टर तक नहीं चल पा रहे हैं लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि अगर सीवर लाइन का काम किया जा रहा है तो उसके बाद तुरंत रोड भी बनवा दी जाए क्योंकि सर्वोदय नगर में एक ही आने-जाने का एक ही मार्ग है।

अतः मोहल्ले वासियों को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले में एक तो बहुत कम दुकान हैं और जो दुकाने हैं भी उनमें भी बाहर से सामान नहीं आ पा रहा है छोटे बच्चो के विद्यालय बैसे तो बंद है लेकिन पिछले कई दिनों से बसें भी मोहल्ले में नहीं आ रही है।पढ़ने के लिए भी बच्चों को 1 से 2 किलोमीटर पैदल चलकर जाना पड़ता है ऐसे में मोहल्ले वालों का मोहल्ले में रहना व रोड पर चलना दूभर हो चुका।

सभी मोहल्लेवासी इस समय बड़ी कठिनाईओं का सामना कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की सुविधा उन्हें नहीं मिल पा रहे हैं लोगों का नौकरी पर जाना या कोई सामान लाना किसी युद्ध से कम नहीं है बच्चे ना तो कोचिंग और विद्यालय जा पा रहे हैं और इस समय यदि कोई बीमार पड़ गया तो उसे अस्पताल पहुंचने में भी नाकों चने चबाने पड़ जाते हैं ऐसी अवस्था में मोहल्ले वासी आखिर अपनी शिकायत लेकर कहां जाएं।

## रहस्यमय परिस्थितियों में दो नाबालिग बालिकाएं गायब

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। कस्बे की रहने वाली दो नाबालिग बालिकाएं रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गई। पीड़ित के पिता ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बे के कायस्थान टोला वार्ड नंबर 7 के रहने वाले संजय कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी पुत्री प्रियंशी 14 वर्ष तथा महिमा 13 वर्ष पुत्री रमेश बीती 13 फरवरी को कूटी मोहल्ला कस्बे में स्थित बुलाकेश्वर मंदिर में भंडारा खाने गई थी, उसके बाद वापस घर नहीं आई। दर्ज कराई रिपोर्ट में संजय कुमार ने कहा है कि उन्होंने अपनी बेटी तथा रमेश की बेटी को काफी खोजबीन की। रिश्तेदारी में भी खोजा गया, परंतु अभी तक उसका पता नहीं चल सका है। पीड़ित संजय कुमार की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। इस बारे में थानाध्यक्ष वृजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही है शीघ्र ही पता लगाया जाएगा।

## जय गुरुदेव के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी द्वारा चलाई जा रही जीव जागरण यात्रा



बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

बाबा जय गुरुदेव के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी संत बाबा उमाकांत तिवारी के आवाहन पर पूरे देश में जीव जागरण यात्रा चलाई जा रही हैद्य जिसके तहत लखनऊ मंडल स्तरीय यात्रा लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली होते हुए बछरावां कस्बे में पहुंची, जिसका भव्य स्वागत नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी के नेतृत्व मे सैकड़ो लोगो ने कियाद्य इस यात्रा का उद्देश्य लोगों को शाकाहारी बनाना एवं नशा मुक्त बनाना है, ताकि बीमारियों से बचा जा सकेद्य जिससे की आत्म कल्याण एवं अच्छे समाज का निर्माण हो सकेद्य इस यात्रा के अवसर पर सदाशिव शुक्ला, सरल पांडे, रामशंकर पाल, रामपाल सिंह, डॉक्टर अनिल त्रिपाठी, साकेत त्रिपाठी सहित भारी संख्या में बाबा जी के अनुयायी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### बसंत पंचमी के अवसर पर लगा मेला

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। बसंत पंचमी पर प्रसिद्ध ओरी दास तपोस्थली मोन में डेढ़ सौ वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने जहां बाबा ओरीदास के दर्शन कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा तो मेले में भी जमकर खरीदारी की बाबा ओरीदास तपोस्थली मोन पूरे जनपद ही नहीं पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान रखता है लोग कहते हैं कि बाबा ओरीदास से जो भी मनोकामना करो बाबा ओरीदास उसे जरूर पूरा करते 14 तारीख से शुरू हुआ या मेला तीन दिवसीय है 16 तारीख तक भाव मेला लगा रहता है उसके बाद भी व्यापारी यहां महीने भर टिककर अपना माल बेचते रहते हैं। वहीं मेले में दंगल सहित विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। मेले में जहां दूरदराज से व्यापारी अपना आकर सामान बेचते हैं तो वहीं दूरदराज से श्रद्धालु भी जाकर जहां मेले में खरीदारी करते हैं तो ही बाबा का आशीर्वाद भी लेते। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि मोन व्यवस्थापक अमरेंद्र सिंह विद्याकांत अवस्थी रोहित धनंजय सिंह सीताराम विपुल अंशुमान डॉ मातादीन पासी भगवानदीन सहित आज लोग मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो जाने से हड़कंप मच गया है। घटना लालगंज कोतवाली क्षेत्र के चांदा गांव गंगा एक्सप्रेसवे के पास की है द्य मृतक सरेनी क्षेत्र के अंतर्गत रसूलपुर का रहने वाला है बल्ली पुत्र मन्नू द्विवेदी जोकि किसी काम से आया हुआ था उनकी सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। जैसे ही इसकी सूचना परिजनों को हुई तो गांव में हड़कंप मच गया, घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के चांदा गांव के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार युवक हादसे का शिकार हो गया, इसके बाद घायल अवस्था में सड़क किनारे गिर गया। आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस के द्वारा उसे नजदीकी सीएचसी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया द्य जिसके बाद घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और आगे की विधिक कार्रवाई पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई। बताया जा रहा है कि मृतक बल्ली रसूलपुर सरेनी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। किसी काम से लखनऊ गया हुआ था और अपने घर वापस आ रहा था तभी हादसे का शिकार हो गया। वहीं पुलिस ने मृतक के परिवारजनों को सूचना दे दी है। घटना के बाद से परिवारजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो के बुरा हाल बना हुआ है। हादसे में मृतक की मोटरसाइकिल को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है आगे की जांच की जा रही है।

### अनियंत्रित बाइक की टक्कर से श्रमिक की मौत

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। खाने-पीने का सामान लेकर जा रहे श्रमिक को अनियंत्रित बाइक ने टक्कर मार दी। इलाज के लिए ले जाते समय श्रमिक की मौत हो गई। श्रमिक क्षेत्र के एक गांव में निर्माणाधीन धर्मकांटा पर काम कर रहा था। पुत्र की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हसनगंज थाना क्षेत्र के गांव मौला बांकीपुर निवासी अनूप सिंह पुत्र श्रीकृष्ण ने थाना पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके पिता श्रीकृष्ण पुत्र स्व0 सरजू सिंह फ्तेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव दुगंवा में निर्माणाधीन धर्मकांटा पर बतौर श्रमिक काम कर रहा था। मंगलवार शाम को वह ग्राम अख्तियारपुर से खाने-पीने का सामान लेकर वापस लौट रहे थे। अभी वह काली मिट्टी दबौली मार्ग पर ग्राम बहादुरखेड़ा के सामने ही पहुंचे ही थे तभी पीछे से लापरवाही से अज्ञात नम्बर की बाइक चलाकर आ क्षेत्र के ग्राम खग्गापुरवा निवासी जयनारायण ने श्रीकृष्ण को टक्कर मारी दी। गंभीर रूप से घायल श्रीकृष्ण को इलाज के लिए ले जाते समय मार्ग में उसकी मौत हो गई। पुत्र की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### आधा दर्जन बटुकों का हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। फ्तेहपुर चौरासी क्षेत्र के एक कस्बा में स्थित प्रसिद्ध महादेव मन्दिर में बसंत पंचमी के अवसर पर सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया। मंदिर पर प्रथम आयोजन पर आधा दर्जन से अधिक बटुको का यज्ञोपवीत कराकर उन्हें गायत्री मंत्र की दीक्षा दी गई। फ्तेहपुर चौरासी क्षेत्र के कस्बा ऊगू में स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में बुधवार को बसंत पंचमी के अवसर पर सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया। बताते चले कि नीलकंठ महादेव मंदिर में नीलम पत्थर से निर्मित शिवलिंग स्थापित है। मन्दिर के पुजारी लवकुश तिवारी आचार्य ऋषिकांत मिश्रा एवं आचार्य प्रेमनरायण मिश्रा द्वारा बसंत पंचमी पर्व पर बुधवार को आयोजित किए गए प्रथम सामूहिक उपनयन संस्कार आयोजन में ऊगू निवासी प्रांशु अग्निहोत्री व सहज त्रिवेदी रऊकरना निवासी ऋषि दीक्षित व शिवा दीक्षित किशुनपुर टंडवा निवासी दीपक पाण्डे व विकास दीक्षित एवं आयुष त्रिवेदी कुल साथ बाटुको का उपनयन संस्कार संपन्न कराकर उन्हें गायत्री मंत्र की दीक्षा दी गई। इस दौरान बटुको के परिजनों एवं कस्बावासियों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफ्ल बनाया तथा बटुकों को आशीर्वाद दिया। वही आचार्य जनों ने बाटुको को जनेऊ के महत्व को बताया।

### मोटेश्वर महादेव मंदिर में खाटूश्याम की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। सफीपुर कस्बे के मोटेश्वर मंदिर के समीप स्थित काशीशाह शिवालय में नवनिर्मित मंदिर में विधि-विधान से श्री खाटूश्याम जी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इससे पहले आयोजित हवन-पूजन और भंडारे में भक्तों की भीड़ उमड़ी। शाम को आयोजित भजन संध्या में लोग झूमकर नाचे। श्री खाटू श्याम जी की आरती के बाद प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया।

कस्बे के राहतगंज बाजार निवासी काशीशाह शिवालय में श्री खाटू श्याम प्राण प्रतिष्ठा एवं वंदना महोत्सव के अवसर पर बुधवार सुबह आचार्य विमलेश तिवारी के निर्देशन में पंच आचार्यो ने हवन-पूजन किया गया। मंत्रोच्चारण के बीच लोगों ने आहुतियां डालीं। इसके बाद श्री खाटू श्याम प्रतिमा का दूध, दही, शहद, बूरा, गंगाजल आदि से अभिषेक किया गया। भव्य श्रृंगार करने के बाद खाटू श्याम प्रतिमा की विधि-विधान से स्थापना की गई। यजमान बने मंदिर सर्वराकार आलोक गुप्ता सपत्नी बाबा खाटू श्याम की विधि विधान से पूजा अर्चना की।इसके बाद खाटू श्याम को भोग लगाया गया और भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में भक्तों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान आयोजित भजन संध्या में कलाकारों ने भजन सुनाकर भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया गया। भजन संध्या के बाद आरती हुई और फ्रि प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर श्यामू गुप्ता,शिवम गुप्ता,अशोक कुमार मुन्ना सेठ, बिरजू गुप्ता,शिवमोहन,सभासद बेचेलाल गुप्ता,पूनम गुप्ता,विकास गुप्ता आदि सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## वैलेंटाइन डे का बजरंग दल ने किया विरोध



- इंदिरा गार्डन गेट के सामने जमकर किया प्रदर्शन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली में हर वर्ष की बात इस वर्ष भी वैलेंटाइन डे के विरोध में बजरंग दल के लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की है वही गार्डन में पहुंचने वाले जोड़ों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी तैनात की गई है आपको बता दे कि बुधवार को रायबरेली जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के इंदिरा गार्डन के पास बजरंग दल के लोगों ने पहुंचकर वैलेंटाइन डे का जमकर विरोध किया और नारेबाजी की प्रदर्शन कर रहे जिला संयोजक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि लव जिहाद को लेकर जो हिंदू लड़कियों को पहले फुसलाया जा रहा है उसके विरोध में यहां पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है जो हर वर्ष वैलेंटाइन डे डे पर जहां धरना प्रदर्शन कर वैलेंटाइन डे का विरोध किया जाता है जानकारी अनुसार बता दे की इंदिरा गार्डन में यहां प्रेमी जोड़े इसी गार्डन में घूमने फिरने और मनोरंजन के लिए आते हैं जिसको लेकर बजरंग दल के लोगों द्वारा यहां वैलेंटाइन डे का विरोध करते हुए नारेबाजी की गई है

## तो क्या महराजगंज के नेता भी करेंगे बिहार वाली राजनीति

- अवधेश मिश्रा निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, सूर्य प्रकाश वर्मा बिहार स्टाइल को कर रहे हैं फॉलो

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



राजनीति में लोग फायदा में किस स्तर तक गिर जाते हैं इसका जीता जागता उदाहरण महराजगंज मंडल के भाजपा संगठन में साफ देखा जा सकता है एक ओर अभी कुछ दिन पूर्व भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडल अध्यक्ष बनाए गए विवेक पांडे का विरोध वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश मिश्रा और निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा की टीम द्वारा जमकर किया गया था अभी सप्ताह भर भी नहीं बिता की विरोध की तो बात छोड़िए भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे द्वारा ब्लॉक सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पहुंचे अवधेश मिश्रा और निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा द्वारा माल्यार्पण किया गया और साथ खड़े होकर ढेर सारे छायाचित्र खींचे गए जिसमें विरोध करने वाले कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे में आखिर रातों-रात ऐसा क्या दिखाई पड़ने लगा कि विरोध छोड़कर सेवा करने पर उतारू हो गए एक तरफ जहां महराजगंज में बीजेपी के वोट बड़े या ना बड़े इससे मतलब नहीं लेकिन मलाईदार पदों पर आसीन यह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जनाधार बढ़ाने में कम खुद को बढ़ाने में अधिक ध्यान दे रहे हैं शायद इसी का नतीजा है की लगातार रसगुल्ला खा रहे नेताओं में खलबली पैदा हो गई कि कहीं यह विरोध महंगा तो ना पड़ जाए और रातों-रात अपनी विचारधारा में बदलाव करते हुए मंडल अध्यक्ष के चरणों में जा गीरे राजनीति का ऐसा दोहरा चरित्र बहुत जगह देखने को मिला है लेकिन इतनी जल्दी आप बदल जाएंगे यह यह बात क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है महराजगंज के नेताओं को अक्सर इधर उधर जाते हुए देखा गया है। चाहे वह विधानसभा का चुनाव हो रहा हो या फिर अभी हाल ही में नगर पंचायत के चुनाव में गुटबाजी साफ देखने को मिली जहां एक ओर कुछ नेता बीजेपी के कैंडिडेट को हराने में एड़ी चोटी का जोर लगा रहे थे और बार-बार यही कह रहे थे कि यह न बनने पाए दूसरा चाहे बन ही जाए चाहे सभासद रहे हो या नगर अध्यक्ष रहा हो महराजगंज में गुटबाजी देखने को मिली है विधानसभा के चुनाव में यह भी देखने को मिला है की बड़ी तादाद में महाराजगंज से दूसरे प्रत्याशी को वोट कैसे मिल गई और गठबंधन का प्रत्याशी चुनाव हार गया कहीं यह गुटबाजी आगे चलकर लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की लुटिया ना डुबो दे।

## डीसीएम की टक्कर से होमगार्ड गंभीर रूप से घायल

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। तेज रफ्तार डीसीएम ने ड्यूटी पर जा रहे बाइक सवार होमगार्ड को मारी जोरदार टक्कर डीसीएम की टक्कर से होमगार्ड गंभीर रूप से हुआ घायल, मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अचलेश्वर गांव के पास का है जहां ड्यूटी जा रहे बाइक सवार होमगार्ड तेज बहादुर को तेज रफ्तार डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से घायल होमगार्ड को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम चालक को मय गाड़ी के हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



## पुलवामा हमले के शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज। स्थानीय विद्यालय एस एम सिंह सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों द्वारा विद्यालयी व्यवस्था प्रमुख अंजय सिंह व राष्ट्रीय स्वयं सेवक से सरेनी खंड कारवां नीरज सिंह निवासी भवानीपुर की अगुवाई मे पुलवामा हमले मे शहीद हुए 40 जवानों की स्मृति मे स्थानीय स्मारक पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालयी छात्रों एवं अध्यापकों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गयी व मोमबत्ती जलाकर शहीदों को याद किया गया। श्री सिंह ने कहा कि देश की रक्षा मे शहीद होने वाले जवानों का ऋण कभी भी नही चुकाया जा सकता है बल्कि शहीदों कि स्मृतियों को संजोकर रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नीरज सिंह ने बच्चों से अमर शहीदों का बलिदान याद रखेगा हिन्दुस्तान के साथ वन्दे मातरम व हम सब एक है एक रहेंगें आदि नारे लगवाते हुए कहा कि सरेनी स्थित शहीद स्मारक वीरता का प्रतीक है। देश कि रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले वीर सपूतों को कभी भुलाया नही जा सकता।

## अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कौशल प्रशिक्षित बन्दियों को प्रमाण पत्र किया वितरित

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



बसन्त पंचमी के शुभ अवसर पर जनपद के जिला कारागार में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता सेन्टर फॉर टेक्नॉलाजी एण्ड इन्टर प्रिन्योरशिप डेवलपमेंट, विश्वामित्र शिक्षण समिति एवं इण्टेको टेक्निकल सर्विसेज प्रा0लि0 द्वारा प्रशिक्षित बन्दियों को अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी द्वारा सिलाई, कम्प्यूटर एवं एलईडी रिपेयरिंग में प्रमाण पत्र वितरण किया गया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा सभी बन्दियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए जेल से बाहर निकलने के उपरान्त सीखे हुए कौशल से अपना जीवन यापन कर अच्छा जीवन जीने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक हर्षिता मिश्रा, जेलर हिमान्शू रौतेला, जिला समन्वयक कौशल विकास नेहा, डिप्टी जेलर अनिल विश्वकर्मा, जिला कौशल प्रबन्धक राजीव कुमार सिंह, प्रशिक्षण प्रदाता सीटेड के कोऑर्डिनेटर बालेन्द्र सिंह, प्रशिक्षण प्रदाता इण्टेको के कोऑर्डिनेटर प्रवीण झों एवं अन्य उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 155 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ



रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सलवन के मिनी स्टेडियम में रायबरेली में 155 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इन जोड़ो का उनके धार्मिक रीतिरिवाजों से विवाह कराया गया। विवाह के उपरांत जोड़ों को आशीर्वाद और नया जीवन शुरू करने हेतु घरेलू सामान भी दिया गया। इस जोड़े पवित्र वैवाहिक बंधन में बध गए।

समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि इस विवाह का उद्देश्य वैवाहिक कार्यक्रमो में होने वाले फिजूलखर्ची को रोकना है। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों जिनकी वार्षिक आय दो लाख से कम है उनके पुत्र और पुत्रियों का गरिमामय तरीके से विवाह संपन्न करना है। उन्होंने बताया कि इसमें विधवा और तलाकशुदा जोड़ों को भी शामिल किया जाता है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत दुल्हन को पैंतीस हजार रुपए प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है।

## निश्चित लक्ष्य का निर्धारण कर भविष्य के प्रति सचेत रहें छात्र-छात्राएं : सुनील सिंह

- बीएमपीएस में बसंत पंचमी पर्व के साथ कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न

लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



बैसवारा क्षेत्र की सर्वाधिक लोकप्रिय शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में बसंत पंचमी पर्व के साथ कक्षा 12 के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने विद्यालय परिवार के साथ विद्या देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए श्री सिंह ने कहा कि छात्र जीवन मनुष्य जीवन का अमूल्य खजाना होता है जिसकोसही रास्ते पर ही खर्च करना चाहिए।विद्यार्थी जीवन,जीवन का वह समय होता है जिसको अगर सही रास्ते पर लगाया जाए तो निश्चय ही आशातीत सफलता मिल सकती है। छात्रों को भविष्य के प्रति सचेत करते हुए उन्होंने कहा सिर्फ पढ़ाई पूरी कर लेना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए बल्कि घर,समाज, विद्यालय और क्षेत्र के लिए भी कुछ कर गुजरने की चाह रखनी चाहिए तभी यह विद्यार्थी जीवन सार्थक हो सकता है।प्रबंधक शांतनु सिंह एवं प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने अपने संदेश में कक्षा12 के बच्चों को उनके अपेक्षित परिणाम आने की शुभकामना दी।

## भारतीय किसान यूनियन ने दिलीप चौधरी को बनाया प्रदेश सचिव

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने संगठन को बढ़ाते हुए महराजगंज क्षेत्र के असनी गांव निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख के पुत्र एवं जमीनी स्तर के नेता रहे राम शंकर चौधरी के सुपुत्र दिलीप कुमार चौधरी को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी दी है तो वही आशीष चौधरी को जिला प्रभारी रायबरेली बनाया गया है ।जाकिर हुसैन राघोपुर को विधानसभा प्रभारी बछरावां बनाया गया है। वही क्षेत्र के सम्भ्रांत लोगों ने प्रदेश सचिव जिला प्रभारी एवं विधानसभा प्रभारी को पद मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) किसानों की आवाज उठाने किसानों के किसी प्रकार की समस्या दिक्कत होती है तो यह संगठन किसानों की हक की लड़ाई लड़ने के लिए जाना जाता है।

## गुरुकुल महाविद्यालय में बांटे गए स्मार्टफोन

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



14 फरवरी 2024 को युवा तकनीकी विकास एवं सशक्तिकरण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार की स्मार्टफोन वितरण योजना के अंतर्गत गुरुकुल महाविद्यालय में युवाओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महराजगंज उप जिलाधिकारी राजितराम गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर तथा पूजन अर्चन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। और अपने हाथों से छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किए तथा कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक/ सचिव आर. डी.मिश्रा ने छात्रों को तकनीकी ज्ञान प्रदान किया तथा मोबाइल फोन के उचित उपयोग की सलाह दी द्व कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों को विद्यालय द्वारा जलपान भी कराया गया स्मार्टफोन पाकर छात्रों के चेहरों पर प्रसन्नता की चमक साफ दिखाई पड़ रही थी द्व इस मौके पर प्राचार्य डॉक्टर प्रांजलि शुक्ला अमित पांडे पूजा अवस्थी बेबी सिंह सुरेंद्र कुमार गोविंद सिंह बीके मिश्रा अनामिका सिंह शक्ति रस्तोगी अभिषेक दीक्षित पंकज पटेल सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## लोकसभा प्रभारी का भाजपाइयों ने किया स्वागत

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश लोकसभा प्रभारी बैजयंत पांडया के प्रथम राजधानी लखनऊ आगमन पर सदर विधायक पंकज गुप्ता की अगुवाई में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओ का काफ्लि राजधानी के लिये फैन्टेसी मोटल से रवाना हुआ। ढोल नगाड़ो के बीच कार्यकर्ता भाजपा जिन्दाबाद के नारे लगाते हुये एयरपोर्ट पहुंचे। जहां जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार के साथ भव्य स्वागत किया गया। उनके साथ नीरज गुप्ता, प्रियंका शुक्ला, मनीष जायसवाल, लोली निगम, विनय सिंह, अवनीश गुप्ता, रमेश चौरसिया सहित बड़ी संख्या में रवाना हुये।

## ब्राम्हण महासभा आयोजनो में एक दर्जन युगलों का हुआ पाणिग्रहण

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।



बसंत पंचमी के पर्व पर शहर के कलेक्टरगंज में युवा ब्राम्हण कल्याण महासभा के तत्वाधान में 33वां सामूहिक विवाह एवं यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर 125 बटुको का उपनयन तथा 6 नवयुगलो का पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न हुआ। आचार्य पं.शिवओम दीक्षित के नेतृत्व में 31 आचार्यो द्वारा समस्त संस्कार सम्पन्न कराये गये। नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती श्वेता मिश्रा व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू ने नव दम्पतियो को शुभकामनाएं दी। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित करने हेतु संस्था के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के संस्था के अध्यक्ष धर्मेश दीक्षित, उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी, उपाध्यक्ष बलदेव तिवारी सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसी क्रम मे शहर प्रियदर्शिनी नगर में राष्ट्रीय ब्राम्हण महासभा द्वारा वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में भी 6 नवयुगलो का पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न हुआ। जहां पहुंची नगर पालिका अध्यक्षा ने वर-वधु को भेंट स्वरूप डिनर सेट देकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कौशलेंद्र मिश्रा, आलोपी प्रसाद मिश्रा, कमलेश दीक्षित सहित अन्य सम्मानित वरिष्ठजन उपस्थित रहे। इसी तरह सदर विधायक पंकज गुप्ता ने दोनो आयोजनो में पहुंचकर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने विचार व्यक्त करते हुये आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला और वर-वधू को शुभकामनाये प्रेषित की।

## तीन साल में दूसरा किसान आंदोलन

केंद सरकार की वादाखिलाफी और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफन्याय की आवाज उठाए हजारों किसान एक बार फिर दिल्ली की ओर बढ़ने लगे हैं। किसान मजदूर मोर्चा (केकेएम) और संयुक्त किसान मोर्चा (गैरराजनैतिक) ने पहले ही 13 फरवरी को दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया था, जिसके लिए किसानों ने तैयारी शुरु कर दी थी। इधर केंद्र सरकार ने भी किसानों को रोकने के लिए सीमाओं को सील करने से लेकर सड़कों पर कांटेदार जाल बिछाने और कीलें लगाने जैसी सारी तैयारियां कर ली थीं। पंजाब-हरियाणा के गांवों में लाउडस्पीकर से ऐलान करके किसानों को मार्च में शामिल न होने की परोक्ष धमकियां दी गईं। पुलिस की मॉक ड्रिल करवाई गई कि किस तरह किसानों को रोका जाए। पंजाब और हरियाणा से दिल्ली आने वाले रास्तों पर सीमेंट और भारी पत्थरों से बैरिकेडिंग कर किसानों को आगे बढ़ने से रोका गया, और किसान फिर भी नहीं रुके, तो उन पर शंभू बार्डर पर आंसू गैस के गोले दागे गए। केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार से बवाना स्टेडियम को अस्थायी जेल में बदलने तक का प्रस्ताव भेजा था, ताकि किसानों को आगे बढ़ने से पुलिस न रोक पाए, तो उन्हें जेल में तब्दील स्टेडियम में कैद कर लिया जाए। हालांकि दिल्ली सरकार ने इस प्रस्ताव को मानने से साफइंकार कर दिया और कहा कि किसानों की मांगें जायज हैं। दिल्ली सरकार के गृहमंत्री कैलाश गहलोत ने यह भी कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। इसलिए, किसानों को गिरफ्तार करना गलत है। दिल्ली सरकार के गृहमंत्री जो कह रहे हैं, केंद सरकार के गृहमंत्री शायद उससे इत्तेफाक नहीं रखते। किसान राजनीति के पुरोधा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने वाली सरकार किसानों का ही नहीं, लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान भी नहीं कर पा रही है। सबसे बड़ी बात यह कि केंद्र सरकार अपनी पिछली गलती से न कोई सबक ले रही है, न ही उस गलती के लिए पछतावे का कोई भाव दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि 2020 के अंत में किसान आंदोलन शुरु हुआ था। केंद्र सरकार ने किसानों से चर्चा किए बगैर, सारे पहलुओं को जांचे बिना ही तीन कृषि कानून लागू कर दिए थे। इन कानूनों से किसानों से उनकी जमीन और उपज दोनों ही कार्पोरेट के पास चले जाने का रास्ता साफहो गया था। इससे किसानों का तो नुकसान था ही, देश को भी दीर्घकालिक नुकसान होता। देश के बेहतर भविष्य की खातिर तब किसानों ने काले कानूनों को वापस लेने के लिए खेतों को छोड़ सड़कों पर उतरने का फैसला लिया था। केंद्र सरकार ने तब कई दौर की बातचीत किसानों से की, लेकिन वह दिखावा ही साबित हुई क्योंकि किसानों की मांगों और उनकी समस्याओं को सरकार ने समझने की कोशिश नहीं की। 2020 से शुरु हुआ आंदोलन 2021 तक चलता रहा। इस दौरान किसानों को कभी आतंकवादी और खालिस्तानी कहा गया, कभी उनके रास्ते में कांटे गाड़े गए, कभी उनके शिविरों में लगे एसी और आंदोलन स्थल पर मिल रहे भोजन को लेकर तंज कसे गए कि किसान ऐश कर रहे हैं। उस आंदोलन में कम से कम 7 सौ किसानों की मौत हो गई। लेकिन सरकार तब भी विचलित नहीं हुई। सबसे दुखद पहलू यह था कि किसानों के इस आंदोलन पर जनता भी गुमराह नजर आई। आंदोलन के कारण ट्रैफिक में दिक्कतें आ रही हैं, यह तो लोगों को दिखाई दिया, लेकिन यह बात समझ नहीं आई कि कुछ दिनों की दिक्कत सालों साल की बदहाली से बेहतर है। अगर कृषि कानून लागू हो जाते तो देश में हुई हरित क्रांति का कोई अर्थ नहीं रह जाता, क्योंकि खेतों से लेकर गोदामों तक कुछ उद्योगपतियों का कब्जा होता।

तमिलनाडु के लोगों के लिए। यही एकमात्र तरीका है जिससे मैं अपने लोगों को वापस लौटा सकता हूं। यह एक विशिष्ट तर्क है जिसका उपयोग कई राजनेता स्वयं को वास्तविक परोपकारी के रूप में प्रस्तुत करने के लिए करते हैं। में सफल अभिनेता से राजनेता बने एम.जी. रामचन्द्रन, जे. जयललिता, एम. करुणानिधि, सी.एन. अन्नादुरई, और कैप्टन विजयकांत। शिवाजी गणेशन, सरथकुमार, नेपोलियन और एस.एस. राजेंद्रन असफल रहे। एमजीआर का द्रविड़ मुनेत्रकड़गम (डीएमके) में मजबूत आधार था और उन्हें 1972 में एआईएडीएमके लॉन्च करने तक पार्टी के वोट मिले थे। दूसरी ओर, जयललिता अपने डीएमके विरोधी रुख के लिए जानी जाती थीं और उन्होंने उस मंच पर लोकप्रियता हासिल की थी। कमल हासन ने 2018 में अपनी राजनीतिक पार्टी, मक्कल निधि मय्यम की स्थापना की। दुर्भाग्य से, उनकी पार्टी ने 2019 और 2021 के चुनावों में कोई सीट नहीं जीती। दूसरी ओर, विजयकांत ने 2005 में अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत में उम्मीदें जगाई थी, लेकिन इसे बरकरार नहीं रख सके। हाल ही में उनका निधन हो गया।

# तमिल सुपरस्टार की नई पार्टी डीएमके व एआईएडीएम के लिए चुनौती

**कल्याणी शंकर**



विजय का लक्ष्य सत्तारूढ़ द्रमुक और प्राथमिक विपक्षी अन्नाद्रमुक सहित विभिन्न राजनीतिक दलों से मतदाताओं का समर्थन हासिल करना है। दौड़ में अन्य हैं नाम तमिलरकाची (एनटीके), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), पीएमके, मक्कल निधि मय्यम और वीसीके। चुनाव जीतने के लिए उन्हें इन सभी पार्टियों के मतदाताओं को लुभाना होगा। अतीत में, विजय के राजनीतिक समर्थन में 2011 में इंडिया अगेंस्टकरप्शन आंदोलन शामिल था। उन्होंने 2017 में जल्लीकट्टू समर्थक विरोध प्रदर्शन का भी समर्थन किया था। उन्होंने 2018 में थूथुकुडी घटना के पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। दूसरी ओर, जनता की उम्मीदों के बावजूद दशकों से रजनीकांत अब तस्वीर से बाहर हैं।

तमिल सुपरस्टार थलपति विजय ने पिछले हफ्ते अपनी राजनीतिक पार्टी, थमिड़गावेत्रीकड़गम (टीवीके) लॉन्च की। उन्होंने घोषणा की कि उनकी पार्टी तमिलनाडु में केवल 2026 का विधानसभा चुनाव लड़ेगी, 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं। सवाल यह है कि क्या वह सफल होंगे? अपनी पार्टी के लॉन्च के बाद विजय ने कहा, श्मैंने एक और फिल्म साइन की है, और मैं इसे पूरा करूंगा और अंततः खुद को राजनीति में शामिल करूंगा। मैं लंबे समय से अपनी राजनीतिक यात्रा के लिए खुद को तैयार कर रहा हूं। मैं खुद को उसके लिए समर्पित करूंगा।

तमिलनाडु के लोगों के लिए। यही एकमात्र तरीका है जिससे मैं अपने लोगों को वापस लौटा सकता हूं। यह एक विशिष्ट तर्क है जिसका उपयोग कई राजनेता स्वयं को वास्तविक परोपकारी के रूप में प्रस्तुत करने के लिए करते हैं। में सफल अभिनेता से राजनेता बने एम.जी. रामचन्द्रन, जे. जयललिता, एम. करुणानिधि, सी.एन. अन्नादुरई, और कैप्टन विजयकांत। शिवाजी गणेशन, सरथकुमार, नेपोलियन और एस.एस. राजेंद्रन असफल रहे। एमजीआर का द्रविड़ मुनेत्रकड़गम (डीएमके) में मजबूत आधार था और उन्हें 1972 में एआईएडीएमके लॉन्च करने तक पार्टी के वोट मिले थे। दूसरी ओर, जयललिता अपने डीएमके विरोधी रुख के लिए जानी जाती थीं और उन्होंने उस मंच पर लोकप्रियता हासिल की थी। कमल हासन ने 2018 में अपनी राजनीतिक पार्टी, मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) की स्थापना की। दुर्भाग्य से, उनकी पार्टी ने 2019 और 2021 के चुनावों में कोई सीट नहीं जीती। दूसरी ओर, विजयकांत ने 2005 में अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत में उम्मीदें जगाई थी, लेकिन इसे बरकरार नहीं रख सके। हाल ही में उनका निधन हो गया।

थलपति (जनरल) विजय उद्यार समुदाय के एक प्रसिद्ध अभिनेता और ईसाई हैं। ऐसी अफवाह है कि वह प्रति फिल्म लगभग 150 करोड़ की फी लेते हैं।विजय 2026 के विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। सत्तारूढ़ द्रमुक और एआईएडीएमके के विकल्प के रूप में जनता का विश्वास हासिल करने के लिए उनके पास पर्याप्त समय है। पीढ़ीगत बदलाव में उनके प्राथमिक प्रतिद्वंद्वी उदयनिधि हैं, जो एक मंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के बेटे हैं।विजय की राजनीतिक पार्टी तीन महत्वपूर्ण हस्तियों के विचारों को शामिल करते हुए एक राजनीतिक दर्शन अपनाने की योजना बना रही है। जबकि बी.आर. आम्बेडकर ने दलितों के अधिकारों की वकालत की, पेरियार एक प्रसिद्ध समाज सुधारक थे। कामराज पिछड़े वर्ग के समर्थक थे। गौरतलब है कि विजय ने अपनी पार्टी के नाम में द्रविड़ शब्द का इस्तेमाल नहीं करने का फैसला किया है।

विजय का लक्ष्य सत्तारूढ़ द्रमुक और प्राथमिक विपक्षी अन्नाद्रमुक सहित विभिन्न राजनीतिक दलों से मतदाताओं का समर्थन हासिल करना है। दौड़ में अन्य हैं नाम तमिलरकाची (एनटीके), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), पीएमके, मक्कल निधि मय्यम और वीसीके। चुनाव जीतने के लिए उन्हें इन सभी पार्टियों के मतदाताओं को लुभाना होगा। अतीत में, विजय के राजनीतिक समर्थन में 2011 में इंडिया अगेंस्टकरप्शन आंदोलन शामिल था। उन्होंने 2017 में जल्लीकट्टू समर्थक विरोध प्रदर्शन का भी समर्थन किया था। उन्होंने 2018 में थूथुकुडी घटना के पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। दूसरी ओर, जनता की उम्मीदों के बावजूद दशकों से रजनीकांत अब तस्वीर से बाहर हैं। फिल्मों के दीवाने राज्य तमिलनाडु में विजय को फायदा है। वह युवा हैं, भीड़ खींचने वाले हैं और उनके लिए समय सही है। इसके अतिरिक्त, उनकी तमिल पहचान उन्हें रजनीकांत पर बढ़त दिलाती है, जिनकी मराठी जड़ों और भाजपाध्आरएसएस संबंधों ने द्रविड़-प्रभुत्व वाले राज्य में विवाद को जन्म दिया है। विजय की सफलता उनके संचार कौशल और अपनी पार्टी की विचारधारा को कैसे परिभाषित करते हैं, इस पर निर्भर है। उन्हें इसकी प्रभावी ढंग से द्रमुक और अन्नाद्रमुक पार्टियों के द्रविड़ सिद्धांत से तुलना करनी चाहिए और आक्रामक रुख अपनाना चाहिए। विजय को बताना होगा कि वह किस राजनीतिक दल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। क्या वेद्रमुक, अन्नाद्रमुक या राष्ट्रीय दल हैं? एक नवागंतुक के रूप में, उनका सबसे अच्छा दांव सत्तारूढ़ सरकार, डीएमके का विरोध करना है।

यह रणनीति जे. जयललिता के लिए काम आई, जिन्होंने खुद को द्रमुक और उसके नेता करुणानिधि के खिलाफ खड़ा किया। इससे अंततरू एक राजनीतिज्ञ के रूप में उन्हें सफलता मिली। विजय प्रतिद्वंद्वी पार्टियों पर जीत हासिल कर सकते हैं और डीएमके की सत्ता विरोधी भावना पर काबू पा सकते हैं? द्रमुक और अन्नाद्रमुक के पास सत्ता बदलने का 50 साल का इतिहास है और दोनों के पास 30 प्रतिशत का मजबूत वोट आधार है। द्रमुक बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देती है, जबकि अन्नाद्रमुक लोकलुभावन योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करती है। चुनाव परिणाम चाहे जो भी हों, विजय की पार्टी अन्य खिलाड़ियों पर प्रभाव डालेगी। के विधानसभा चुनाव में अपनी सफलता सुनिश्चित करने के लिए विजय को बूथ समितियों के गठन पर ध्यान देने की जरूरत है।

**विचार**

# नागरिक संहिता पर केंद्रीय कानून की जरूरत

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

समान नागरिक संहिता बनाने के मामले में उत्तराखंड सरकार ने जिस तरीके से पहल की है, उससे हम सब के जेहन में एक अहम सवाल यह है कि क्या केंद्र की एनडीए सरकार इस पर कानून बनाकर संपूर्ण देश में लागू कर सकती है? अब देश के अन्य राज्यों ने भी इस पर कानून बनाने की योजना बनानी शुरू कर दी है। अगर हर राज्य समान नागरिक संहिता पर अलग- अलग कानून बनाते हैं तो उससे जो संसद द्वारा कानून बनाए गए हैं, मसलन तलाक, उत्तराधिकार अधिनियम, विवाह जैसे अधिनियमों का क्या होगा? ऐसी स्थिति में केंद्र और राज्य सरकारों के कानूनों को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो जाएगी।

इसलिए आवश्यक है कि केंद्र सरकार समान नागरिक संहिता के मामले पर अपनी चुप्पी तोड़े। उत्तराखंड में भाजपा की सरकार है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को लागू करने का मुद्दा भाजपा के घोषणा पत्र का हिस्सा रहा है। इसलिए सवाल उठना लाजमी है कि क्या भाजपा लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद समान नागरिक संहिता पर कानून बनाकर इसे पूरे देश में लागू करेगी? सवाल यह भी है कि अगर केंद्र सरकार ने देश में अपराधों को रोकने के लिए अलग कानून बनाए, तलाक के मामले में कानून बनाया, नकल रोकने के लिए संसद कानून बना रही है तो फिर समान नागरिक संहिता पर प्रदेश स्तर पर कानून बनाने का क्या औचित्य है? उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने 4 फरवरी 2024 को समान नागरिक संहिता के मसौदे को मंजूरी दे दी। उत्तराखंड मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के वहां की विधानसभा ने भी इसे पारित कर दिया। राज्यपाल की मंजूरी के बाद इस पर राष्ट्रपति की मंजूरी लेना आवश्यक होगा और उनकी मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। इस बिल के कानून बनने के बाद उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा।

उत्तराखंड में इस बिल के पेश होते ही देश में तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले कुछ सियासी दलों ने बवाल मचाना शुरू कर दिया है। इस मामले में सियासी दल मुसलमानों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं कि यह कानून मुसलमानों को टारगेट करने के लिए बनाया जा रहा है, जबकि यह पूरी तरह से भ्रामक तथ्य है। इसका उद्देश्य सभी धर्म और जातियों के नागरिकों में लैंगिक असमानता को समाप्त करना है। समान नागरिक संहिता को अगर पूरे देश में लागू किया जाता है तो सभी धार्मिक और आदिवासी समुदायों पर उनके व्यक्तिगत मामलों जैसे संपत्ति, विवाह, विरासत और गोद लेने आदि में लागू होगा।

उत्तराखंड में इस बिल के पेश होते ही देश में तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले कुछ सियासी दलों ने बवाल मचाना शुरू कर दिया है। इस मामले में सियासी दल मुसलमानों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं कि यह कानून मुसलमानों को टारगेट करने के लिए बनाया जा रहा है, जबकि यह पूरी तरह से भ्रामक तथ्य है। इसका उद्देश्य सभी धर्म और जातियों के नागरिकों में लैंगिक असमानता को समाप्त करना है। समान नागरिक संहिता को अगर पूरे देश में लागू किया जाता है तो सभी धार्मिक और आदिवासी समुदायों पर उनके व्यक्तिगत मामलों जैसे संपत्ति, विवाह, विरासत और गोद लेने आदि में लागू होगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के मुताबिक, राज्य भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा।

इसका मतलब यह है कि हिंदू विवाह अधिनियम (1955), हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम (1956) और मुस्लिम व्यक्तिगत कानून आवेदन अधिनियम (1937) जैसे धर्म पर आधारित मौजूदा व्यक्तिगत कानून भंग हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के मुताबिक, राज्य भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा। यानी संविधान सरकार को सभी समुदायों को उन मामलों पर एक साथ लाने का निर्देश दे रहा है, जो वर्तमान में उनके संबंधित व्यक्तिगत कानूनों द्वारा शासित है। दिलचस्प यह है कि भारतीय संविधान में हर धर्म की स्त्री और पुरुष दोनों को बराबरी से वोट डालने का अधिकार है।

सभी के लिए आपराधिक कानून भी समान हैं। लेकिन शादी, तलाक, बच्चे और संपत्ति संबंधी मामलों में महिलाओं के साथ भेदभाव होता है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद सभी धर्मों की महिलाओं की विवाह की आयु एक हो जाएगी। महिलाओं को पुरुषों के बराबर संपत्ति पर अधिकार मिल सकेगा। महिलाओं के पुनर्विवाह के नियम एक जैसे होंगे। बहु-विवाह पर प्रतिबंध लग सकेगा। लिव इन रिलेशन से पैदा होने वाले बच्चों को कानूनी अधिकार मिल सकेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि अगर समान नागरिक संहिता का कानून केंद्र सरकार बनाती है तो इससे जनसंख्या विस्फोट पर प्रतिबंध लग सकेगा। ध्यातव्य है कि सुप्रीम कोर्ट ने कई ऐतिहासिक निर्णयों में सरकार से समान नागरिक संहिता को लागू करने का आह्वान किया है और समय-समय पर न्यायालय ने केंद्र सरकार से इस पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। मोहम्मद अहमद बनाम शाह बानो बेगम के ऐतिहासिक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला दिया और समुदाय के व्यक्तिगत कानूनों की बजाय भारत के कानून सीआरपीसी को प्राथमिकता दी थी। इस फैसले में अदालत ने यह भी कहा था कि संविधान का अनुच्छेद 44 बेकार पड़ा हुआ है वह महज एक शोपीस आर्टिकल बनकर रह गया है। सवाल यह भी है कि अगर समान नागरिक संहिता इंडोनेशिया, बहरीन, तुर्किए और लेबनान जैसे देशों में लागू हो सकता है तो भारत में क्यों नहीं? ऐसे में तुष्टिकरण की नीति करने वाले सियासी दलों या धर्म के ठेकेदारों की सरकार क्यों परवाह कर रही है? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समान नागरिक संहिता की पुरजोर वकालत करते रहे हैं। उनका मानना है कि दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चलेगा? प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि भाजपा ने तय किया है कि वह तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के बजाय 'संतुष्टिकरण' के रास्ते पर चलेगी।

## सड़क पर किसान



यदि राजनीति और अन्य दुराग्रहों को नजरअंदाज कर दें तो देश के लिये अन्न उगाने वाले किसानों का अपनी मांगों के लिये सड़क पर आना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जायेगा। भले ही 2020-21 में हुए लंबे किसान आंदोलन के दौरान होने वाली हिंसक घटनाओं और लाल किले प्रकरण के मद्देनजर केंद्र व हरियाणा सरकार सख्ती दिखा रही हो, लेकिन फिर किसानों के लिये मार्ग में भारी-भरकम अवरोध लगाने और कीलें बिछाने की कार्रवाई को अच्छा नहीं कहा जा सकता है।

निस्संदेह,प्रशासन के सामने कानून-व्यवस्था का प्रश्न होता है और ऐसे आंदोलन के दौरान अराजक तत्वों की दखल का अंदेशा बना रहता है। आम नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर ऐसे उपाय जरूरी हो सकते हैं मगर सवाल यह है कि ऐसी स्थिति आती ही क्यों है? समय रहते किसानों के जायज मुद्दों पर संवेदनशील पहल क्यों नहीं होती। तीन कृषि कानूनों के विरोध में लंबे चले आंदोलन के बाद हुए समझौते से जुड़े मुद्दों पर अमल के लिये केंद्र सरकार के पास पर्याप्त समय था। बेहतर होता कि कुछ मांगों को पूरा करने पर पहल होती। वैसे सरकार की दलील रही है कि इतने बड़े देश में हर फसल को एमएसपी के दायरे में लाना व्यावहारिक न होगा और उसका अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव पड़ेगा। लेकिन इसके बावजूद हम स्वीकारें कि आज खेती घाटे का सौदा बन गई है। किसानों की आत्महत्या को इससे जोड़कर देखा जाना चाहिए। नई पीढ़ी अब खेती से कतराने लगी है। निस्संदेह, भारतीय खेती का स्वरूप विशुद्ध व्यावसायिक नहीं रहा है, लेकिन हमें याद रहे कि देश की करीब आधी आबादी प्रत्यक्ष और परोक्ष तौर पर खेती व उससे जुड़े व्यवसायों पर निर्भर है। अतरू खेती को लाभकारी बनाने की जरूरत है। कोई बीच का रास्ता किसान असंतोष को दूर करने के लिये उठाया जा सकता है।

दरअसल, किसान आंदोलनकारी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने , खेतिहर मजदूरों के लिये पेंशन, कृषि ऋण माफी, डब्ल्यूटीए से हटने, किसानों पर दर्ज मुकदमें वापस लेने, लखीमपुर खीरी कांड के पीड़ितों को आर्थिक मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। विडंबना है कि आंदोलन की शुरुआत से पहले किसानों से केंद्रीय मंत्रियों की मैराथन वार्ता बेनतीजा रही। जिसके बाद किसान नेताओं ने दिल्ली कूच करने के फैसले को अंतिम रूप दिया। दरअसल, किसान भी जानते हैं कि देश में जब आम चुनाव सिर पर हैं तो केंद्र सरकार पर दबाव बनाया जा सकता है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिये कानून बनाने का उनका सबल आग्रह है। निस्संदेह, किसी भी संगठन को आंदोलन करने का संवैधानिक अधिकार है। लेकिन प्रयास होना चाहिए कि आंदोलन हिंसक रूप न ले और आंदोलन योजनाबद्ध ढंग से तार्किक परिणति तक पहुंचे। किसानों के मुद्दे अपनी जगह हैं लेकिन किसानों को रोकने के लिये सरकारों द्वारा की गई व्यूह रचना से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा के कई जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद पड़ी हैं। शासन-प्रशासन ने यात्रियों के लिये जो वैकल्पिक मार्ग तय किये हैं, यात्री उनमें भटक रहे हैं। दिल्ली की नाकेबंदी के चलते भयंकर जाम की स्थिति बन गई है और लोग तीन-चार घंटे तक जाम में फंसे रहे हैं। कई स्थानों पर किसानों को लेकर लोग आक्रोश व्यक्त करते रहे।



## राशिफल

**मेषः-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें।

**बृषभः-** विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**मिथुनः-** किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें।

**कर्क :-** किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलने वाली हैं।

**सिंहः-** अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

**कन्याः-** कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुलाः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाएं फलीभूत होंगी।

**वृश्चिकः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**धनुः-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है।

**मकरः-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभः-** रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव।

**मीनः-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

# शहर के दामन पर दाग लगा रही कोटा में आत्महत्याओं की घटनाएं

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान का कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। कोटा में एक बार फिर कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड का मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ के रहने वाले स्टूडेंट शुभकुमार चौधरी (16) ने सोमवार रात फंदे पर लटककर जान दे दी।

डीएसपी भवानी सिंह ने बताया कि स्टूडेंट 12वीं में पढ़ाई करता था। सोमवार रात जेईई की रिजल्ट आया था। सुबह उसने पैरेंट्स का फोन नहीं उठाया तब वार्डन को कॉल किया। वार्डन ने गेट को धक्का देकर खोला तो स्टूडेंट पंखे पर लटका हुआ था। इस साल कोटा में सुसाइड का यह चौथा मामला है। इसके अलावा 2 फरवरी को गोंडा के नूर मोहम्मद (27) ने, 31 जनवरी को कोटा के बोरखेड़ा की निहारिका (18) ने, 24 जनवरी को मुरादाबाद के मोहमद जैद (19) ने आत्महत्या की थी। राजस्थान का कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र



कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा के छात्रों की संख्या काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही हैं। वर्ष 2012 से अब तक यहां 148 छात्रों ने आत्महत्या की है।

कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही हैं। कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं।

कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही हैं। कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं।

अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा यहां पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां के कोचिंग संस्थानों में कई शिफ्टों में अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है।

कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहते हैं, जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलनो के चलते यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। आज कोटा में नाम मात्र के ही उद्योग रह गए हैं। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलने लगे थे। 2005 तक यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा शहर की पूरी अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहों पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# यातायात नियमों का सख्ती से करायें पालन : डीएम

रॉन्ग साइड चल रहे वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई के दिए निर्देश



उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु ब्लैक स्पॉट, स्पीड ब्रेकर व सकेतांक रिफ्लेक्टर लगाने के साथ ही रॉन्ग साइड चल रहे वाहनों पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वाले, नशे की हालत में वाहन चलने वाले व यातायात नियमों का पालन न करने वाले व्यक्तियों पर सख्त प्रभावी कार्यवाही अमल में लाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन चलाते समय यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने एनएचएआई को राष्ट्रीय राजमार्गों व संबंधित मार्गों पर स्वैत, पीली पट्टी व ब्रेकरों को पेंट करने व आवश्यक स्थलों पर रेडियम पट्टिका लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाईवे पर अवैध कट को चिन्हित कर बंद कराए, जाए इसके लिए नियमित निरीक्षण किए जाएं। उन्होंने कहा कि हाईवे पर पढ़ने वाले ढाबों, होटल अवैध कट कर लेते, ऐसे अवैध कट चिन्हित कर बंद कराया जाए साथ ही ढाबों होटल आदि पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए लाइसेंस निरस्त किया जाए। हाईवे पर पढ़ने वाले ढाबों, होटल पर एप्रोच मार्ग, पार्किंग नहीं बने हुए हैं, वाहन सड़क पर खड़े किए जाते हैं ऐसे स्थान पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने ऐसे ढाबोंघ् होटलों व वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि नियत स्थान के अलावा सड़क पर वाहन खड़े न हो नियमित अधिकारी भ्रमणशील रहे, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि अगर चालक की लापरवाही से दुर्घटनाये हुई तो लाइसेंस निरस्त कर आदि कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्कूली वाहनों, एम्बुलेंस व सरकारी विभागों में कार्यरत वाहनों व अन्य वाहनों की फिटनेस की जांच की समीक्षा एवं उनके चालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच तथा ड्राइविंग लाइसेंस का परीक्षण नियमित रूप से करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल व विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नुक्कड़ नाटक व रैली आदि के माध्यम से आम जनमानस को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। एचपी व आईओसी पेट्रोल पंप द्वारा बड़गांव हाईवे पर अवैध कट कर लिया गया है जिस पर एनएचएआई को निर्देशित किया गया कि अवैध कट को बंद करें साथ ही युक्त पेट्रोल पंप संचालक पर एफआईआर दर्ज कराएं। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, अधिशाषी अभियंता निर्माण खंड प्रथम सुनील कुमार, अधिशाषी अभियंता द्वितीय केसरी प्रकाश, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमित सक्सेना, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार वर्मा, सहित आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जेसीबी से रास्ता अवरुद्ध कर दी जानमाल की धमकी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** जेसीबी लगाकर रास्ता अवरुद्ध करने एवं मना करने पर विपक्षियों द्वारा गाली, गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी शिवप्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही देवदत्त, बाबू सिंह व राजेश ने आम रास्ते पर जेसीबी लगाकर रास्ता बंद कर दिया था। जिससे लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही है। जब वह रास्ते से होकर निकले तो रास्ता बंद होने के चलते वह निकल नहीं पा रहे थे। इसको लेकर जब उन्होंने विपक्षियों से जेसीबी हटाने के लिए कहा तो वह गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर तीनों ने मिलकर लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी, जिसमें उसे चोटें आई हैं। जब आसपास के लोग उसे बचाने के लिए आए तो तीनों शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

## शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस पर हुई विशेष आराधना

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।



विद्या की अधिष्ठात्री देवी माता मां सरस्वती के प्राकट्य रूप बंसत पंचमी आज पारम्परिक ढंग से धार्मिक रूप में मनाया गया। इस के मौके सरस्वती मंदिर में विशेष आराधना तथा विद्यालयों में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गयी।

बुधवार को बंसत पंचमी के मौके पर नगर के एक मात्र सरस्वती मन्दिर में माता की विशेष पूजा अर्चना हवन इत्यादि का आयोजन किया। गुप्त नवरात्रि के पांचवे दिन माता की विशेष अराधना के साथ सामुहिक की आरती की गयी। मन्दिर परिसर में चल सासाहिक श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान का समापन हो गया इस मौके पर मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर में बसंत पंचमी के मौके पर भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की।नगर व ग्रामीण क्षेत्र में संचालित विद्यालयों में बसंत पंचमी के मौके पर माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा पूजा अर्चना की गयी। नगर में संचालित एस बी डी एम इण्टर कॉलेज, एम एल कान्वेंट में इस मौके पर हवन का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने मां सरस्वती को आहुति देकर तीक्ष्ण बुद्धि देने की प्रार्थना की। प्राइवेट विद्यालयों में पूजा पाठ तथा आरती उतार कर मां ज्ञान देने का आशीर्वाद मांगा। विद्यालयों में प्रसाद वितरण किया गया।

# खबरें एक नजर में

## राजकीय मेडिकल कालेज में बसंत पंचमी का मनाया उत्सव




**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** बुधवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज, जालौन (उरई) में ''बंसत पंचमी'' का पावन पर्व मनाया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन डा. छावि जयसवाल, सह-आचार्य, बाल रोग विभाग एवं डा. मीनल गोयल, सहायक आचार्य, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के द्वारा किया गया। जिसके क्रम में प्रधानाचार्य डा. आरके मौर्य के द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय के शैक्षणिक भवन परिसर में विद्या की देवी ''माँ सरस्वती जी'' की मूर्ति की स्थापना करायी गयी एवं मूर्ति का पूजन एवं हवन समुचित वैदिक विधि से ब्राहमणों के द्वारा कराया गया तथा उक्त कार्यक्रम के दौरान इस चिकित्सा महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं के द्वारा माँ सरस्वती जी की वन्दना एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। तद्पिरान्त कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य डा. आरके मौर्य के द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं से पठन-पाठन के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये एवं उन्हें मार्गदर्शित किया गया। इसके उपरांत समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को प्रसाद वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर इस चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. आरके मौर्य, उप प्रधानाचार्य डा. आरएन कुशवाहा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रशान्त निरंजन, डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डा. विशाल अग्रवाल, एकेडमी प्रभारी डा. आलोक सिंह, डा. प्रदीप गुप्ता, डा. रघुवीर मण्डलोई, डा. जितेन्द्र मिश्रा चिकित्साधिकारी, एवं अन्य कर्मचारी तथा अध्ययनरत् छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

## 151 मीटर चुनरी के साथ कलश पदयात्रा की तैयारियां पूरी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** मां नवदुर्गा सेवा समिति के द्वारा आयोजित 151 मीटर चुनरी एवं 301 कलश पदयात्रा से पूर्ण धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में रामचरितमानस पाठ एवं सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया गया। नगर के चुंगी नंबर चार स्थित करास देव मंदिर पर आयोजित मां नवदुर्गा सेवा समिति के सदस्यों ने रामचरित मानस एवं संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। संगीतमय पाठ के बाद आरती व महाप्रसाद का वितरण किया गया। चुनरी यात्रा व्यवस्थापक सतीश भगत व दीपक पाटकर ने कहा कि कलियुग में भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर पार हो सकता है। प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। सुंदरकांड बजरंगबली की अराधना है। इसके पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। चुनरी व कलश यात्रा कार्यक्रम से पूर्व धार्मिक अनुष्ठान करना परंपरा है और यह कार्यक्रम विश्व कल्याण की भावना से आयोजित किया जाता है। बताया कि 19 फरवरी को बड़ी माता परिसर से चुनरी एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के विभिन्न मंदिरों से होकर अकोढ़ी दुबे स्थित मां कामांक्षा देवी मंदिर पर पहुंचेगी। जो महिलाएं कलश लेना चाहती हैं वह समिति से संपर्क कर अपना कलश सुनिश्चित करवा लें। इस मौके पर संरक्षक शैलेंद्र सिंह राजावत, अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव, धीरज साहू, श्यामजी गुप्ता, दीपू पुरवार, दीपक महंत, लोकेश महंत, अनिकेत राठौर, बृजेंद्र कुशवाहा, मानसिंह यादव, सीटू गुप्ता, गोपाल विशनोई, संतोष गुप्ता, हरि विशनोई आदि मौजूद रहे।

## धनराशि हड़पने पर मैनेजर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** विद्यालय निर्माण के लिए सोसाइटी द्वारा भेजी गई धनराशि का करीब 25 फीसदी हिस्सा को मैनेजर द्वारा हड़पे जाने की शिकायत पर न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर में प्रतापपुरा रोड स्थित सेंट पॉल्स स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर सनी जेम्स ने न्यायालय को बताया था कि कैथोलिक डायोसीज ऑफझांसी एजूकेशन सोसाइटी द्वारा वर्ष 2016-17 से संचालित इस स्कूल में प्रबंधक फादर हेरोल्ड निवासी कैंट झांसी थे। जब विद्यालय के निर्माण के दौरान रुपयों की आवश्यकता हुई तो उन्होंने सोसाइटी के अध्यक्ष से धन मांगा तो अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि विद्यालय को वर्ष 2016 से 2017 के मध्य एक करोड़ 15 लाख, 38 हजार 896 रुपये भेजे जा चुके हैं। सोसाइटी के पास निधि कम होने की वजह से और धन नहीं दिया जा सकता। इसको लेकर जब उन्होंने प्रबंधक से हिसाब मांगा तो वह देने में आनाकानी करने रहे और बताया कि निर्माण में पूरी धनराशि खर्च हो चुकी है। बार बार हिसाब मांगने के बाद भी उन्होंने हिसाब नहीं दिया बल्कि अपना स्थानांतरण करा लिया। जब उन्होंने अपने स्तर से जानकारी की तो पता चला कि प्रबंधक ने विद्यालय को निर्माण के लिए मिली धनराशि का करीब 25 फीसदी हिस्सा अपने निजी खाते एवं अपने रिश्तेदारों के खातों में स्थानांतरण कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रबंधक ने विद्यालय के लिए मिली धनराशि का गबन कर लिया है। इस मामले में न्यायालय ने कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए थे। कोतवाल विमलेश कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

# न्यामतपुर गौशाला निरीक्षण में मिली खामियां, बीडीओ ने लगाई फटकार

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।

शासन के मंशानूसार बेसहारा गौवंशों के रखरखाव की बेहतर व्यवस्था को लेकर खंड विकास अधिकारी द्वारा ब्लाक में लगातार गौशालाओं का निरीक्षण किया जा रहा है जिससे व्यवस्थाओं में कमी मिलने पर संबंधित अधिकारी प्रधान को आवश्यक निर्देश देकर सुधार करवाया जा सके।

ज्ञातव्य हो कि विकास खंड महेवा की ग्राम पंचायत न्यामतपुर गौशाला में खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार मिश्रा द्वारा निरीक्षण किया गया जहां गंदगी मिलने पर गौवंशों को हरा चारा न मिलने की स्थिति में खंड विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारी प्रधान को आवश्यक निर्देश देते हुए सुधार के लिए कहा गया वही गौशाला में भूसा पानी सहित गौवंशों के बैठने उठने की व्यवस्थाओं को भी चेक किया गया। निरीक्षण के संबंध में खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि ब्लाक स्तर पर जो भी गौशालायें संचालित है उनमें प्रधान व सचिव किसी प्रकार की कोताही न बरते अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की जायेगी। गौवंशों को शासन की गाइड लाइन अनुसार भूसा चारा आदि उपलब्ध कराए साथ ही परिसर में गंदगी न होने दे। संबंधित सचिव समय समय पर गौशालाओं में देख रेख जारी रखे। गौवंशों को बीमारी की स्थिति में तत्काल पशु चिकित्साधिकारी को सूचना देकर उपचार करवाए एव बीमार गौवंश के लिए अलग से व्यवस्थाएं बनाए रखे जिससे स्वस्थ्य गौवंश उसे कोई नुकसान न पहुंचा सके। प्रेस वार्ता में बीडीओ संदीप कुमार मिश्रा द्वारा बताया कि गौशालाओं के निरीक्षण के क्रम में न्यामतपुर गौशाला का निरीक्षण किया गया जहां गंदगी आदि कमी मिलने पर आवश्यक निर्देश दिए गए है। मौके पर पशु चिकित्साधिकारी, ग्राम प्रधान व सचिव सुरेश चंद निषाद मौजूद रहे।

# बसंत पंचमी मेले में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।

**निषाद समाज अपने बच्चों को शिक्षित कर संस्कारवान बनाये : बाबूराम निषाद**

बुधवार को बसंत पंचमी के अवसर पर यमुना नदी तट में स्थित महर्षि वेद व्यास मंदिर परिसर में व्यास जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद के हाथों सम्मान पाकर मेधावी छात्र, छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

मंदिर परिसर में पूर्व प्रधान छोटेलाल निषाद की मौजूदगी आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के उन्नयन के लिए सरकार के द्वारा तमाम प्रकार की योजना को चलाया जा रहा है। उन्होंने निषाद समाज के लोगों से आव्हान किया कि अपने अपने बच्चों को शिक्षित तथा संस्कारवान बनाने में सक्रिय योगदान दे। पूर्व प्रधान छोटे लाल निषाद ने बताया कि कालपी क्षेत्र के ग्राम मदारपुर में प्राचीन व्यास मंदिर स्थित है। प्राचीन परम्पराओं की मानें तो यमुना नदी तट पर स्थित महर्षि वेदव्यास स्मारक का शिलान्यास उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल महामहिम कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी के कर कमलों द्वारा 30 जनवरी 1953 को किया था। वेदों के रचयिता महर्षि वेद व्यास की जन्मस्थली में परपरागत ढंग से व्यास जयन्ती समारोह प्रति वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी व्यास जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं का भी अभिनंदन किया गया। महर्षि वेद व्यास विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व प्रधान देवकली उमाशंकर निषाद व महामंत्री रामजी रामसखा, अमर सिंह निषाद, ग्राम प्रधान कीरतपुर पवनदीन निषाद के अलावा क्षेत्रवासियों की मौजूदगी रही।

## बसंत पंचमी मेले में दिखी हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल

**कालपी।** बुधवार को बसंत पंचमी के अवसर पर यमुना नदी के तट में स्थित विख्यात मदार साहब के मेले में हिंदू मुस्लिम एकता तथा सद्भाव का संगम दिखाई दिया। दम मदार बेड़ा पार के नारों से माहौल गुंजायमान रहा। गौरतलब हो कि कालपी नगर से 2 किमी के फासले में ग्राम मदारपुर में हर साल बसंत पंचमी का। मेला लगता है। बुधवार की सुबह सद्भाव के प्रतीक सफेद झंडा फहराकर बसंत पंचमी मेले का शुभारंभ हुआ। यमुना नदी के तट में हजरत मदार साहब ने लंबे अरसे तक बियावन जंगल में तपस्या की थी, बताते हैं कि तत्समय जंगल में रह रहा एक शेर राहगीरों पर हमला करता रहता था। इसकी खबर मिलने पर मदार साहब ने शेर को पत्थर का बना दिया, पत्थर नुमा शेर आज भी मदार साहब के आस्ताने के परिसर में स्थापित है। जिन-जिन लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती है।

# मार्च माह से इलेक्ट्रॉनिक बेइंग मशीन से होगा राशन खाद्यान्न का वितरण

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

**एसडीएम ने शासन से आयी मशीनों का निरीक्षण कर समझी प्रक्रिया**

अगले माह से इलेक्ट्रॉनिक बेइंग मशीन से उचित दर की दुकानों से राशन का वितरण होगा। कोटेदारों को दिए जाने वाली मशीन शासन स्तर से उपलब्ध हो गई हैं। कोटेदारों का प्रशिक्षण न हो पाने के कारण अगले माह से इनसे वितरण कराया जाएगा। शासन से आई मशीनों का एसडीएम ने निरीक्षण किया और प्रक्रिया को समझा।

शासन की मंशा है कि राशनकार्ड धारकों पूरी मात्रा में राशन मिले और घटतौली की समस्या समाप्त हो। इसके अभी तक चल रही ईपॉस मशीनों को बंद कर दिया जाएगा। इनके स्थान पर नई ईपॉस मशीन आई हैं। इन ईपॉस मशीनों को इलेक्ट्रॉनिक बेइंग मशीन से जोड़ा जाएगा। यह मशीन खाद्यान्न की सही मात्रा रखने के बाद ही उसे स्वीकार करेगी। इसके साथ खाद्यान्न रिसीव करने की आनलाइन सुविधा भी होगी।

पूर्ति कार्यालय से संबद्ध 137 कोटेदारों को मार्च माह में इलेक्ट्रॉनिक बेइंग मशीन का वितरण शुरू हो जाएगा। जिसके बाद इन्हीं मशीनों से राशन का वितरण होगा। अभी इन मशीनों को भिटारा के पास स्थित गोदाम में सुरक्षित रखा गया है। शासन से आई इन नई मशीनों का एसडीएम ने निरीक्षण किया है। निरीक्षण में पूर्ति निरीक्षक अजीत कुमार ने एसडीएम को बताया कि अभी मशीनों की जांच करके मोहर लगाई जाएगी। कोटेदारों को इनको चलाने का प्रशिक्षण दिलाया जाना है। प्रशिक्षण के बाद अगले महीने इन मशीनों का वितरण करा दिया जाएगा। इसलिए इस माह पुरानी मशीन से ही 15 फरवरी से राशन वितरित कराया जाएगा।

# बाल विवाह की सूचना पर टीम ने गांव पहुंच परिजनों को समझाया

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा में सुनीता बाल्मीकि की लगभग 14 वर्षीय बेटी की शादी बुधवार को होनी थी। परिजनों ने बेटी का रिश्ता भिंड जिला के रावतपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिजौरा निवासी राज के साथ तय की थी। बुधवार की रात रावतपुरा से ही शादी का आयोजन होता था। नाबालिग भतीजी की शादी की जानकारी उसके फूफा को हुई तो फूफा ने सलहज को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद भी न मानने पर फूफा पप्पू वाल्मीकि निवासी ग्राम लौना ने इसी जानकारी कोतवाली समेत जिला प्रोबेशन अधिकारी को दे दी। नाबालिग की शादी होने की जानकारी मिलते ही प्रोबेशन कार्यालय से संरक्षा अधिकारी जूली खातून, काउंसलर रचना कुशवाहा व सुरेश, एसआई ओंकार सिंह व पुलिस टीम के साथ गांव में पहुंच गए। जहां उन्होंने लड़की मां को नाबालिग की शादी से होने वाली परेशानियों के बारे में समझाया। जिसके बाद परिवार के साथ शादी न करने के लिए मान गए।

# गन्ना बीज बदलाव अति आवश्यक : आर एस मिश्रा



उतरौला बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

बजाज चीनी मिल इटई मैदा परिक्षेत्र के गोवर्धनपुर जोन से संबंधित ग्राम परसौना बढ़नी में गन्ना कृषक गोष्ठी कर किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई में गन्ना बीज बदलाव के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा उत्पादन प्राप्त करने के बारे मे चीनी मिल के सहायक महाप्रबंधक गन्ना आर एस मिश्रा एवं गन्ना विकास निरीक्षक उतरौला केपी मिश्रा के संयुक्त तत्वावधान मे किसानों को गन्ना बुवाई से संबंधित जानकारी दिया गया जैसे उन्नतशील प्राजातियो की बुवाई उन्नतशील प्रजातियों के बीज का चुनाव गन्ना बीज उपचार भूमि उपचार ट्रेंच विधि से बुवाई फसल सुरक्षा आदि समसामयिक विषयों पर जानकारी किसानों को दी गई एवं चीनी मिल द्वारा किसानों को अनुदानित दर पर गन्ना बीज दवा दिया जा रहा है।एवं किसान भाई अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र की सीडीओ से भी संपर्क कर सकते हैं कृषक गोष्ठी में प्रबंधक योगेश त्रिपाठी, विजय, चीनी मिल फील्ड स्टाफ उमेश, रामायन, साकिब, मैराज कृषक बजरंगबली मुस्तफा निजाम, महेंद ओमप्रकाश आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं से किया संवाद

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।



गांव चलो अभियान के तहत भाजयुमो जिलाध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा ने क्षेत्र के बांकभवानी मंडल गाँव में प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक की। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभार्थियों, युवाओं व किसानों के घर पहुंचकर संपर्क साधा। इसके बाद एक कोचिंग सेंटर के विदाई समारोह में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं से संवाद किया।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि गांव चलो अभियान बहुत ही सार्थक सिद्ध हो रहा है। क्योंकि हम सीधे हितग्राहियों के बीच समय बिताने के लिए पहुंच रहे हैं। शक्ति केंद्र और गांव के कार्यकर्ता अन्य गांव में जाकर प्रवास कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 400 सीटों के लक्ष्य के साथ गांव चलो अभियान की शुरुआत की है, ताकि गांव की गलियों से दिल्ली की संसद के गलियारे तक का सफर भारी बहुमत के साथ पूरा हो। गांव चलो अभियान के तहत पार्टी के कार्यकर्ता और नेता गांवों में प्रवास कर जनता के बीच भाजपा सरकार की योजनाओं के साथ-साथ विचारधारा की जानकारी दे रहे हैं। मंडल अध्यक्ष राम सजीवन तिवारी, लोकसभा विस्तारक विनय यादव, विधानसभा विस्तारक हरिशंकर दीक्षित, रमेश तिवारी समेत बूथ समिति सदस्य, पन्ना प्रमुख व अनेक ग्रामवासी मौजूद रहे।

# भारतीय विद्यालय इंटर कालेज में किया गया मां सरस्वती का पूजन



उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

भारतीय विद्यायल इंटर कालेज उतरौला के परिसर में बसन्त पंचमी के पावन अवसर पर ज्ञान व वाणी की देवी मां सरस्वती जी का पूजन व अर्चन किया गया। प्रधानाचार्य के द्वारा मां वाग्देवी के चित्र पर माला पहनाकर एवं पुष्प अर्पित करके धूप,अगरबत्ती,कपूर व दीप प्रज्ज्वलित कर या कुन्देन्दु तुषारहारधवला, या शुभ्रवस्त्रावृत्ता, या वीणावरदण्डमण्डितकरा, या श्वेतपद्मासना से स्तुति व वंदना किया गया। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। बसन्त पंचमी के महात्म्य के सम्बन्ध में प्रधानाचार्य केके सरोज ने कहा कि बसन्त पंचमी का पर्व हिन्दू कैलेंडर के अनुसार माघ मास के शुक्ल पक्ष की पांचवीं तिथि को मनाया जाता है। बसन्त पंचमी का त्योहार विद्या, ज्ञान, कला व वाणी की देवी मां सरस्वती की पूजा का पवित्र दिन है। बसन्त पंचमी सिर्फ बाहरी उत्सव नही है, अपितु यह हमें गहरे संदेश भी देती है। ठीक उसी तरह जैसे बसन्त में पेड़ पुराने पत्ते गिराकर नए पत्ते उगातें हैं। चारों तरफ पुष्प पल्लवित एवं पुष्पित होने लगते हैं। प्रकृति गुलजार व हरीभरी हो जाती है। उसी प्रकार यह पर्व मनुष्य को भी अपने जीवन में नवीन उत्साह एवं उमंग लाने की प्रेरणा देता है। शिक्षक दुर्गा प्रसाद ने कहा कि बसन्त पंचमी का त्योहार प्रकृति का जागरण व ज्ञान के प्रकाश का पर्व है। इस अवसर पर शिक्षक दुर्गा प्रसाद,यशपाल सिंह, दुर्गेश कुमार, प्रधान लिपिक अमरेश पाण्डेय, मंगल प्रसाद, राजेंद्र त्रिपाठी, वीरेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डेटा सत्यापन का कार्य राजस्व कर्मी गतिशीलता से करें पूरा : हरदीप

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** नायब तहसीलदार हरदीप सिंह ने बताया कि किसान सम्मन निधि योजना में पात्र लोगों को शामिल करने के लिए राजस्व कर्मचारियों के द्वारा डेटा सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने अगवत कराया कि योजना में पात्र कृषक का नाम खतौनी में दर्ज होना आवश्यक है तथा किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी में नहीं होना चाहिए। नायब तहसीलदार के अनुसार अपात्र लोगों को किसी भी प्रकार से किसान सम्मान निधि योजना में शामिल नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि डेटा सत्यापन में लगभग दो हजार किसानों को शामिल किया गया है। डेटा सत्यापन का कार्य राजस्व कर्मचारियों के द्वारा गतिशीलता से किया जा रहा है।

## सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2012 जिसका अनुक्रमांक 1708768 का प्रमाण पत्र व सहअंक पत्र जो वास्तव में कहीं खो गया है।
विक्रम आदित्यराज सिंह पुत्र कमलराज सिंह निवासी दर्रा शादी नगर कुरार, फर्रुखाबाद।

## सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम भूलवश RAM LADAITE AWASTHI अंकित हो गया है, जबकि सही नाम RAM LADATY AWASTHI है। जिसे डीएल में दर्ज किया जाये।
**रामलड़ैते अवस्थी पुत्र राजाराम अवस्थी नि0 मो0 दुर्गा कालोनी, फतेहगढ़-फर्रुखाबाद, पिन-कोड 209601**

## कार्यालय ग्रा0पं0 ललई वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांक:मीमो/ ग्रा0पं0/मनरेगा/ 15वां राज्य वित्त/टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 — दिनांक 14/02/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा/15वां राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ललई द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15/02/2024 से 20/02/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 20/02/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्रा0पं0 ललई के मजरा ढमढेरा में सुरेन्द्र की दुकान से मुन्नालाल के घर तक नाली निर्माण कार्य | 116951 | 2339 | 500 |

**नियम व शर्ते:-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (अब्दुल मतलूब) — ग्रा0पं0 ललई, नवाबगंज — सचिव ( बृजनन्दन लाल)

# भवन का हैण्ड ओवर न होने से मूलभूत सुविधाओं से वंचित सैकड़ों गरीब परिवार

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।



गरीबों के लिए बनाए गए आवास के निर्माण के बारह वर्ष बीत गए परन्तु डूडा बनाएं ग ए भवन को नगर पालिका परिषद उतरौला को अभी तक हैण्ड ओवर नहीं कर सका। भवन का हैण्ड ओवर न होने से नगर पालिका परिषद उतरौला गरीबों को मूलभूत सुविधाओं को नहीं दे पा रहा है।

मुख्यमंत्री मायावती के शासनकाल में उतरौला कस्बे के मोहल्ला पटेल नगर में डूडा ने सैकड़ों मकान गरीबों के लिए बनवाए थे। लेकिन मायावती का शासनकाल हटने पर निर्माणदाई संस्था मकान का निर्माण अधूरा छोड़कर भाग ग ई। हालत यह है कि मकान में पानी आपूर्ति के लिए पेयजल की टंकी का निर्माण नहीं कराया गया। बने हुए मकानों में पेयजल आपूर्ति के लिए छतों पर पानी की टंकी नहीं रखी गई। मकानों में पीने के लिए पाइप नहीं लगाए गए हैं। मजबूरन गरीब लोग नीचे लगे इण्डिया मार्का नल से बाल्टी में पानी भर कर तीन मंजिला मकान में पानी ले जाते हैं। मकानों में बिजली वायरिंग नहीं है। घटिया निर्माण सामग्री को लाए जाने से उसके दीवाल के प्लास्टर व दीवाल जगह जगह टूट ग ए है। कूड़े की ढेर की सफाई न होने से गन्दगी का ढेर लगा रहता है जिसकी गन्दगी व बदबू से गरीबों का रहना मुश्किल हो गया है।

आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के अध्यक्ष सविता गुप्ता ने बताया कि डूडा ने गरीबों के लिए मकान बनाया था लेकिन निर्माण के बाद से डूडा ने नगर पालिका परिषद उतरौला को अभी तक हैण्ड ओवर नहीं किया है। भवन हैण्ड ओवर न होने से जर्जर होता जा रहा है। नगर पालिका परिषद उतरौला को हैण्ड ओवर न होने से नगर पालिका परिषद उतरौला मकानों में रह रहे गरीबों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा पा रहा है।





# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा

**महिला सहित आधा दर्जन यात्री घायल सीएचसी में भर्ती**



सड़क पर बैठे घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया। जिससे उसमें बैठी सवारियां घायल हो गयीं। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के बाद दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गये।

जानकारी के अनुसार फैजबाग शमशाबाद मार्ग पर बुधवार की अपराह्न एक ई-रिक्शा उस वक्त आलू से भरे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से पलट गया, जब ई-रिक्शा चालक आधा दर्जन यात्रियों को लेकर शमशाबाद जा रहा था। आलू के बोरे लादकर ट्रैक्टर ट्राली फैजबाग की ओर जा रही थी। मुरैहठी गांव के निकट गुजरते समय अचानक सामने आए अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली को देखकर ई-रिक्शा चालक घबरा गया। चालक ने ई-रिक्शा को बचाने की कोशिश की। उसी दौरान अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली का कोना ई-रिक्शा में लग जाने से ई-रिक्शा पलट गया। चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने ई-रिक्शा को सीधा कर यात्रियों को बाहर निकाला तथा घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। सभी घायल लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद भेजा गया। इस दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई। पुलिस ई-रिक्शे को कब्जे में लेकर थाने आ गई। सूत्रों के अनुसार बताया गया है थाना क्षेत्र के ही गांव मुरैहठी से एक ट्रैक्टर चालक जो ट्रैक्टर ट्राली में आलू के बोरे लादकर आ रहा था।

कोना लगने से दोनों की टक्कर हो गई। रिक्शा चालक द्वारा बचाव की कोशिश की गई, मगर ट्रैक्टर ट्राली का कोना लग जाने से ई-रिक्शा पलट गया।

जिससे सवार सभी लोग घायल हो गए। घायल लोगों में नाबर अलीगंज जनपद एटा, राम फेरे को लोहिया अस्पताल रेफर किया गया, जबकि बारामऊ हरदोई निवासी सत्यवती, सुदामा, रघुनाथ सिंह के प्रपौत्र अंकेश, प्रपौत्री गौरवी को उपचार के बाद भेज दिया गया। बताया गया ई-रिक्शा सवार लोग गंगा स्नान के लिए ढाईघाट शमसाबाद जा रहे थे।

# जानलेवा हमले के मामले में चार युवकों को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जानलेवा हमले के मामले अपर जिला जज कक्ष 7 न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अनुराग सिंह उर्फ लल्ला पुत्र शिशुपाल सिंह, विजेंद्र सिंह पुत्र हरिनाथ सिंह, महेंद्र सिंह पुत्र रामेश्वर, अजय कुमार पुत्र जगदीश निवासीगण जैनापुर राजेपुर को दोषी करार देते हुए सभी आरोपियों को दस -दस वर्ष का कारावास व 12-12 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

बीते 19 वर्ष पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के निवासी कुंवर पाल ने पुलिस को दी गयी शिकायत में बताया 31 अगस्त 2005 को समय लगभग 5 बजे सुबह अपने गांव के बदकुन्ना के साथ ट्रैक्टर से खेत जोत रहा था। उसी समय ट्रैक्टर के सामने गॉव के ही अनुराग जो अपने हाथों में तमंचा था, विजेंद्र के हाथों में कांता था। महेंद्र व अजय के हाथों में तमंचा था, आये और नाजायज तमंचे से जान से मारने की नियत से बदकुन्ना के ऊपर फायरिंग शुरु कर दी। विजेंद्र ने मेरे ऊपर कांता से हमला किया। मैं चिल्लाया, मेरी आवाज सुनकर अन्य लोग आ गए।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अनुराग सिंह, विजेंद्र, महेंद्र सिंह, अजय कुमार को दोषी करार देते हुए दस-दस वर्ष का कारावास व 12-12 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# रोडवेज बस अड्डे पर चला सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम

**निगम के चालकों व अन्य बस ऑटो चालकों को किया गया जागरूक**



वाहन चालकों को जागरूक करते यातायात प्रभारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह के निर्देशन में बस स्वामियों, ऑटो, टेंपो चालकों तथा परिवहन निगम के चालकों व परिचालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु परिवहन निगम रोडवेज बस अड्डा परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए यातायात प्रभारी रजनेश कुमार द्वारा यातायात नियमों का पालन करने तथा अपनी लेन में वाहन चलाने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि जनपद को ट्रैफिक जाम से मुक्त किया जा सके। इसके अतिरिक्त सभी से दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, चार पहिया व अन्य वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशा नींद तथा तेज रफ्तार में वाहन न चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने की अपील की गई।

एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2023 में 44534 सड़क दुर्घटनाओं में 23652 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 31098 व्यक्ति घायल हुए हैं। जो वर्ष 2022 की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत अधिक है। जनपद में वर्ष 2023 में 401 सड़क दुर्घटनाओं में 194 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 269 व्यक्ति घायल हुए हैं। जनपद की यह संख्या भी गत वर्ष की तुलना में अधिक है यद्यपि यह संख्या प्रदेश की औसत वृद्धि से कम है, परंतु दुर्घटनाओं की संख्या एवं उसके परिणाम स्वरूप मृतक एवं घायलों की संख्या अत्यंत चिंताजनक है। एआरटीओ द्वारा सभी से सड़क पर सुरक्षित चलने की अपील की गई, क्योंकि देश का विकास तभी हो सकता है जब उसके नागरिक स्वस्थ हो।

## हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले में युवक को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज प्रथम विष्णु चंद्र वैश्य ने हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले देवेंद्र उर्फ मुखिया पुत्र विजय बहादुर निवासी भरखा को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 60 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। बीते सात वर्षों पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम भरखा निवासी अमर सिंह पुत्र स्व. राम सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 28 जनवरी 2017 को मेरा पुत्र राजन पानी की टँकी के पास गॉव के लोगों के साथ तास खेल रहा था। मेरा दूसरा लड़का अमित भी तास खेल रहा था। शाम होने पर अमित घर आ गया था और राजन घर नहीं आया। उसकी तलाश करने पर पता चला गॉव के किनारे राजन का खेत में शव पड़ा मिला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य व गवाह के आधार देवेंद्र उर्फ मुखिया, पंकज के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। पंकज की पत्रावली किशोर न्यायालय में पृथक हो गयी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी की पैरवी के आधार देवेंद्र उर्फ मुखिया को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व 60 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र पर ग्रामीणों का कब्जा, भरा भूसा



प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र में खरपतवार रख रहे ग्रामीण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते ग्राम सभा का स्वास्थ्य केंद्र बदहाल हो गया है। जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं जा रहा है। ग्रामीण इसमें अपने दैनिक उपयोग की चीजें डालने का काम कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत जिराऊ के नगला भूड़ में बना प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र जर्जर व बदहाल हो चुका है। जिससे ग्रामीणों को कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है। स्वास्थ्य कर्मी और उनके कर्मचारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे यह कई वर्षों से बंद पड़ा है। ग्रामीण इसका उपयोग मवेशी बांधने तथा कई प्रकार की कृषि से संबंधित वस्तुयें रखने में उपयोग कर रहे हैं। इस बावत जब संवाददाता ने ग्रामीणों से जानकारी की, तो उन्होंने बताया कि यह कई वर्षों से बंद पड़ा है। इसका कोई लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। बताते चलें कि जब यह बना था, तब क्षेत्रीय जनता को उम्मीद थी कि शायद इसके बन जाने से यहां की जनता को स्वास्थ्य सुविधायें मिलेंगी, लेकिन देखरेख व रखरखाव के अभाव में यह बंद हो गया है।

# फर्जी आधार कार्ड बनाने में पकड़े गए दो लोग

**फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस हिरासत में युवक

फर्जी आधार कार्ड बनाकर दूसरे व्यक्ति की जमीन की रजिस्ट्री करने के मामले में दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने खुलासा करते हुए बताया कि कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नबादा रोड ग्रामीण बैंक आर्यावर्त के नजदीक नकली आधार कार्ड बनने की जानकारी होने पर मुखबिर की सूचना पर कमालगंज थाने में तैनात दरोगा महेंद्र सिंह ने पुलिस बल के साथ महाकाल जन सेवा केंद्र से अमन कुशवाहा और पिन्ना पुत्र अशोक कुमार निवासी जलालपुर थाना जहानगंज एवं दूसरा व्यक्ति शिवेंद्र राजपूत पुत्र सूरजपाल निवासी नौगमा नसरतपुर थाना कमालगंज को पकड़ लिया। जामा तलाशी लेने पर अमन कुशवाहा के पास एक मोबाइल, लैपटॉप, चार्जर, कीबोर्ड, माउस एवं लेमीनेसन पाउच, 12 आईडी पेपर, आईडी कार्ड छाया प्रति एवं जेब से 1450 रुपए बरामद हुए। शिवेंद्र राजपूत के पास एक आधार कार्ड बरामद किया है। जिस पर शिवेंद्र का फोटो लगा था। आधार पर पंजाबी पुत्र मैकूलाल निवासी नगरिया देवधरापुर भोजपुर लिखा पाया गया। आधार कार्ड नंबर 499067182670 लिखा है। जिसको मोबाइल ऐप से चेक किया, तो आधार कार्ड इनवैलिड पाया गया एवं 400 रुपये नगद बरामद हुए। पहले व्यक्ति अमन के मोबाइल से एक फोटो एवं प्रिंट पाया गया। जिसके द्वारा अमन लोगों से अधिक पैसे लेकर नकली आधार कार्ड बनाने का कार्य करता था। एलबम मोबाइल से 14 आधार कार्ड की छायाप्रति प्राप्त हुई। जिनमें क्रमांक भी लिखा है। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया पंजाबी इस समय आजीवन कारावास की सजा जेल में काट रहा है। इसके छूटने की कोई उम्मीद नहीं है।

पंजाबी की जमीन बेचकर लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से आधार कार्ड बनाया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके जेल भेज दिया।

# बसंत पंचमी : सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती पर हुई कव्य गोष्ठी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

साहित्यिक संस्था साधना निकुंज एवं अनुगूंज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सरस्वती पूजन के साथ युग कवि निराला की जयंती पर संगोष्ठी हुई। जिसमें प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि महाप्राण निराला युगांतरकारी कवि थे। उनकी कविता में प्रगति एवं परंपरा, प्रकृति, मानवता, करुणा और आवेश तथा परिमार्जित भाषा व लयात्मक सौंदर्य का अद्भुत संगम है। उनका स्वाभिमानी व्यक्तित्व पूरे युग पर छाया रहा। प्रख्यात गीतकार पवन बाथम ने कहा कि जीवन की विसंगतियां का विषपान करके भी निराला ने माधुर्य का अमृत बांटा-**महीयशी महादेवी या फिर पंत प्रसाद, बिना निराला के नहीं भाता छायावाद।।** युवा कवि अनुपम मिश्रा ने कहा कि- **रहे झेलते जिंदगी भर भारी संताप, महाप्राण सच में रहे अपनी उपमा आप।।** प्रोफेसर मनीष तिवारी ने कहा-**वह आता, वह तोड़ती पत्थर के साथ, जूही की कली और फिर राम की शक्ति पूजा** जैसी कविताएं देकर निराला ने हिंदी साहित्य की श्री वृद्धि की। वे निश्चय ही जीवन और कविता में महाप्राण थे। सीएस तिवारी, जेपी दुबे ने कहा कि निराला सामाजिक विषमता के कारण पूंजीवाद को मानते थे और इसीलिए उनकी कविता में जहां एक और करुणा है, वहीं क्रोध भी है प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्लाए अहिबरन सिंह गौरए मनीष गौड़ए मंजू मिश्राएनिधि मिश्रा आदि ने कहा कि विश्व साहित्य में कहीं भी निराला जैसा व्यक्तित्व और काव्य नहीं मिलता।

# पुलिस ने तीन लुटेरों को माल सहित किया गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में लुटेरे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने तीन लुटेरों को लूटे गये माल व तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा पुलिस ने मोहल्ला गंगानगर कॉलोनी निवासी अभि गुप्ता, मोहल्ला श्याम नगर निवासी सोनू उर्फ सोनी एवं मोहल्ला अमीन खां निवासी सनी कठेरिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास मोहल्ला बीबीगंज में सर्राफा व्यापारी श्याम बाबू वर्मा से लूटी गई तीन जोड़ी वाली एवं तमंचा बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि यह काफी समय से फरार चल रहे थे। आज पुलिस के हत्थे चढ़ गये। पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना मऊदरवाजा प्रभारी आमोद कुमार, दरोगा मोहित मिश्रा, दरोगा प्रशांत कुमार, हमराही धर्मेंद्र, भूपेंद्र मौजूद रहे।

## बाइक फिसलने से मां-बेटा घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना जलालाबाद के ग्राम ककराला निवासी अमन कुमार पुत्र रिशिपाल मां लौंगश्री के साथ बुधवार को मोटरसाइकिल द्वारा कपिल थाना क्षेत्र में स्थित एक रिश्तेदारी जहां शादी समारोह का कार्यक्रम था में शामिल होने बाइक से जा रहे थे। बुधवार की दोपहर जब बाइक सवार ढाईघाट शमशाबाद मार्ग से गुजर रहा था, तभी ग्राम बिरियाडाडा मार्ग पर अचानक बाइक फिसल गयी। जिससे दोनों मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर मौके पर तमाम राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। किसी ने पुलिस को सूचना दी, तो किसी ने एंबुलेंस को। बताते हैं लगभग एक घंटे तक मां बेटा यूं ही पड़े रहे। बाद में पहुंची एंबुलेंस के चालक ने राहगीरों के सहयोग से घायल मां बेटे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए मां बेटे को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

# जानलेवा हमले में तीन भाइयों सहित चार पर दोषसिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जानलेवा हमले के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह ने अभियुक्त धर्मेन्द्र उर्फ चिक्कू, लटूरी, चिन्टू व नीलू को दोषी करार दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 17 फरवरी की तिथि नियत की गई है।

कोतवाली मोहम्मदाबाद के गैसिंगपुर निवासी महेन्द्र चन्द्र पुत्र ज्ञानी प्रसाद जाटव ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में दर्शाया था कि 30 जनवरी 2010 को सुबह करीब 8 बजे मैं और मेरी पत्नी देवरानी व मानसिंह पुत्र श्रीराम चन्द्र व रामआसरे पुत्र रैवारी लाल के साथ गंगा नहाने जा रहे थे। जैसे ही प्राथमिक स्कूल के पास पहुंचे, तभी गांव के धर्मेन्द्र उर्फ चिक्कू, लटूरी, चिन्टू पुत्रगण नन्हे सिंह व चिक्कू का साला नीलू मिले और कहने लगे कि मेरी तरफ बहुत देखता है। इस दौरान आरोपीगण गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने नाजायज असलाहों से जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। गोली मेरे पैर में लगने से मैं गंभीर रुप से घायल हो गया था। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों से एक वर्ष पूर्व पुत्री के विवाह में विवाद हो गया था। उसी के कारण आरोपी रंजिश मानते थे। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 307/34, 504 व एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह ने अभियुक्त धर्मेन्द्र उर्फ चिक्कू, लटूरी, चिन्टू व नीलू को दोषी करार दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 17 फरवरी की तिथि नियत की गई है।

# संजीव पारिया, शिवप्रताप सिंह चीनू व अनुपम दुबे पर लगा गैंगस्टर



आरोपी संजीव पारिया, शिवप्रताप सिंह चीनू, अनुपम दुबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीव पारिया की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। कोतवाली फतेहगढ़ के प्रभारी निरीक्षक हरिश्याम सिंह ने संजीव पारिया के साथ ही शिव प्रताप सिंह चीनू एडवोकेट व माफिया अनुपम दुबे के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मुझे दौराने ड्यूटी जनता द्वारा अवगत कराया गया कि थाना क्षेत्र के संजीव पारिया पुत्र जदुनाथ सिंह पारिया निवासी ओल्डग्रान्ट बंगला नम्बर-10 कैण्ट फतेहगढ़, अनुपम दुबे पुत्र महेश चन्द दुबे निवासी मोहल्ला कसरट्टा, शिवप्रताप सिंह उर्फ चीनू पुत्र बृजमोहन सिंह निवासी सोता बहादुरपुर पांचाल घाट ने मिलकर अपना एक आपराधिक गैंग बना रखा है। जिन पर जनपद के विभिन्न थानों पर कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस गैंग का गैंग लीडर संजीव पारिया उपरोक्त खुद हैं। यह आपराधिक गैंग अपने आर्थिक एंव भौतिक व दुनयावी लाभ प्राप्त करने के लिए भ0द0वि0 के अध्याय 16, 17, 22 में वर्णित अपराध अपने स्वार्थ के लिए कारित करते हैं। इस गिरोह के आपराधिक कृत्यों के कारण आम जनता में भय व आतंक व्याप्त है। जनता का कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध गवाही देने को तैयार नहीं होता है। इनका स्वतन्त्र रहना आम जनता के हित में नहीं है। यह गैंग आपराधिक गतिविधियों सहित समाज विरोधी क्रियाकलापों में पूर्णतः लिप्त है। यह गैंग आर्थिक एवं भौतिक दुनियावी लाभ प्राप्त करने हेतु धोखाधड़ी कर षड्यन्त्र कर सरकारी धन का गबन करते हैं। इनका आपराधिक गतिविधियों एवं समाज विरोधी क्रिया कलापों पर नियन्त्रण किया जाना अति आवश्यक है। इनके विरुद्ध पंजीकृत अभियोगों के तथ्य उजागर होने के उपरान्त मेरे द्वारा इस गैंग के सदस्यों के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग को गैंग चार्ट में उल्लेखित कर गैंग चार्ट अनुमोदन हेतु भेजा गया था। गैंग चार्ट को जिला मजिस्ट्रेट ने अनुमोदित कर दिया है। मालूम हो कि संजीव पारिया एवं अनुपम दुबे जेल में बंद हैं।

## न्यायालय के आदेश पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार आशीष कुमार पुत्र स्व. गंगाराम शाक्य वनखड़िया फतेहगढ़ का निवासी है। दिनांक 27 नबम्बर 2023 को सुबह पीड़ित के पिता पूर्व सैनिक गंगाराम शाक्य जो कि रखा रोड छोटी जेल चौराहा पर दुकानें बनी हैं अपनी दुकान से वापस अपने घर साइकिल से जा रहे थे, तभी पीछे से पिकअप नंबर यू.पी.27 बीटी6779 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे पीड़ित के पिता के काफी चोटें आयीं। कुछ देर बाद पीड़ित मौके पर पहुंचा और देखा कि मेरे पिता की हालत गम्भीर है। उन्हें पास के ही केपी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान पिता की मृत्यु हो गयी। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए ले जा रही थी, तभी उपरोक्त पिकअप गाड़ी मैंने देखी और पुलिस को बताया। तब पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक से भेजा। पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## टेक्नीशियन ने गायब की टावर की कई बैट्रियां, मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद कानपुर थाना क्षेत्र ग्राम कल्यानपुर निवासी पवन शुक्ला पुत्र स्व0 रामाकान्त ने कायमगंज कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि पीड़िंत इण्डस टावर्स लिमिटेड की सहयोगी कम्पनी लायन में स्टेट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कायमगंज एरिया में टेक्नीशियन अजय कुमार सिंह पुत्र सुसवेन्द्र सिंह ग्राम व पोस्ट करसा थाना रनिया जनपद कानपुर देहात कार्य कर रहा था, जो कि इण्डस टॉवर्स के टॉवरों को बन्द कर अपना फोन भी बन्द कर लेता था। टॉवर बन्द होने से क्षेत्र का नेटवर्क बन्द हो जाता था। जिससे जन मानस को काफी समस्या का सामना करना पड़ता था। जिस पर कम्पनी द्वारा अजय सिंह को कानपुर ऑफिस बुलाया गया और इनका तबदला कानपुर कार्यालय कर दिया गया। जिसकी सूचना रजिस्ट्ररी डाक द्वारा इनके घर पर भी भेज दी गयी। इनकी जगह पर कम्पनी द्वारा दूसरा टेक्नीशियन बृज मोहन चौधरी का दिनाँक 3.2.3024 . को नियुक्त किया गया एव अजय सिह की मौजूदगी मे साइट का हैन्ट ओवर टेक्नीशियन बृजमोहन चौधरी को कराना शुरू किया गया। टेक्नीशियन अजय को कम्पनी द्वारा 17 साइटों की देखरेख एव संचालन की जिम्मेदारी दी गई थी। जिसमें से 8 साइट का हैन्ड ओवर होने के दौरान 9वीं साइट उलियापुर आईएन1535307 के हैन्डओवर के दौरान टेक्नीशियन अजय सिंह वहाँ से भाग निकला। साइट को खोलकर देखा गया तो साइट से एक बैट्री 24 सेल इक्साइड 600 एच गायब मिला इनकी अन्य साइट आईएन1110375 ललई से अमर राजा 600 एच 24 सेल, आईएन 3158345 . कुवेरपुर से अमरराजा 600 एच 24 सेल आईएन1000941 कायमगंज से अमरराज 600 एच 24 सेल तथा शिवरई वरियार से जनरेटर का सेल्फ एव आईएन 127957 जौरा से इक्साइड 300 एच गायब मिला। उपरोक्त सामान कम्पनी द्वारा टेक्नीशियन अजय सिंह को सुपुर्द किया गया था। जिसे अजय सिह ने चोरी करके गायब कर दिया और अपना मोबाइल फोन बन्द कर लिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अजय के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया।

# अपहरण के मामले में चार पर दोषसिद्ध, 16 को सुनाई जाएगी सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपहरण के मामले में साक्ष्य के आधार पर विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने अभियुक्त कैलाश, राकेश, जगदीश, अहिवरन को दोषी करार दिया। सजा के बिन्दु पर 16 फरवरी की तिथि नियत की गई है। वहीं साक्ष्य के अभाव में अभियुक्ता दौलती को धारा 365, 368 व 120बी के आरोपों में दोषमुक्त कर दिया।

मोहम्मदाबाद के ग्राम महोरिकपुर निवासी बिहारी लाल ने कोतवाली मोहम्मदाबाद में 29 अक्टूबर 1992 को मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया मेरा पुत्र रामप्रकाश दुग्ध समिति का सचिव है। रोजाना की तरह वह गांव से दूध लेकर मतापुर के सुखवासी व पट्टी खुर्द के गजराज के साथ इंटर कॉलेज के पास गया था। लगभग रात 9 बजे दूध की गाड़ी पर दूध लादकर साइकिल से अपने साथी सुखवासी के साथ घर वापस आ रहा था। सड़क से गांव की ओर आने वाले चक रोड पर कुछ दूरी पर कुछ आदमी तमंचे लिए खड़े थे और दोनों को घेर लिया तथा पड़कर ले गए। सुखवासी को कुछ दूरी पर ले जाकर छोड़ दिया और मेरे लड़के को पकड़ ले गए।जब जानकारी हुई तो गांव वालों के साथ आसपास इलाके में खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चला। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में धारा 364 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। वादी ने पुलिस को बताया कि अपहरणकर्ता शिवमंगल, रामेश्वर दयाल व सोबरन मोटरसाइकिल से मेरे गांव महोरिकपुर स्कूल पर आए और रुपयों की मांग और कहा कि अगर पुलिस को सूचना दी तो तुम्हारे लड़के को मार देंगे। इस दौरान पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को पूछताछ के दौरान पकड़े गए लोगों ने बताया कि राम प्रकाश की पकड़ छिबरामऊ के राकेश व ककरैया के कैलाश कैलाश, हुकुम सिंह, जगदीश व अहिवरन कठेरिया ने मिलकर की है। पकड़े गए लोगों के बताए गए स्थान अहिवरन कठेरिया के घर पट्टी खुर्द गए जहां पता लगा कि अपहृत कैलाश के घर में बंद है। छिबरामऊ स्थित ग्राम ककरैया कैलाश के घर पर शाम 4 बजे पहुंचे। जहां अपहृत राम प्रकाश भूसे की कोठरी में बंद मिला। इस दौरान साक्षी के रूप में दिनेश भी वहां पर मौजूद था। पुलिस ने 10 के विरुद्ध आरोप पत्र प्रस्तुत किया था। जिसमें शिवमंगल, रामेश्वर दयाल, सोवरन, हुकुम सिंह वह नरेंद्र सिंह कि मुकदमे के दौरान मृत्यु हो चुकी है। वर्तमान समय में अवयुक्तगण दौलती, कैलाश, राकेश, जगदीश व अहिवरन के विरुद्ध विचारण यिका जा रहा है। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने अभियुक्त कैलाश, राकेश, जगदीश, अहिवरन को धारा 365, 368 के आरोप में दोषी करार दिया। सजा के बिन्दु पर 16 फरवरी की तिथि नियत की गई है। वहीं धारा 120बी के आरोप में दोषमुक्त कर दिया। वहीं साक्ष्य के अभाव में अभियुक्ता दौलती को धारा 365, 368 व 120बी के आरोपों में दोषमुक्त कर दिया।



लट्ठमार टीम के साथ प्रेमी जोड़ों को तलाश करते विमलेश मिश्रा

## वेलेंटाइन-डे पर हिन्दू महासभा ने चलाया लट्ठमार अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वेलेंटाइन-डे पर प्रेमी जोड़ों की तलाश में हिंदू महासभा ने होटलों, रेस्टोरेंट व पार्कों में लट्ठ मार अभियान चलाया, लेकिन इस दौरान उन्हें कोई भी प्रेमी जोड़ा हाथ नहीं लगा। जानकारी के अनुसार हिन्दू महासभा ने पूर्व में ही घोषणा की थी कि इस बार वेलेंटाइन-डे पर प्रेमी जोड़ों की तलाश में होटलों, रेस्टोरेंट व पार्कों में छापामार अभियान चलायेगी। इस दौरान जो कोई भी प्रेमी जोड़ा मिलेगा, उसकी जबरदस्ती शादी करायी जायेगी। इसी क्रम में आज हिंदू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष क्रांति पाठक के साथ महिला मोर्चा ने प्रेमी जोड़ों की तलाश में पार्क, रेस्टोरेंट, होटल सहित सार्वजनिक स्थानों पर छापेमारी की। हाथों में लाठी, डंडे लेकर प्रेमी जोड़ों को शहर भर में खोजते रहे। हिंदू महासभा के पदाधिकारियों के साथ प्रेमी जोड़ों का विवाह कराने को पुजारी भी चल रहे थे, लेकिन उन्हें कोई भी प्रेमी जोड़ा इस दौरान हाथ नहीं लगा। कई रेस्टोरेंट व होटलों में जाकर होटल मालिकों से पूछताछ की और हिदायत दी कि कोई भी प्रेमी जोड़ों को अपने होटलों, रेस्टोरेंटों में आश्रय नहीं देगा। हिन्दू महासभा की इस चेतावनी के चलते प्रेमी जोड़े नजर नहीं आये।

यूपी बोर्ड परीक्षा विशेष...

# रसायन विज्ञान में विद्यार्थी टॉपिक का ध्यान रखें : बलविन्दर सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सभी छात्र-छात्रायें बोर्ड परीक्षा में प्रश्न पत्र को भलीभांति पढ़ें। उसके बाद ही अंकों के हिसाब से समुचित उत्तर दें। अनर्गल न लिखें, इससे समय की बरबादी होती है। छात्र-छात्रायें टॉपिक का विशेष ध्यान रखें। प्रश्नों को अच्छी तरह से समझ लें। उसके बाद ही उत्तर पुस्तिका में हल करें। सभी प्रश्नों को पढ़-पढ़कर हल करते समय प्रश्न संबंधित हेडिंगों का भी जरुर ध्यान रखे। आर.पी. इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रसायन विज्ञान प्रवक्ता कैप्टन बलविन्दर सिंह ने बताया कि पहली बार ऑब्जेक्टिव प्रश्न परीक्षा में पूछे जा रहे हैं। सभी छात्र-छात्राओं को इन्हें भी हल करना है। छात्र-छात्रायें विगत चार वर्षों के प्रश्नों का अध्ययन करें। इंटर की परीक्षा में उन्हीं पर आधारित प्रश्न पत्र आता है, क्योंकि पिछले वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष भी वही टॉपिक रिपीट हो रहे हैं। रसायन विज्ञान का प्रश्न पत्र हल करते समय आवश्यकतानुसार रसायनिक समीकरण लिखें। छात्र-छात्रायें ऐसे प्रश्न जिनके उत्तर अच्छी तरह से याद हैं उन्हें वरीयताक्रम में पहले हल करें। शेष प्रश्नों का उत्तर टॉपिक के अनुसार सोच समझकर लिखें। परीक्षार्थी पाठयक्रम में विलयन, पी ब्लाक के तत्व, उप सह संयोजन, यौगिक, ऐल्डिहाइड, कीटोन, कार्वोक्सिलिक अम्ल, जैव अणु, रसायन बलगतिकी आदि का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समय में पाठयक्रम का विधिवत अध्ययन करे हुए प्रश्नों को हल करें। विद्यार्थी प्रश्न हल करते समय शब्दावली का विशेष ध्यान रखें।

किसी भी प्रश्न को छोड़ें न। प्रश्न छूट जाने से अंक कम मिलते हैं। इसीलिए सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है। रसायन पदार्थ एवं प्रकृति व्यवहार, जैव जगत, विद्युत धारा का चुम्बकीय प्रभाव आदि प्रश्नों को परीक्षा में हल करें। साथ ही हमारा पर्यावरण प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंध को भी ध्यान से पढ़ें।



बलविन्दर सिंह प्रधानाचार्य

## बसंत पंचमी पर राघव दत्त ने सपा रंग की बांटी पतंगें



बसंत पंचमी पर पतंगे बांटते सपा नेता राघव दत्त मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की प्रेरणा से समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने त्रिपोलिया चौक पर बसंत पंचमी के अवसर पर पार्टी के झंडे रुपी पतंगे वितरित की। राघव दत्त मिश्रा ने बताया कि पतंगों का आडर दिया था।

जिसमें कारीगर ने उन्हें वसंत पंचमी पर्व पर तैयार करके सौंपी। जिसे राघव दत्त मिश्रा ने पतंगे बांटी। भाजपा द्वारा महंगाई को लेकर आम जन मानस बसंत पंचमी का त्योहार नहीं बना पा रहा है। ध्यान में रखते हुए लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाने के लिए बसंत पंचमी पर पतंगे वितरित की गई। राहगीरों व आम जन लोगों को पतंगे बांटी गयी। लोगों ने राघव दत्त मिश्रा का माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर नफीश रफूगर, हरिओम सक्ससेना, अमित यादव, खुर्शीद खान, अमन भारद्वाज, सत्यम अवस्थी, अभिषेक गुप्ता, उरूज खान, गोपाल सक्ससेना आदि लोग मौजूद रहे।

## राशन का वितरण 15 से 28 फरवरी तक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अर्न्तगत माह फरवरी के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न एवं बाजरा का निःशुल्क वितरण फरवरी में दिनांक 15 फरवरी से 28 फरवरी के मध्य वितरण उचित दर विक्रेताओं द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। जनपद के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त अन्त्योदय कार्डधारको को 35 किग्रा0 खाद्यान्न (09 किग्रा0 गेहूँ, 21 किग्रा0 चावल, 05 किग्रा0 बाजरा प्रति राशनकार्ड) पात्र गृहस्थी को 5 किलोग्राम प्रति यूनिट (01 किग्रा0 गेहूँ, 03 किग्रा0 चावल, 01 किग्रा0 बाजरा प्रति यूनिट) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा। यह जानकारी सुरेन्द्र यादव जिला पूर्ति अधिकारी ने दी है।



बसंत पंचमी कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

## बसंत पंचमी पर मां सरस्वती पूजन व सुंदर काण्ड पाठ का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज में वसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती पूजन, सुंदरकांड का पाठ एवं हवन किया गया। प्राचार्य विनय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि हम सभी के अंदर कुछ न कुछ गुण छिपे होते हैं, जरूरत है तो बस उसे पहचानने की। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों एवं स्टाफ की कुशलता की कामना से ही यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर रामकुमार अग्रवाल, अनूप दुबे, संजय चतुर्वेदी, नरेंद्र मिश्रा, डॉ. आशीष तिवारी, डॉ. मनीषा सक्सेना, डॉ. आरती दुबे, ब्रजेश वर्मा, रितिक गुप्ता, दिनेश चंद्र, अभिषेक चतुर्वेदी, संजीव शुक्ला, अरविंद कुमार, सत्यनारायण सिंह आदि उपस्थित रहे।

## शिखा दीक्षित को विद्या वाचस्पति उपाधि से किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आईएफटीएम विश्व विद्यालय मुरादाबाद में अष्टम दीक्षांत समारोह बुधवार को सम्पन्न हुआ। जनपद फर्रुखाबाद की शिखा दीक्षित पत्नी डा0 राहुल तिवारी ने अपने गाइड मोहन लाल आर्या के निर्देशन में विद्या वाचस्पति उपाधि पूर्ण की थी। उन्हें विद्या वाचस्पति सम्मान से सम्मानित किया गया।

जिसे बुधवार को दीक्षांत समारोह में शिखा दीक्षित को किशोरावस्था के तनाव और सम्पूर्ण स्वास्थ्य का विवेचनात्मक अध्यन के उपरांत विद्या वाचस्पति उपाधि से सम्मानित किया गया। डाक्टर्स की डिग्री पाकर शिखा दीक्षित ने अच्छा महसूस किया और परिवार के अलावा महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय के शिक्षकों ने बधाई दी। दीक्षांत समारोह में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के प्रमुख डा0 प्रदीप जोशी द्वारा शिक्षा शास्त्र विषय वर्ष 2023 विद्या वाचस्पति उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. राहुल तिवारी मौजूद रहे।

इस उपलब्धि को लेकर उनके गुरु मोहन लाल आर्या ने शिखा दीक्षित को विद्या वाचस्पति उपाधि मिलने पर शुभकामनायें दी। डॉ. राहुल तिवारी ने बताया कि महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय की ओर से विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह होगा।



डॉ. शिखा दीक्षित को उपाधि से सम्मानित करते प्रदीप जोशी

## विक्षिप्त महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मानसिक संतुलन ठीक ना होने की वजह से ससुरालीजनों ने 5 वर्षों से महिला को छोड़ रखा था। मायके में मानसिक संतुलन की वजह से उसने घर के बरामदे में लगाई फांसी लगाकर जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। कस्बा नवाबगंज के चिकन वाली गली निवासी राजीव कुमार पुत्र बहादुर लाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी सगी बहन शीला देवी पत्नी धर्मेंद्र कुमार जिसका मानसिक संतुलन खराब हो गया था। तब से उसके पति ने धर्मेंद्र ने उसको छोड़ दिया था और वह करीब पांच वर्षो से अपने मायके में रह रही थी। आज उसने घर के बरामदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भाई राजीव ने बताया कि जब उसकी पत्नी छत पर कपड़े सूखने के लिए चढ़कर गई, तो उसने देखा कि बरामदे में वह लटकी हुई थी। यह देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। तब पीड़ित थाने आया और थाना पुलिस को मृतका की मौत की तहरीर दी।खबर लिखे जाने तक घटनास्थल पर थाना पुलिस नहीं गई थी।

## मंदीप यादव बने सपा के प्रदेश सचिव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बाबरपुर आवाजपुर निवासी मंदीप यादव को राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया है।

मंदीप यादव सन् 1992 से पार्टी में जुड़ गये थे। उन्हें विधानसभा कमालगंज कमेटी में उपाध्यक्ष बनाया गया था। कार्यकारिणी सदस्य रहे। 2011 में सदर विधानसभा अध्यक्ष पद का दायित्व मिला। 2014 में पार्टी ने कद बढ़ाते हुए जिला सचिव बनाया। 2017 में अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव बने। 2017 में ही जिला महासचिव का दायित्व मिला और साथ ही प्रदेश में 45 प्रवक्ता बनाये गये थे, उसमें जनपद स्तरीय प्रवक्ता का दायित्व भी मंदीप यादव को सौंपा गया था। संगठन ने उन्हें नदीम फारुकी के कार्यकारिणी में पुनः जिला महासचिव का दायित्व दिया गया था। जो 2023 तक लगातार महासचिव रहे। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा देखते हुए मंदीप यादव को प्रदेश कमेटी में सचिव बनाया गया है। उनके प्रदेश सचिव बनने पर डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने बधाई दी। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल, सुरेन्द्र सिंह गौर, इलियास मंसूरी, जहान सिंह लोधी, विवेक यादव ने उन्हें बधाई दी।



मंदीप यादव

# वैलेंटाइन-डे पर राहगीरों को मिस्टर फर्रुखाबाद ने बांटे फूल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वैलेंटाइन-डे पर युवा महोत्सव समिति के विजेता मिस्टर फर्रुखाबाद अभय तिवारी ने इस त्योहार को खास अंदाज से मनाया। उन्होंने संत वैलेंटाइन-डे को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया और राह चलते लोगों को गुलाब का फूल भेंटकर संत वैलेंटाइन-डे का नाम लेकर शुभकामनायें दी। संत वैलेंटाइन-डे ने प्यार को बढ़ावा दिया। जिसके चलते उन्हें फांसी की सजा मिली। संत वैलेंटाइन-डे का कहना था कि प्यार के कई रुप होते है। पुत्र अपने पिता से भी प्यार करता है, पुत्री अपने भाई से भी प्यार करती है, उस उद्देश्य को सही तरीके से माना जाये। उन्होंने जेलर की बेटी को नेत्रदान कर दिया और दुनिया में प्यार का संदेश दिया, तभी से 14 फरवरी को इस पर्व को वैलेंटाइन-डे के रुप में मनाया जाता है। संत वैलेंटाइन ने प्यार को बढ़ावा दिया और 14 फरवरी को 259 के दिन संत वैलेंटाइन को फांसी पर चढ़ा दिया गया था। इस बलिदान को लेकर 14 फरवरी को वैलेंटाइन-डे मनाया जाने लगा। राहगीरों को फूल देकर संत वैलेंटाइन को याद किया।



राहगीरों को फूल देते मिस्टर फर्रुखाबाद

## पुलवामा हमले की पांचवी बरसी पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने पुलवामा हमले की पांचवीं वर्षगांठ पर कार्यालय पर बैठक कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। आतंकियों द्वारा घात लगाकर हमला करके 40 जवानों को दर्दनाक घटना के तहत मृत्यु होने पर आतंकियों की इस कुरुरता के लिए भर्तसना की। उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि जैश-ए मोहम्मद द्वारा इस कुरुर घटना को बेनकाब किया गया। शहीदों को सभी ने भावभिनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर शिवाजी कटियार, डॉ. मेहंदी हसन, रामनारान मिश्रा, शिव कुमार वर्मा, पृथ्वी नारायन, कृष्ण कुमार, नरेन्द्र शर्मा, जितेन्द्र पाण्डेय, भैरव त्रिवेदी, अभिषेक द्विवेदी, संजीव कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत सदर विधानसभा की संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने कार्यक्रम में उपस्थित स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ से संबंधित महिलाओ को संबोधित किया।

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा नारी हितों के लिए किए जा रहे कार्यों एवं प्रयासों की जानकारी महिलाओं से संबंधित सभी स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। विकसित भारत के निर्माण में महिला सशक्तिकरण एक महत्वपूर्ण भूमिका में निभाएगा। केंद्र की मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाने का कार्य किया है। हिमांशु गुप्ता ने कहा केंद्र सरकार ने महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उनके सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया जो मिल का पत्थर साबित होगा। दिनेश कटियार ने कहा केंद्र की मोदी सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करके उनको आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का कार्य किया है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता पाठक ने कहा मोदी सरकार के अस्तित्व में आने के बाद केंद्र की ज्यादातर योजनाएं महिलाओं के लिए कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मातृशक्ति को मजबूत करने का कार्य किया।

स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ को भी मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। जिला महामंत्री डीएस राठौर व सतपाल सिंह एवं आदित्य मिश्रा ने विचार व्यक्त किये। संचालन एडीओ सत्यनारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर बीडीओ बढ़पुर ब्लॉक बलराम सिंह, अभिषेक बाथम, धर्मेंद्र राजपूत, रमला राठौर, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद महिलायें

## मेला रामनगरिया में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित सम्मेलन आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट स्थित मेला रामनगरिया के सांस्कृतिक पाण्डाल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित सम्मेलन का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक पाण्डाल में स्वतंत्रा संग्राम सेनानी आश्रित बॉबी दुबे व रीतेश शुक्ला, अरविन्द शुक्ला ने भारत माता व अमर शहीद पं0 रामनारायन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

रामनगरिया मेला अध्यक्ष मुख्य अतिथि सत्यगिरी महाराज रहे। बॉबी दुबे ने कहा कि हम सबको यह दिन भूलना नहीं चाहिए। हमको आजादी कैसे मिली। न जाने कितने महापुरुषों ने अपने प्राणों की आहूति दी। आने वाली पीढ़ी में देश भक्ति की भावना पैदा होगी। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में जानकारी दी।

जिलाध्यक्ष रीतेश शुक्ला ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में जनपद से मुख्य केंद्र रामनारायन आजाद की वजह से रहा। अरविन्द शुक्ला ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में सभी आश्रितों को आना चाहिए। सत्यगिरी महाराज ने सभी को आशीर्वाद दिया और क्रांतिकारियों को अपना आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि पंडित रामनारायन का योगदान स्वतंत्रता आंदोलन में प्रमुख रहा। अंगवस्त्र उड़ाकर सत्यगिरी महाराज को सम्मानित किया गया। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।

इस मौके पर नीरज दुबे, गोविन्द शुक्ला, कुलभूषण श्रीवास्तव, अरविन्द दुबे, हिमांशु सक्सेना, नीरज शुक्ला, चन्द्रप्रकाश दीक्षित, अनवर नकवी, पीयूष दुबे, मनोज मिश्रा, सिद्धांत दुबे, प्रशांत दीक्षित, अजय कुमार, प्रद्युम पालीवाल, ताजदार नवी, रोहित शुक्ला, संजय गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।



सांस्कृतिक पाण्डाल में सम्मानित होते स्वतंत्रता सेनानी आश्रित बॉबी दुबे

## पतंग उड़ाकर धूमधाम से मनाई गई बसंत पंचमी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में धूमधाम से वसंतोत्सव मनाया गया। मंदिरों व घरों में पूजा अर्चना के साथ पतंग उड़ाकर त्योहार मनाया गया। सुबह से ही पतंगबाज छतों पर पहुंचकर पतंगें उड़ायी। डीजे की धुन पर फिल्मी गानों पर लोग थिरके। साथ ही दाल भाटी व भुने आलू एवं लजीज व्यंजन का स्वाद लिया गया। सेनापति में व्यापारी नेता संजय गर्ग ने रंग बिरंगे गैस के गुब्बारे व पतंगे उड़ायी।

परिवार के साथ धूमधाम से उत्सव मनाया। पतंगबाजों ने किसी की चार, किसी की तीन, किसी की दस पतंगे काटी। शौकीनो ने पतंग काटने को लेकर शर्ते भी लगायी। इस त्योहार को मनाने के लिए लोग दूसरे जनपद एवं दूसरे प्रांतों से आकर वसंत पंचमी पर पतंग उड़ाते है।

यह नजारा पूरे दिन आसमान में दिखायी पड़ा। महिलायें व युवतियों ने भी पतंग उड़ाकर उत्साहपूर्वक वसंत पंचमी मनायी। रंग बिरंगी पतंगों से पूरा आसमान सजा दिखायी पड़ा। देर शाम तक लोगों ने पतंग उड़ायी और आतिशबाजी छुड़ाकर वसंत पंचमी मनायी। इस त्योहार पर वैलेंटाइन-डे होने के कारण दिल वाले गुब्बारे भी उड़ाये गये।



पतंग उड़ाते संजय गर्ग व अन्य

## युवजन सभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिवम यादव का हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर युवजन सभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिवम यादव का पार्टी कार्यालय पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। शिवम यादव को पुनः जिम्मेदारी युवजन सभा को सौंपी गई है।

अध्यक्षता जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने की। संचालन अजय यादव ने किया। शिवम यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का कारवा दिनों-दिन बढ़ रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य को जिताकर लोकसभा भेजेगें। राजपाल यादव ने शिवम यादव को मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस मौके पर अनिल यादव, अमित कठेरिया, डॉ. अनमोल शाक्य, विनीत परमार, पुष्पराज परमार, उपेंद्र यादव, अखिल कठेरिया, ब्रह्मानंद, माजिद अली, धर्मवीर कुशवाहा, फाजिल खान, गौरव यादव, इंद्रजीत, धर्मेंद्र कुशवाहा, मायाराम, अनुरूद्ध कुमार, नंदकिशोर दुबे, अनुपम यादव आदि मौजूद रहे।



शिवम यादव

## संत गुरु रविदास का जन्मदिन कार्यक्रम 24 फरवरी को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ऑल इंडिया सतगुरु रविदास मिशन द्वारा हुल्लास पूर्वक संत शिरोमणि रविदास महाराज का जन्मदिन 24 फरवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा। जानकारी देते हुए महंत रामविलास भाष्कर ने बताया कि सभी रविदास संत के प्रेमी कार्यक्रम में 24 फरवरी को नारायनपुर बगीचा आश्रम पहुंचकर भाग लें।

## सनकादेश्वर महाकाल मंदिर में मां सरस्वती का मनाया गया जन्मोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बसंत पंचमी पर पांचाल धरा स्थित सनकादेश्वर महाकाल मंदिर में स्वर कंठ ज्ञान की देवी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नूतन वस्त्रों व प्रतिमा का पूजन, दीप प्रज्वलित किया गया। महंत अर्चना दीक्षित द्वारा पूजन कराया गया।

शारदा की प्रतिमा पालकी पर बैठाकर गंगा तट पर भक्तों द्वारा नाचते-गाते ले जाया गया। शोभायात्रा में भक्तों ने मनोकामना के नारे लगाते हुए पूजा अर्चन कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर चंदन कटियार, आकाश, विजय, अवधेश बाजपेयी, दीपक वर्मा, उमेश, सुमित, आशीष, राजेश, रामनाथ, रेनू, शिवानी, सुमित, आशीष, मालती, दिव्या, शिखा, मीना, पारुल, शिवानी, रामविलास आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कन्या भोज व संत भण्डारे का आयोजन हुआ।




सरस्वती की पूजा करती महंत अर्चना दीक्षित

## आर्य समाज लाइब्रेरी में मनाया गया बसंत पंचमी का त्योहार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बसन्त पंचमी के पावन पर्व के अवसर पर जनपद के कस्बा कमालगंज स्थित आर्य समाज मंदिर में संचालित एमडीएस लाइब्रेरी के छात्रों द्वारा पर्व को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। वृहद यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक आहुति प्रदान कर ईश्वर से सुख संवृद्धि की कामना की। आर्य समाज के पुरोहित आचार्य संदीप आर्य ने यज्ञ सम्पन्न कराया। उन्होंने कहा कि यह पर्व यह पर्व ज्ञान का पर्व है साथ ही वंसन्त ॠतु के आगमन का उल्लासपूर्वक स्वागत का अवसर है। लाइब्रेरी के डायरेक्टर आचार्य संदीप आर्य ने कहा आज बालक वीर हकीकत राय का बलिदान दिवस भी है। जिसने अपनी सांस्कृतिक विरासत चोटी और जिनेउ कि रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दे दी, पर आज हमारे युवा पाश्चात्य संस्कृति के दुष्प्रभाव में फंसकर चोटी, जिनेऊ छोड़ विधर्मी बनते जा रहे है। इस अवसर पर सुमित कुमार, आलोक, राहुल राजपूत, ॠषिकांत, आशुतोष, सनी पाल, प्रमोद राजपूत, ज्ञानेंद्र, उपेंद्र, जगवीर, खुशी राजपूत, राखी यादव, अमृता आदि उपस्थित रहे।

# देहरादून से चल रही देश के 13 शहरों के लिए हवाई सेवा

## विमानन मंत्री सिंधिया व मुख्यमंत्री धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर नवनिर्मित टर्मिनल भवन फेज-2 का किया लोकार्पण

**486 करोड़ की लागत से दो चरणों में हुआ टर्मिनल भवन का निर्माण**

एजेंसी




**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर नवनिर्मित टर्मिनल भवन फेज-2 का लोकार्पण किया। इस अवसर पर केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे। द्वितीय चरण में जौलीग्रांट एयरपोर्ट के टर्मिनल का 14 हजार वर्ग मीटर विस्तार किया गया। अब एयरपोर्ट के टर्मिनल का कुल विस्तार 42 हजार वर्ग मीटर में हो चुका है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट का टर्मिनल दो चरणों में 486 करोड़ की लागत से बना है।

केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि उनके लिए यह क्षण कई पहलुओं से भावुक और महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड से उनका पहले से नाता है। उन्होंने 05 साल उत्तराखण्ड से शिक्षा ग्रहण की। उत्तराखण्ड की आध्यात्मिक शक्ति सम्पूर्ण विश्व में अनूठी है।

केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ उन्हें केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री बनने के बाद सबसे पहले जौलीग्रांट एयरपोर्ट के टर्मिनल के प्रथम फेज के कार्यों का लोकार्पण करने का अवसर मिला था। देहरादून के इस एयरपोर्ट से देश के 13 शहरों के लिए हवाई सेवा चल रही है। केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री सिंधिया ने कहा कि मंत्रालय द्वारा पिथौरागढ़-हिंडन हवाई सेवा के लिए कार्रवाई शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के लिए हेलीकॉप्टर की देश में उत्तराखण्ड से शुरूआत की जा रही है।

एम्स ऋषिकेश मंड इसके लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की जायेगी। 150 किलोमीटर के दायरे के अन्तर्गत हेलीकॉप्टर द्वारा मरीजों को लाने की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस एयरपोर्ट से उत्तराखण्ड के अन्य स्थानों को मुख्यमंत्री की सहायता से और तेजी से जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में तीन एयरपोर्ट देहरादून, पंतनगर और पिथौरागढ़ विकसित करने की पहल की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में 2014 में मात्र एक हेलीपोर्ट था। जो अब 10 हो चुके हैं, उड़ान 5.0 योजना तक राज्य में 21 हेलीपोर्ट बनाने का लक्ष्य रखा गया है। भारत सरकार की ''उड़े भारत का हर नागरिक'' योजना के अन्तर्गत प्रदेश के विभिन्न सुदूरवर्ती क्षेत्रों में बेहतर हवाई सेवा प्रदान की जा रही है।

### नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में तेजी से हो रहे कार्य

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उनके अनुरोध पर पिथौरागढ़-हिंडन हवाई सेवा की प्रक्रिया शुरू करने और इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के लिए हेलीकॉप्टर की उत्तराखण्ड से शुरूआत करने की बात कहे जाने पर केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारतीय नागरिक उड्डयन उद्योग अमेरिका और चीन के बाद घरेलू यातायात में तीसरे स्थान पर है। इसके लिए उन्होंने नागर विमानन मंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हवाई सेवाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। पिछले कुछ वर्षों से हवाई यात्रा परिवहन का सस्ता, तेज एवं विश्वसनीय साधन होने के कारण लोगों में अत्यन्त लोकप्रिय बनी है। यह प्रधानमंत्री मोदी की दीर्घकालिक सोच के कारण ही संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज प्रदेश के नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा देवभूमि की देवतुल्य जनता के अतिरिक्त भारतीय संस्कृति और परम्परा के अनुसार 'अतिथि देवों भवः' के सिद्धांत का पालन करते हुए प्रदेश के बाहर के लोगों को भी सस्ती हवाई सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इससे एक ओर जहां राज्य को अधिक राजस्व प्राप्ति हो रही है वहीं दूसरी ओर आम जनमानस को सरल एवं सस्ती हवाई सेवा उपलब्ध करायी जा रही है।

# विशाखापट्टनम में नौसेनाओं का अभ्यास मिलन चीन के खिलाफ नहीं : सोबती

**मित्र देशों के 35 युद्धपोत, पनडुब्बियां व 50 विमान हिस्सा लेंगे**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती ने बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास 'मिलन' को लेकर स्पष्ट किया कि हमारा संदेश चीन के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि इसमें हिस्सा लेने वाले 50 से अधिक देश अगर एकजुट होकर काम करेंगे तो हम समुद्र की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। यही कारण है कि हम विभिन्न देशों को एक साथ आने और अभ्यास में भाग लेने के लिए एक मंच देना चाहते हैं।

वाइस एडमिरल तरुण सोबती बुधवार को विशाखापट्टनम में 19 से 27 फरवरी तक होने वाले बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास 'मिलन' के 12वें संस्करण के बारे में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। वह समुद्री तकनीकी प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे। बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास में 50 से अधिक देश भाग लेंगे। मित्र देशों के 35 युद्धपोत, पनडुब्बियां और 50 विमान हिस्सा लेंगे। समुद्री अभ्यास में हिस्सा लेने वाले सभी देशों के चीन के साथ अपने-अपने संबंध हैं, इसलिए मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि हमारा संदेश चीन के खिलाफ नहीं है। भारत का मानना है कि अगर हम एकजुट होकर काम करें तो समुद्र की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। यही कारण है कि हम विभिन्न देशों को एक साथ आने और इसमें भाग लेने के लिए एक मंच देना चाहते हैं। नौसेना उप प्रमुख ने बताया कि विशेष फोकस क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय समुद्री सेमिनार रहेगा, जिसमें हम विभिन्न लोगों को विभिन्न विषयों के तहत अपने विचारों के साथ योगदान करने के लिए आमंत्रित करेंगे।

वाइस एडमिरल तरुण सोबती ने कहा कि भारतीय नौसेना मिलन अभ्यास के जरिये समुद्री गतिविधि में दुनिया भर के मित्रवत देशों को साझेदारी करने के लिए प्रयास कर रही है। इस वर्ष विशाखापत्तनम में हो रहे अभ्यास मिलन में अंतरराष्ट्रीय समुद्री प्रदर्शनी, एक समुद्री तकनीकी प्रदर्शनी, एक शहर परेड की योजना बनाई गई है। मिलन अभ्यास हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग और सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दुबई में मेडागास्कर के राष्ट्रपति से मुलाकात की




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन से इतर मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे मैत्रीपूर्ण संबंधों और प्राचीन भौगोलिक संबंधों को मान्यता दी। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की और संयुक्त राष्ट्र सहित विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग की सराहना की।प्रधानमंत्री ने भारत-मेडागास्कर साझेदारी को और मजबूत करने और विजन सागर - क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि हिंद महासागर क्षेत्र में एक साथी विकासशील देश के रूप में, भारत मेडागास्कर की विकास यात्रा में एक प्रतिबद्ध भागीदार बना रहेगा।

# वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने किया एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की अलीगंज शाखा का उद्घाटन

**कस्बों में पहुंच एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को बनाती है खास**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारत के अग्रणी स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएफबी), एयू एसएफबी ने लखनऊ में आज अपनी तीसरी शाखा का अलीगंज में परिचालन शुरू कर दिया है। इसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के कर कमलों द्वारा हुआ।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का यह लॉन्च बैंकिंग क्षेत्र में उभरती व्यावसायिक संभावनाओं को बढ़ावा देना और शहर भर में तकनीक-संचालित वित्तीय सेवाओं को लाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस शाखा के शुभारंभ के साथ, एयू एसएफबी के पास अब पूरे उत्तर प्रदेश में कुल 20 बैंकिंग शाखाएं हैं। इस खास अवसर पर बोलते हुए, उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री, सुरेश कुमार खन्ना ने कहा, एयू एसएफबी की मजबूत वित्तीय स्थिति हमें इनकी मजबूत बुनियाद पर काफी भरोसा दिलाती है। इन्होंने एक बैंक के रूप में सात साल से भी कम समय में 80,000 करोड़ रुपये का जमा आधार बनाया है जबकि क्रेडिट डिपॉजिट रेश्यो 83 प्रतिशत कायम रखा गया जो की सराहनीय है। इतने कम समय में एक लाख करोड़ की बैलेंस शीट बनाना भी बड़ी बात है। अलीगंज शाखा के साथ, बैंक 1050 बैंकिंग टचप्वाइंट के बेंचमार्क तक पहुंच गया है जो देश भर में और हमारे राज्य में उनकी विकास कहानी का प्रमाण है। मुझे यकीन है कि इस शाखा के लॉन्च से लखनऊ को काफी फायदा होगा क्योंकि लखनऊवासियों को बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला मिलेगी। टीम एयू को शुभकामनाएं! उत्तर प्रदेश में बैंकिंग सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के कार्यकारी निदेशक, उत्तम टिबरेवाल ने कहा की, उत्तर प्रदेश विशाल संभावनाओं वाला एक उभरता हुआ बाजार है। हम पिछले चार वर्षों से इस विकास यात्रा का हिस्सा हैं जब हमने राज्य को अपनी बदलाव उन्मुख बैंकिंग की पेशकश शुरू की थी।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने किए मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन

**महंत डॉ. नरेशपुरी ने राष्ट्रपति को भेंट की बालाजी की तस्वीर**

एजेंसी



**दौसा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को उत्तर भारत के बड़े धर्मस्थलों में प्रसिद्ध मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन किए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उनके साथ रहे। बालाजी महंत डॉक्टर नरेशपुरी महाराज ने मंदिर में राष्ट्रपति की अगवानी की और उन्हें विशेष पूजा-अर्चना करवाई। मुर्मू देश की पहली राष्ट्रपति हैं, जो बालाजी के दर्शन करने यहां पहुंचीं। उनकी यात्रा को लेकर बालाजी मंदिर में विशेष बंदोबस्त किए गए।

प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति सुबह साढ़े नौ बजे सांगानेर एयरपोर्ट से रवाना होकर मीन भगवान मंदिर के पीछे बने हैलीपैड पर हेलीकॉप्टर से लैंड हुईं। राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर सहित चार हेलीकॉप्टर कड़ी सुरक्षा के बीच हैलीपेड पर उतरे। एक हेलीकॉप्टर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा यहां पहुंचे। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू बुधवार सुबह वायु सेना के हेलीकॉप्टर से मेहंदीपुर बालाजी पहुंचीं। उन्होंने बालाजी मंदिर में दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना करते हुए देश के खुशहाल होने की कामना की। बालाजी मंदिर में ट्रस्ट के महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने उन्हें बालाजी की तस्वीर भेंट की। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर बालाजी मंदिर की आकर्षक सजावट की गई।

मंदिर के गर्भगृह को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया। मंदिर परिसर में शिव परिवार, समुद्र मंथन व हनुमानजी के चित्रण समेत कई झांकियां सजाई गईं। मंदिर के बाहर रेड कॉरपेट बिछाई गई। मंदिर परिसर में राष्ट्रपति के स्वागत में लाल फूलों से बना वेलकम लिखा हुआ डेकोरेशन भी कराया गया। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन पूरी तरीके से अलर्ट मोड पर रहा और चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर बालाजी क्षेत्र में पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों के 1200 से ज्यादा जवान तैनात किए गए।

बालाजी कस्बे से जुड़े सभी रास्तों को सील कर पुलिस तैनात की गई। मुख्य बाजार व गलियों के मुहाने जवानों की तैनातगी के साथ होटल, गेस्ट हाउस व धर्मशालाओं की छतों से भी सख्त निगरानी रखी गई। साथ ही चिकित्सकों की टीम भी तैनात की गई। मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना व स्वागत कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति सवा ग्यारह बजे वापस जयपुर के लिए रवाना हो गईं। इसके बाद राष्ट्रपति बांसवाड़ा के बेणेश्वर धाम में होने वाले लखपति दीदी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उदयपुर के लिए रवाना हो गईं।

## खबरें एक नजर में

### चौली एस्थेटिक्स और वेलनेस सेंटर का शुभारंभ




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** स्वास्थ्य, सौंदर्य के लिए प्रतिष्ठित पचौली एस्थेटिक्स और वेलनेस का लखनऊ में दूसरे क्लीनिक का शुभारंभ किया गया पचौली एस्थेटिक्स एंड वेलनेस के अलीगंज क्लीनिक का उद्घाटन बॉलीवुड की प्रसिद्ध गायिका शिबानी कश्यप के द्वारा किया गया। इस उद्घाटन समारोह में प्रतिष्ठित डॉ0 प्रीति सेठ पचौली ग्रुप के संस्थापक और मेंटर, डॉ0 रितु जैन ब्राइट फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की संस्थापक और प्रबंध निदेशक तथा डॉ0 मनीष जैन उपस्थित रहे। शहर से प्राप्त अत्यधिक विश्वास और प्रेम ने डॉ0 प्रीति सेठ को पहले क्लीनिक की सफलता के बाद अलीगंज में वेलनेस सेंटर का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया जो कि गोमती नगर में पहले क्लिनिक की सफलता के बाद किया गया था। क्लीनिक का उद्घाटन प्रमुख बॉलीवुड गायिका शिबानी कश्यप की उपस्थिति में हुआ जिनकी मधुर आवाज ने इस आयोजन में चार चांद लगा दिए। अलीगंज क्लिनिक में क्राइो टी शॉक, फोकस लिफ्ट, एमएनआरएफ, क्यू स्विच लेजर, त्रिपल वेवलेंथ लेजर, स्मार्ट मिरर, और मीरा फ्रैक जैसी कटिंग-एज तकनीकों का शानदार संगठन है। क्रांतिकारी एआई आधारित स्मार्ट मिरर त्वचा की स्थिति का मूल्यांकन करता है और भविष्य में उत्पन्न होने वाली चिंताओं को पूर्वानुमान करता है। मीरा फ्रैक एक अद्वितीय त्वचा पुनर्जीवन तकनीक है, जो एक उन्नत बिना स्पर्श उपचार प्रदान करता है जो त्वचा की गुणवत्ता को सुधारता है और पर्यावरणीय चुनौतियों के सामने त्वचा में ऑक्सीजन और पोषण को घोलता है।

### प्रचंड बदलेंगे अपनी पार्टी का नाम, समाजवादी रखने की तैयारी

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने अपनी पार्टी का नाम बदलने का प्रस्ताव किया है। अब तक माओवादी पार्टी के नाम से पहचानी जाने वाली पार्टी के नाम से अब माओवादी शब्द को हटाकर समाजवादी रखने की तैयारी है। माओवादी पार्टी की काठमांडू में चल रहे विधान अधिवेशन के दौरान पार्टी के अध्यक्ष तथा प्रधानमंत्री प्रचंड ने पार्टी का नाम और झंडा बदलने का प्रस्ताव रखा है। प्रचंड ने कहा कि पार्टी के नाम में माओवादी शब्द से देश के भीतर और अन्तरराष्ट्रीय रूप से भी लोगों के देखने का नजरिया सकारात्मक नहीं है। उन्होंने पार्टी का नाम बदलने के पक्ष में दलील देते हुए कहा कि नाम बदलने से ना सिर्फ हमारी छवि में बदलाव होगा, बल्कि हमें देखने का विश्व का नजरिया बदलेगा और कई दलों के साथ एकता के लिए रास्ता भी खुल जाएगा।पार्टी का नाम और झंडा बदलने का प्रस्ताव विधान अधिवेशन में रखने से पहले ही इसे पार्टी की स्टैंडिंग कमिटी, पोलिट ब्यूरो और सेंट्रल कमिटी से पारित कराया जा चुका है। पार्टी की उपाध्यक्ष पम्फा भूषाल ने कहा कि पार्टी के नाम में समाजवादी शब्द जोड़ने पर लगभग सहमति बन गई है।

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**बहरमपुर।** सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। घटना बुधवार दोपहर बहरमपुर थाने के चरतला इलाके की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतकों की पहचान नाम मोहम्मद हसनुर रहमान (29), स्नेहनुर्नेश इस्लाम (26) और उनका बेटा राहत रहमान (05) के रूप में हुई है। उनका घर मुर्शिदाबाद के बड़ञा थाने के गोपीपुर गांव में है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतकों में पति-पत्नी और उनके बच्चे हैं। हसनु बुधवार दोपहर अपनी पत्नी और बेटे के साथ कांदी-बहरमपुर राजमार्ग पर अपनी स्कूटी से बहरमपुर में एक डॉक्टर को दिखाने जा रहे थे। तभी बहरमपुर से कांदी की ओर जाते समय एक खाली डंपर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे तीन सवार स्कूटर से नीचे गिर गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### मोहल्ला बसें चलाने की तैयारी, 20 दिनों में संचालन होगा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि अगले 15 से 20 दिन में दिल्ली में मोहल्ला बसों को उतारा जाएगा। यह इलेक्ट्रिक बसें 9 मीटर की होंगी जो गलियों में आसानी से गुजर सकेंगी। इससे लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले दिल्ली सरकार के इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े में बुधवार को 350 और इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया गया। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि दिल्ली में विभिन्न कॉलोनियां ऐसी हैं जहां पर बसें नहीं जा पाती है। लोगों को कई किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ता है। अभी जो दिल्ली में बसें चल रही हैं ये 12 मीटर की हैं, जो मोहल्ला बसें अगले 15 से 20 दिन में दिल्ली में उतारी जाएंगी। वह 9 मीटर की होंगी। इससे बसें आसानी से गलियों में घूम सकेंगी। इन बसों में भी महिलाओं और ट्रांसजेंडर के लिए सफर फ्री होगा।

# बच्चों का रुम साफ करने के लिए आजमाएं यह पांच तरीके



बच्चे अपना ज्यादातर समय कमरे में ही बिताते हैं। खेलने से लेकर पढ़ना, सोना जैसे हर कम ज्यादातर बच्चे अपने कमरे में ही करते हैं। इन सबके चलते बच्चों का कमरा गंदा होने लगता है। कई बार बच्चों के कमरे की सफाई करना पेरेंट्स को बहुत बुरा लगता है। ऐसे में आज आपको कुछ ऐसे आसान से टिप्स बताते हैं जिनके जरिए आप फटाफट से बच्चों का कमरा साफकर सकते हैं। आइए जानते हैं।

### कमरे में रखें कम सामान

बच्चे एक समय पर कुछ ही या फिर अपने मनपसंदीदा खिलौनों के साथ खेलते हैं। ऐसे में उनके पुराने खिलौने इधर-उधर पड़े रहते हैं जिसके कारण कमरा गंदा दिखने लगता है। बच्चों के कमरे को साफकरने के लिए आप उनके पुराने खिलौनों को स्टोर रुम में रखें। इससे बच्चों के कमरे में अनचाही चीजें नहीं होंगी और सामान भी कम बिखरेगा। ऐसे में आप बच्चों को कमरा आसानी से ऑर्गेनाइज करके रख सकते हैं।

### ब्लैकबॉर्ड लगाएं

छोटे बच्चों को कमरे की दीवारों पर ड्राइंग बनाना अच्छा लगता है। इसके चलते वह कमरे की दीवारों पर ही ड्राइंग करनी शुरु कर देते हैं जिसके कारण यह गंदी हो जाती है। दीवारों को साफकरने के लिए बहुत साफकरने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। ऐसे में आप उनके कमरे में एक ब्लैकबॉर्ड लगा दें। ऐसे में बच्चे उसी पर ड्राइंग करेंगे और दीवारें भी गंदी नहीं होगी।

### टॉय बॉस्केट रख दें

बच्चों के खिलौने रखने के लिए पेरेंट्स अक्सर अलमारी लगाते हैं लेकिन छोटे बच्चे अलमारी में खिलौनों को सही तरह से नहीं रख पाते। ऐसे में इस परेशानी को सुलझाते हुए आप बच्चों के कमरे में एक टॉय बॉस्केट रख दें। इससे बच्चों के सभी खिलौनें में बॉस्केट भर देंगे। और कमरे को भी लुक बेहतर दिखने लगेगा।

### बच्चों की लें मदद

बच्चों का कमरा साफकरते हुए आप उनकी हेल्प ले सकते हैं। इससे बच्चे भी चीजों को सही जगह पर रखना सीखेंगे। खुद सफाई करने के बाद बच्चे खिनौ भी कम बिखेरेंगे और ज्यादा से ज्यादा अपने कमरे को साफरखने की कोशिश करेंगे। कमरे को साफसुथरा रखना धीरे-धीरे बच्चों की आदत बन जाएगी।

### इस तरह से रखें कपड़ें

पेरेंट्स बच्चों के कपड़े की अलमारी को भी पूरी तरह से अरेंज करके रखते हैं। लेकिन बच्चे एक कपड़ा निकालने के साथ सारे कपड़ों को ही बिखेर देते हैं। ऐसे में बच्चों को डेली वियर ड्रेसेज को एक जगह रखें और पार्टी वियर व ओकेजनल ड्रेसेज को अलग जगह रखें। इससे बच्चे कपड़े निकालते हुए उन्हें बिखार भी नहीं पाएंगे। इसके अलावा आप चाहें तो कपड़ों को हैंगर में भी टांग सकते हैं।

# डायबिटीज रोगियों के लिए वरदान है अमरूद



मौसम में बदलाव होना शुरु हो गया है। बदलते मौसम का असर सबसे पहले स्वास्थ्य पर पड़ता है। इस मौसम में सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार जैसी समस्याएं होने लगती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो तापमान गिरने के कारण शरीर भी शुष्क रहता है जिसके कारण प्यास भी कम लगती है। हालांकि कम पानी पीने के कारण शरीर में पानी की कमी होने लगती है। इस मौसम में स्वस्थ रहने के लिए मौसमी फलों का सेवन करें। इस मौसम में ऐसे कई फल आते हैं जिनमें पानी काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है उन्हीं फलों में से एक है अमरुद। अमरुद स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है। तो चलिए इस आर्टिकल के जरिए आपको बताते हैं कि इसका सेवन करने से क्या-क्या स्वास्थ्य लाभ होंगे।

**डायबिटीज रोगियों के लिए लाभकारी**

अमरुद में ग्लाइसेमिक इंडेक्स बहुत कम मात्रा में मौजूद होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से शुगर नहीं बढ़ती। अमरुद में फाइबर भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। डायबिटीज जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे लोग इसका सेवन कर सकते हैं। हालांकि इसका सेवन कितनी मात्रा में करना चाहिए इस बारे में एक बार डॉक्टर की सलाह ले लें।

**वजन रहेगा कंट्रोल**

यदि आप बढ़ते वजन से परेशान है और इसे कंट्रोल में करना चाहते हैं तो अमरुद को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। अमरुद का सेवन करने से बढ़ते वजन को आसानी से कंट्रोल में किया जा सकता है। इसमें डाइटरी फाइबर काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। अमरुद का सेवन करने से मेटाबॉल्जिम बूस्ट होता है। इसके अलावा क्रेविंग की समस्या से भी राहत मिलती है।

**इम्यूनिटी बनेगी मजबूत**

बदलते मौसम में इम्यूनिटी कमजोर होने के कारण भी शरीर स्वास्थ्य समस्याओं से घिरने लगता है। ऐसे में विटामिन-सी युक्त फूड्स यानी की अमरुद को अपनी डाइट में शामिल करके आप इम्यूनिटी को मजबूत बना सकते हैं। अमरुद का सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत बनती है।

**कब्ज में मिलेगा आराम**

खराब लाइफस्टाइल, गलत खानपान के कारण भी कब्ज की समस्या होने लगती है। ऐसे में यदि आप भी कब्ज से जूझ रहे हैं और इससे राहत पाना चाहते हैं तो रोजाना अमरूद का सेवन करें। इस मौसम में अमरूद खाने से पाचन तंत्र मजबूत बनता है। इसमें डाइटरी फाइबर काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। इसलिए डॉक्टर रोजाना सुबह अमरूद खाने की सलाह देते हैं ।

**तनाव होगा दूर**

अमरूद में मैग्नीशियम काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से तनाव दूर होता है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो मैग्नीशियम तनाव दूर करने में मदद करता है।

**त्वचा पर नहीं दिखेगा असर**

अमरुद में हाई एंटीऑक्सीडेंट्स प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं। ऐसे में यह शरीर को ऑक्सीडेशन की प्रक्रिया को धीमा करने में मदद करता है। अमरुद का सेवन करने से त्वचा पर बढ़ती उम्र का असर कम होता है और आप सालों तक जवां दिखती हैं।